CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 27-12-2025 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAHFP User: cci Time: 12-26-2025 22:55 Color:

नई दिल्ली > शनिवार, 27 दिसंबर 2025 > पौष 6, शक संवत 1947, पौष शुक्ल सप्तमी, विक्रम संवत 2082

WATCH GOD WATCHDOG

वर्ष 79, संख्या 308 > पेज 20* > मूल्य ₹5.00 या ₹11.50* द टाइम्स ऑफ इंडिया सहित

www.nbt.in



गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व की लख-लख वधाइयां

NBT नवभारत टाइम्स

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।

मशहूर शायर मिर्ज़ा ग़ालिब का जन्मदिन भी है आज

2026 नई उम्मीद

आज याद कीजिए 2025 के उतार-चढ़ावों को, जिन्होंने कभी हमें गर्व से भर दिया तो कभी आंखों में आंसू आ गए। अंतरिक्ष में तिरंगा फहराने से लेकर क्रिकेट में जीत का जश्न देखा। आकाश ने GST 2.0 से राहत पाई। पहलगाम हमले और दिल्ली धमाके ने दर्द दिया तो 'ऑपरेशन सिंदूर' से सेना ने बदला लिया।

देखें पेज 9

सर्राफा

सोना स्टैंडर्ड (99.5 शुद्धता) प्रति 10 ग्राम	
दिल्ली	₹1,42,300 (+1,500)
चांदी .999 टंच प्रति किलो	
दिल्ली	₹2,36,350 (+9,350)

मौसम

अधिकतम तापमान 22.3°

7.7° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय शनिवार 5:33 | सूर्यास्त रविवार 7:13

शनिवार और रविवार सुबह के समय कोहरे का येलो अलर्ट।

'कोविड के बाद वायु प्रदूषण है सेहत पर सबसे बड़ा संकट'

कई नामी डॉक्टरों ने चेताया, लाखों खतरे में

■ पीटीआई, नई दिल्ली

भारत में कोविड के बाद वायु प्रदूषण सेहत के लिए सबसे बड़ा संकट बन चुका है। कई नामी डॉक्टरों ने यह दावा किया है। इनका कहना है कि प्रदूषण से लोगों की सेहत और देश के हेल्थ केयर सिस्टम पर लंबे समय तक असर पड़ेगा। बीते 10 वर्षों में दिल की बीमारी बढ़ने की भी यह बड़ी वजह है। अक्सर हार्ट डिजीज को मोटापे से जोड़ा गया, लेकिन इसमें शहरी ट्रांसपोर्ट से निकलने वाले जहरीले तत्वों की बड़ी भूमिका है। अगर तुरंत और ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो यह समस्या हर साल गंभीर होती जाएगी। लाखों लोग सांस, दिल की बीमारी के शिकार बनेंगे।

'दिल के मरीज बढ़ने का बड़ा कारण वायु प्रदूषण भी है'

इंग्लैंड स्थित लिवरपूल में हेल्थ एक्सपर्ट डॉ. मनीष गौतम ने कहा कि वायु प्रदूषण पर सरकार का नया फोकस जरूरी है। बर्मिंगम में कार्डियोलॉजिस्ट डेरेक ने कहा- प्रदूषित शहरों में मौसम साफ होने पर भी लोगों में महीन प्रदूषक तत्वों से दिल की बीमारी का खतरा है।

लंदन में कार्डियोलॉजिस्ट राजव नारायण ने कहा कि सिरदर्द, थकान, हल्की खांसी, गले में जलन, पाचन में दिक्कत, आंखों में सूखापन, त्वचा पर रैशेज, बार-बार संक्रमण जैसे लक्षण अक्सर मामूली समझकर नजरअंदाज कर दिए जाते हैं, जबकि ये गंभीर बीमारियों के संकेत हो सकते हैं।

Agency

उत्तर भारत में प्रदूषण लाखों लोगों के फेफड़ों को पहले ही गंभीर नुकसान पहुंचा चुका है। फेफड़े की बीमारियों की सुनामी आने वाली है।
-डॉ. मनीष गौतम, लिवरपूल (इंग्लैंड)

20-30% तक बढ़ गए सांस के मरीज इस दिसंबर में दिल्ली के अस्पतालों में, 2022 में देश में प्रदूषण से 17 लाख से ज्यादा मौतें हुईं।

केंद्र बोला-प्यूरिफायर पर हम नहीं, काउंसिल ही घटा सकती है GST

तय प्रक्रिया का पालन किए बिना GST घटाना 'पैंडोरा बॉक्स' (मुसीबतों का पिटारा) खोल सकता है।
-केंद्र सरकार (दिल्ली हाई कोर्ट में)

दिल्ली-NCR में प्रदूषण के बीच केंद्र ने दिल्ली हाई कोर्ट को शुक्रवार को बताया कि वह एयर प्यूरिफायर पर लगने वाले 18% GST को घटाकर 5% क्यों नहीं कर सकते हैं। केंद्र ने कहा कि यह दिल्ली पर एकतरफा टैक्स नहीं, पूरे देश में लागू है। इसमें कटौती के लिए सभी राज्यों के प्रतिनिधित्व वाली GST काउंसिल की सहमति जरूरी है। संविधान में शक्तियों के बटवारे का जिक्र कर कहा कि कोर्ट निर्देश देगा है, तो कानून बनाने के अधिकार में दखल होगा। पेज 2

सेंगर की राहत को CBI ने SC में दी चुनौती

PTI

■ उन्नाव रेप केस में दोषी BJP के पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को दिल्ली हाई कोर्ट से मिली राहत को CBI ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी।

■ CBI ने सुप्रीम कोर्ट से अनुरोध किया है कि सेंगर की उम्रकैद की सजा सस्पेंड करने और उसे जमानत देने का हाई कोर्ट का फैसला रद्द हो।

पीड़िता की मां समेत कई कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को दिल्ली हाई कोर्ट के बाहर प्रदर्शन किया। जंतर मंतर पर कैंडल मार्च भी निकला। पेज 11

जयपुर के चौमूं में

मस्जिद के पास पुलिस पर पथराव

■ पीटीआई, जयपुर: जयपुर के चौमूं कस्बे में मस्जिद के बाहर सड़क किनारे लगाई गई लोहे की रेलिंग हटाने के दौरान पथराव हुआ। इसमें 6 पुलिसकर्मी घायल हुए। पटना शुक्रवार तड़के की है। प्रशासन अतिक्रमण हटाने पहुंचा था, तभी असामाजिक तत्वों ने बवाल मचाया। पुलिस ने 70 लोगों को हिरासत में लिया। इंटरनेट पर भी 24 घंटे की पाबंदी लगाई है।

'विकसित भारत'...PM को Gen Z, अल्फा पर भरोसा

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

ANS

वीर बाल दिवस पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को 20 बच्चों को 'प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार' से सम्मानित किया। इन बच्चों को 18 प्रदेशों से चुना गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी इन बच्चों से मिले। इस दौरान पीएम ने कहा कि Gen Z और Gen अल्फा ही भारत को विकसित भारत के लक्ष्य तक ले जाएंगे। शिक्षा में प्रैक्टिकल लर्निंग पर जोर देते हुए पीएम ने कहा कि रटने के बजाय सोचने, सवाल पूछने और समाधान खोजने की आदत विकसित करनी होगी। हर क्षेत्र में युवाओं के लिए नए अवसर खुल रहे हैं और आने वाले 25 वर्ष भारत की दिशा तय करने वाले हैं। पीएम ने विजेताओं से कहा कि ये उपलब्धियां शुरुआत है। अभी बहुत आगे जाना है।

राष्ट्रपति ने क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी समेत 20 बच्चों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया।

1997 से 2012 के बीच जन्मे युवा Gen Z और इसके बाद की पीढ़ी Gen अल्फा कहलाती है। पेज 10

दिल्ली में कैब शेयरिंग पर मंथन

दिल्ली में ऐप बेस्ड टैक्सी कंपनियों में कैब शेयरिंग सुविधा फिर शुरू हो सकती है। सड़कों से गाड़ियां घटाने के लिए इसपर विचार हो रहा है। साथ ही, कैब सेवाओं में प्राइवेट EV को जोड़ने पर भी चर्चा होगी। पेज 6

मोतीबाग में दो पर चाकू से हमला

साउथ वेस्ट दिल्ली के मोतीबाग पार्क में शुक्रवार सुबह चाकू मारकर कुशल (20) की हत्या कर दी गई, जबकि साथी कार्तिक (19) गंभीर रूप से घायल है। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की। पेज 3

फटाफट खबरें

बांग्लादेश: हिंदू की हत्या पर केंद्र चिंतित

भारत ने बांग्लादेश में हिंदू समेत अल्पसंख्यक समुदाय पर हो रहे अत्याचारों पर चिंता जताई है। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि हिंदू युवक दीपू चंद्र दास की निर्मम हत्या की कड़ी निंदा करते हैं। इन घटनाओं को दरकिनार नहीं किया जा सकता। अंतरिम सरकार के दौर में अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा की 2,900 से ज्यादा घटनाएं सामने आ चुकी हैं। पेज 15

पद्म जैसे सम्मान नाम के साथ नहीं

बॉम्बे हाई कोर्ट ने एक मामले में कहा कि भारत रत्न, पद्म श्री, पद्म भूषण, पद्म विभूषण जैसे सम्मान कोई उपाधि (टाइटल) नहीं हैं। ऐसे में इन्हें किसी के नाम के आगे या पीछे नहीं लगाया जा सकता है। हाई कोर्ट ने 1995 में सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ के फैसले का जिक्र कर कहा कि कानून के अनुसार ऐसा करना गलत होगा।

दिल्ली में जिले अब बढ़कर 13 हुए

दिल्ली में 11 के बजाए 13 जिले हो गए हैं। विभागों में बेहतर समन्वय के लिए MCD के 12 जोन और प्रशासनिक जिलों की संख्या को एक करके 12 जिले बनाए हैं, NDMC और दिल्ली कैंट को मिलाकर 13वां जिला बनाया है। पेज 8

अर्थसार

सेंसेक्स	85,041.45 (-367.25)
निफ्टी	26,042.30 (-99.80)
रु/यूएस डॉलर	88.63 (-0.12)
रु/यूरो	102.83 (-0.30)

Mercedes-Benz Certified Care, now in Gurugram.

Seamless Mercedes-Benz service, closer than ever.

Global Star
Udyog Vihar Phase 1, Gurugram

Silver Arrows
8 IDC, Sector 14, MG Road, Gurugram

T&T Motors
Sector 35, Gurugram

Locate your nearest touchpoint.

T&T Motors - Sector 35, Gurugram; Tel: 0-7400025000
Silver Arrows - 8 IDC, Sector 14, MG Road, Gurugram; Tel: 0-9999200500
Global Star - Udyog Vihar Phase 1, Gurugram; Tel: 0-9971300600

The map locations provided are for general informational purposes only and are intended to assist customers in locating Mercedes-Benz authorized Dealers. Actual store locations, hours of operation, and availability may vary without notice. Scan the QR for more information on Mercedes-Benz authorized Dealer locations.

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 27-12-2025 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH10 User: cci Time: 12-26-2025 23:15 Color:

फटाफट खबरें

कश्मीर: मीरवाइज की नजरबंदी का दावा

■ भाषा, श्रीनगर : हुर्रियत कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष मीरवाइज उमर फारूक को शुक्रवार को कथित रूप से नजरबंद कर दिया गया, जिस वजह से वह जामा मस्जिद में नमाज अदा नहीं कर पाए। उनके कार्यालय ने यह जानकारी दी। कश्मीर घाटी में अलगाववादी नेता मीरवाइज ने गुरुवार को 'एक्स' से सर्वदलीय हुर्रियत कॉन्फ्रेंस के अध्यक्षता पदनाम भी हटा दिया। मीरवाइज ने कहा कि उन्हें यह बदलाव करने के लिए विवश होना पड़ा।

राष्ट्र प्रेरणा स्थल मार्ग से गमले चोरी

■ भाषा, लखनऊ : यहां 'राष्ट्र प्रेरणा स्थल' के उद्घाटन के कुछ ही घंटों बाद कार्यक्रम स्थल जाने वाले मार्ग पर लगाए गए गमले चोरी हो गए। प्रेरणा स्थल का गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उद्घाटन किया था। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में लोग गमलों को ले जाते हुए दिखाई दे रहे हैं। कुछ लोग इन गमलों को दोपहिया वाहन पर लादते हुए, कुछ लोग पैदल ही गमले ले जाते दिखाई दे रहे हैं।

राष्ट्रपति सबमरीन में करेंगी यात्रा

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 28 दिसंबर को इंडियन नेवी के सबमरीन में जाएंगी। वे सबमरीन में सी-सॉर्टी करेंगी। इसके लिए राष्ट्रपति कारवार जाएंगी। वहां नेवी के कलवरी क्लास सबमरीन में राष्ट्रपति जाएंगी। राष्ट्रपति पिछले साल नेवी के पहले स्वदेशी एयरक्राफ्ट कैरियर में भी गई थीं। इसी साल अक्टूबर में राष्ट्रपति ने एयरफोर्स के फाइटर जेट रफाल में भी उड़ान भरी थी।

किसी ने की भारत-पाक बॉर्डर पर सेना की मदद, किसी ने दूसरों को बचाने के लिए दे दी जान... ऐसे 20 बच्चों को राष्ट्रपति से मिला सम्मान

नन्हे नायकों की वीरता को देश का सलाम

Hemwati.Rajaura1
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत-पाक सीमा पर तैनात जवानों की सेवा करने वाला पंजाब का श्रवण हो, दोस्त को बचाने में अपनी जान गंवाने वाली तमिलनाडु की व्योमा या मगरमच्छ से पिता की जान बचाने वाला आगरा का अजय, देश के कोने-कोने से आए इन बच्चों ने साहस, संवेदना और संकल्प की ऐसी मिसाल पेश की, जिससे पूरा देश गर्व से भर गया। वीर बाल दिवस पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 20 बच्चों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया, जिनकी कहानियां भारत के उज्ज्वल भविष्य की झलक पेश करती हैं।

6 साल के बच्चे को बचाने में गई थी व्योमा की जान

अपनी बेटी की तरफ से बाल पुरस्कार लेते हुए तमिलनाडु की अर्चना शिवरामकृष्णन कहती हैं, 'बेटी व्योमा प्रिया 8 साल की थी, जब अपार्टमेंट के बच्चों के साथ पार्क में खेल रही थी। पार्क में एक स्लाइड टूटी हुई अंडरग्राउंड केबल के ऊपर लगी थी। स्लाइड में करंट आ गया था। वहां खेल रहा 6 साल का बच्चा उस पर गिर गया। व्योमा ने उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन वह खुद करंट की चपेट में आ गई। हमारे लिए यह अवॉर्ड मिलना एक दुख और खुशी का मिला-जुला पल है। काश वह खुद यह अवॉर्ड लेने के लिए यहां होती।

सिद्दान ने दोस्त को तो अजय ने बचाया अपने पिता को

केरल के पलक्कड़ के 11 साल के मोहम्मद सिद्दान के दो दोस्तों को करंट लग गया था। उन्होंने लकड़ी की मदद से उनकी जान बचाई। आगरा के 9 साल के अजय ने अपने पिता को मगरमच्छ की पकड़ से बचाया था। उन्होंने लकड़ी से वार कर मगरमच्छ को भगाया था।

विजेता बच्चों को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि वीर बाल दिवस गुरु गोबिंद सिंह के चार साहिबजादों की शहादत के सम्मान में मनाया जाता है। यह आपकी उपलब्धियों की शुरुआत है। आपको अपने सपनों को आसमान तक ले जाना है। आप भाग्यशाली हैं कि ऐसी पीढ़ी में जन्मे हैं, जहां देश आपकी प्रतिभा के साथ मजबूती से खड़ा है।

TOI

प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार समारोह में स्कूली बच्चे भी शामिल हुए।

दूसरे की जान बचाने के लिए कमलेश ने गंवा दी जान

बिहार के कमलेश कुमार को (मरणोपरांत) यह पुरस्कार मिला। दुर्गावती नदी में एक बच्चा बह गया। कमलेश उसे बचाने नदी में कूद गए। इसमें उनकी जान चली गई।

कई रेकॉर्ड बना चुके क्रिकेटर वैभव भी हुए पुरस्कृत

बिहार के 14 साल के वैभव सूर्यवंशी क्रिकेट में अब तक कई रेकॉर्ड अपने नाम कर चुके हैं। अंडर-19 वर्ल्ड-कप में वैभव ने सबसे ज्यादा छक्के मारे थे। विजय हजारे टूर्नामेंट में वैभव लिस्ट-A क्रिकेट में शतक लगाने वाले दुनिया के सबसे युवा खिलाड़ी बन गए। उन्होंने पाकिस्तान के जहूर इलाही का 39 साल पुराना रेकॉर्ड तोड़ दिया।

छत्तीसगढ़ की योगिता को मिला खेल के लिए पुरस्कार

छत्तीसगढ़ के कोण्डागांव की रहने वाली 14 साल की योगिता मंडावी को खेल में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया। योगिता ने अपने माता-पिता को बचपन में ही खो दिया था। योगिता जन्म से ही नक्सल प्रभावित इलाके में रहीं। हालांकि, अब यह क्षेत्र नक्सल मुक्त हो चुका है। योगिता राष्ट्रीय स्तर की जूडो खिलाड़ी है।

सबसे ऊंची चोटियां फतह करने पर पदकति सम्मानित

तेलंगाना के रहने वाले 16 साल के विश्वनाथ कार्तिकेय पदकति ने 16 साल की उम्र में सेवन समिट्स (सात महाद्वीपों की सबसे ऊंची चोटियों) को फतह कर भारत के सबसे कम उम्र के और दुनिया के दूसरे सबसे कम उम्र के व्यक्ति बनकर इतिहास रचा। यह रेकॉर्ड 27 मई 2025 को माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने के साथ पूरा हुआ।

पूजा ने वायु प्रदूषण कम करने वाली मशीन बनाई

उत्तर प्रदेश के बाराबंकी की रहने वाली 17 साल की पूजा को पर्यावरण के क्षेत्र में पुरस्कार मिला। पूजा के पिता मजदूर हैं और मां सरकारी स्कूल में खाना बनाती हैं। पूजा ने एक बिना धूल वाली थ्रेसर मशीन बनाई है जो वायु प्रदूषण रोकने में कारगर है।

मजदूर की बेटी जोशना ने वेट लिफ्टिंग में बनाया रेकॉर्ड

उड़ीसा के गजपति की जोशना साबर को खेल के क्षेत्र में पुरस्कार मिला। जोशना ने एशियाई यूथ वेट लिफ्टिंग के 40 किलो वेट कैटिगरी में रेकॉर्ड बनाया। जोशना के पिता मजदूरी करते हैं। वहीं, आंध्र प्रदेश की 17 साल की शिवानी होसरू उप्पारा दिव्यांग पैरा एथलीट है। खेल के क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए बाल पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

साइंस में योगदान के लिए अर्णव को पुरस्कार

महाराष्ट्र के 17 साल के अर्णव महर्षि को साइंस कैटिगरी में पुरस्कार मिला। अर्णव बोले- मुझे यह पुरस्कार मेरे दो इनोवेशन के लिए इनोवेशन कैटिगरी में मिला है। उनमें से एक AI सॉफ्टवेयर एप्लीकेशन है, जिसे भारत सरकार द्वारा पेटेंट और कॉपीराइट भी किया गया है।

आयशी ने वेस्ट पेपर से पेंसिल की मशीन बनाई

असम की आयशी प्रिशा बोराह ने वेस्ट पेपर से पेंसिल बनाने की मशीन बनाई और अखबारों का इस्तेमाल करके मल्च बनाया। साथ ही, वेस्टवॉटर को रीसायकल करने और उसे ग्राउंडवॉटर में बदलने का सिस्टम भी डेवलप किया।

मजदूर की बेटी को फुटबॉल में योगदान के लिए सम्मान

झारखंड की 14 साल की फुटबॉलर अनुष्का को खेल कैटिगरी में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार मिला। अनुष्का की मां दिहाड़ी मजदूर हैं और पिता बीमार रहते हैं। अनुष्का को अंडर 17 महिला फुटबॉल टीम में शामिल किया गया है।

माता-पिता को खो चुका वंश समाज सेवा के लिए पुरस्कृत

चंडीगढ़ के 17 साल के वंश तायल को सामाजिक सेवा के लिए पुरस्कार मिला। वंश को परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम में भाग लेने के लिए प्रशंसा पत्र मिल चुका है। वंश के माता-पिता नहीं है और उसका पालन यूटी प्रशासन के स्नेहालय की ओर किया गया है। वंश स्नेहालय में ही रहते हैं।

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान श्रवण ने भारतीय सेना को पहुंचाई दूध-चाय

फिरोजपुर पंजाब के श्रवण सिंह महज 10 साल के हैं। श्रवण ने कहा, जब पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर शुरू हुआ तो सैनिक हमारे गांव आए। मैंने सोचा कि मुझे उनकी सेवा करनी चाहिए। मैं उनके लिए दूध, चाय, छाछ, मिठाई और बर्फ ले जाता था। मुझे अवॉर्ड पाकर बहुत अच्छा लग रहा है। मैंने कभी इसका सपना भी नहीं देखा था।

गुजरात की 7 साल की ग्रैंडमास्टर वाका लक्ष्मी प्रज्ञिका को बाल पुरस्कार

गुजरात के सूरत की रहने वाली 7 साल की शतरंज खिलाड़ी वाका लक्ष्मी प्रज्ञिका को खेल के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए वीर बाल दिवस पर राष्ट्रपति के हाथों यह पुरस्कार मिला। लक्ष्मी 2025 के फिडे वर्ल्ड स्कूल चेस चैंपियनशिप में अंडर-7 गर्ल्स श्रेणी में वर्ल्ड चैंपियन बनीं। उन्होंने सभी 9 मुकाबले जीतकर स्वर्ण पदक हासिल किया।

डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर कॉर्पोरेशन ऑफ इण्डिया लिमिटेड
भारत सरकार का उपक्रम (रेल मंत्रालय)

अभिरुचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित करने हेतु सूचना

कार्य का नाम: डीएफसीसीआईएल स्टेशन के साथ बल्क सिमेंट हैंडलिंग टर्मिनलों के विकास के लिए अभिरुचि की अभिव्यक्ति (ई ओ आई)।
डीएफसीसीआईएल द्वारा रेलवे/डीएफसीसीआईएल की भूमि पर पूर्ण या आंशिक रूप से **बल्क सीमेंट हैंडलिंग टर्मिनलों** के विकास हेतु योग्य पक्षों से अभिरुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) आमंत्रित किया जाता है। इस पहल का उद्देश्य डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर्स (डीएफसी) द्वारा प्रदान की जाने वाली उच्च क्षमता और उच्च गति रेल कनेक्टिविटी का लाभ उठाकर बल्क सीमेंट के संचालन हेतु कुशल और तकनीकी रूप से उन्नत टर्मिनलों को स्थापित करने में निजी क्षेत्र की भागीदारी को प्रोत्साहित करना है। संपूर्ण ईओआई दस्तावेज डीएफसीसीआईएल की आधिकारिक वेबसाइट **www.dfccil.com** पर देखा जा सकता है। ईओआई में कोई भी संशोधन/परिवर्तन होने पर उसे केवल वेबसाइट पर ही अपलोड किया जाएगा। इच्छुक आवेदक ईओआई दस्तावेज में निर्दिष्ट तिथि को रात 12:00 बजे तक अपना प्रस्ताव प्रस्तुत कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए roshansingh@dfcc.co.in पर संपर्क करें।

केरल में BJP का पहला मेयर, वीवी राजेश ने तिरुवनंतपुरम में रचा इतिहास

■ भाषा, तिरुवनंतपुरम

- BJP ने 101 वॉर्डों में से 50 पर जीत हासिल की।
- निर्दलीय पार्षद के समर्थन से मिला पार्टी को मेयर का पद।

बीजेपी नेता वीवी राजेश शुक्रवार को तिरुवनंतपुरम नगर निगम के महापौर निर्वाचित हुए। पार्टी ने निगम के 101 वॉर्डों में से 50 पर जीत हासिल की है, जो केरल के किसी नगर निगम में उसकी पहली जीत है।

महापौर चुनाव शुक्रवार को हुआ। इसमें राजेश को एक निर्दलीय पार्षद के समर्थन सहित कुल 51 वोट मिले। वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) के पी शिवाजी को 29 वोट मिले, जबकि संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) उम्मीदवार के एस सबरीनाथन को 19 वोट प्राप्त हुए जिनमें से दो को बाद में अवैध घोषित कर दिया गया। तिरुवनंतपुरम निगम कार्यालय में राज्य अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर, पूर्व केंद्रीय मंत्री वी मुरलीधरन और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष के सुरेंद्रन जैसे वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में राजेश ने महापौर पद की शपथ ली। बीजेपी ने करीब चार दशकों के एलडीएफ शासन को समाप्त कर निगम की सत्ता हासिल की है।

मोदी ने संथाली भाषा में संविधान को सराहा

■ भाषा, नई दिल्ली : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संथाली भाषा में संविधान के विमोचन को सराहनीय प्रयास बताया। साथ ही कहा कि इससे संविधान के प्रति जागरूकता और लोकतांत्रिक भागीदारी को बढ़ावा मिलेगा। मोदी ने शुक्रवार को 'एक्स' पर पोस्ट में यह भी कहा कि देश की संथाली संस्कृति और राष्ट्र की प्रगति में संथाली लोगों के योगदान पर गर्व है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गुरुवार को यहां एक समारोह में संथाली भाषा में भारत के संविधान का विमोचन किया था।

पहलगाम हमले को लेकर इंटरनैशनल 'कठघरे' में दिखेगा पाकिस्तान: शाह

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम की बैसरन घाटी में 22 अप्रैल को पाकिस्तानी आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैबा और टीआरएफ द्वारा किए गए आतंकी हमले की जांच के नतीजे इंटरनैशनल प्लैटफॉर्म पर पाकिस्तान को कठघरे में खड़ा करेंगे। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने यह बात शुक्रवार से एनआईए द्वारा आयोजित दो दिवसीय 'आतंकवाद विरोधी सम्मेलन-2025' सम्मेलन में बतौर चीफ गेस्ट कही।

केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने कहा कि बैसरन घाटी टेरर अटैक ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया था। लेकिन, हमारी एजेंसियों ने अत्यंत सटीक खुफिया जानकारी के आधार पर तीनों आतंकवादियों को मार गिराते हुए पाकिस्तान को कड़ा संदेश दिया था।

उन्होंने कहा कि देश में यह पहली ऐसी आतंकी घटना है, जिसमें आतंकी हमले की साजिश रचने वालों को 'ऑपरेशन सिंदूर' के जरिए सजा दी गई। और जिन्हें हथियार मुहैया कराए गए थे उन्हें 'ऑपरेशन महादेव' के जरिए ढेर कर दिया गया। इससे पाकिस्तान के आकाओं को दोनों छोर पर करारा और मुंहतोड़ जवाब दिया गया।

उन्होंने कहा कि हमारी टीम ने पहलगाम आतंकी हमले की पूरी और सफल जांच की है, जिसका आने वाले दिनों में दुनिया भर की एजेंसियां अध्ययन करेंगी। पहलगाम हमले की जांच के नतीजे अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पाकिस्तान को कटघरे में खड़ा कर देंगे।

NIA द्वारा आयोजित आतंकवाद विरोधी सम्मेलन में अमित शाह।

शाह ने साइबर युद्ध से निपटने के लिए एक मजबूत राष्ट्रीय ग्रिड बनाने की बात कही।

दिल्ली ब्लास्ट का जिक्र

शाह ने दिल्ली टेरर अटैक को लेकर कहा कि जम्मू-कश्मीर पुलिस ने घटना की शानदार जांच की। धमाका होने से पहले ही साजिश में शामिल पूरी टीम को पकड़ लिया गया था। सम्मेलन में मौजूद तमाम एजेंसियों के चीफ से शाह ने कई महत्वपूर्ण डेटाबेस तैयार करने समेत अहम दिशा-निर्देश भी जारी किए। उन्होंने गैंगस्टरों और आतंकियों के सिंडिकेट को तोड़ने और खासतौर से विदेश भागकर आतंकी संगठनों से हाथ मिला लेने वाले सिंडिकेट को खत्म करने के लिए सभी राज्यों को NIA, CBI और IB के साथ मिलकर काम करने के लिए कहा। गृहमंत्री ने यह भी कहा कि देश में आतंक और आतंकवादियों से निपटने के लिए एनआईए ने सभी राज्यों के लिए एक समान ATS सिस्टम तैयार किया है। इसे जल्द से जल्द लागू करने के लिए कहा।

पहचान की अपील

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यह व्यक्ति (फोटो में प्रदर्शित) जिसका **नाम:** अज्ञात, **पुत्र:** अज्ञात, **पता:** अज्ञात, **उम्र:** 60–65 साल, **लिंग:** पुरुष, **कद:** 5 फुट 8 इंच, **चेहरा:** लम्बा, **रंग:** सांवला, **शरीर:** पतला, **पहनावा:** सफेद चेक वाली गहरे रंग की शर्ट और स्लेटी रंग की पैंट पहने हुए, **दिनांक 22.12.2025 को सुबह 08:37 बजे प्लेटफॉर्म नंबर 16, रेलवे पार्किंग कश्मीरी गेट साइड, पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन, दिल्ली** पर अचेत मिला, फिर डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया, **थाना अन्तर्गत पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन, दिल्ली।**
इस संदर्भ में **DD No.11A, दिनांक 22.12.2025,** थाना पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन, दिल्ली में दर्ज है।
हर संभव कोशिश के बाद भी अब तक इस मृतक व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग नहीं मिल पाया है।
मृतक के पहचान के लिए सब्जी मंडी शवगृह, दिल्ली में 72 घंटे के लिए संरक्षित रखा गया है। यदि किसी भी व्यक्ति को इस मृतक व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते पर सूचित करने की कृपा करें।

थाना प्रभारी
थाना पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन, दिल्ली
फोन: 011-23961522, 8750871302
DP/17364/RLY/2025

गुमशुदा की तलाश

कोमल

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की जिसका **नाम: कोमल पुत्री:** सुरेश, **पता:** WZ-28, गली नं. 01, अशोका पार्क, पंजाबी बाग, नई दिल्ली, **लिंग:** महिला, **उम्र:** 21 साल, **कद:** 5फुट, 3इंच **रंग:** सांवला, **शरीर:** पतला, **चेहरा:** लम्बा, **पहनावा:** नीले रंग का टॉप, जीन्स और चप्पल पहने हुए है, जो अपने घर से दिनांक 16.12.2025 से गुमशुदा है। इस संदर्भ में **DD No. 099A, दिनांक: 19.12.2025, थाना: पश्चिम विहार पूर्व, दिल्ली,** में दर्ज है। पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी अब तक इस गुमशुदा लड़की के बारे में कोई जानकारी या सुराग नहीं मिल पाया है। यदि किसी भी व्यक्ति को इस गुमशुदा लड़की के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो कृपया निम्नलिखित पते पर सूचित करें।

ईमेल : cic@cbi.gov.in
वेबसाइट : http://cbi.nic.in
फैक्स : 011-24368639
दूरभाष : 011-24368638, 24368641

थाना प्रभारी
थाना: पश्चिम विहार पूर्व, दिल्ली,
फोन :9891787150
DP/17118/OD/2025

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **सागर कुमार** पुत्र त्रिभुवन उर्फ त्रिलोकी, निवासी- मकान नंबर TA-27, गली नंबर 2, तुगलकाबाद एक्सटेंशन, नई दिल्ली ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 304/2020 धारा 25/54/59 शस्त्र अधिनियम, थाना गोविंद पुरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सागर कुमार** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है की उक्त अभियुक्त **सागर कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा कि जाती है की उक्त अभियुक्त **सागर कुमार, प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 304/2020 धारा 25/54/59 शस्त्र अधिनियम, थाना गोविंद पुरी, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **29.01.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
सुश्री देवांशी जनेजा
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-04
दक्षिण पूर्व जिला न्यायालय संख्या 10
साकेत कोर्ट, नई दिल्ली
DP/17337/SE/2025

गुमशुदा की तलाश



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति जिसका नाम **सर्वेंद्र, पुत्र: मीर सिंह, निवासी: ए–35 मेन रोड, मुकुंदपुर, गांव, दिल्ली जोकि दिनांक 03.04.2003 को रात 7:00 बजे से अपने घर से गुमशुदा है।** इस सन्दर्भ में **DD No. 98A, Dated 17.12.2025,** पुलिस थाना भलस्वा डेयरी, दिल्ली में रिपोर्ट दर्ज है।
नीचे गुमशुदा व्यक्ति की पहचान दी गई है:
नाम: सर्वेंद्र, उम्र: 44 साल, कद: 5'2", रंग: सांवला, चेहरा: लम्बा, शरीर: पतला, पहनावा: नामालूम रंग के कपड़े।
अगर किसी को इस गुमशुदा व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी मिले कृपया थाना प्रभारी **भलस्वा डेयरी**, दिल्ली को संपर्क करें।

वेबसाइट: http://cbi.nic.in, ई–मेल: cic@cbi.gov.in
फोन: 011–24368638 / 24368641, फैक्स: 011–24368639
थाना प्रभारी
पुलिस थाना भलस्वा डेयरी, दिल्ली
फोन: 011-27811934, 7065036328
DP/17352/ON/2025

गुमशुदा की तलाश

खुशी

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक महिला जिसका नाम **खुशी, पुत्री: संजय, पता: ई–79/3, ओल्ड कोंडली अंबेडकर पार्क हरिजन बस्ती, न्यू अशोक नगर, दिल्ली–96 जोकि दिनांक 18.12.2025 को दोपहर करीब 01:30 बजे अपने घर से गुमशुदा है।** इस सन्दर्भ में **DD No. 114A, दिनांक 18.12.2025** पुलिस थाना न्यू अशोक नगर, दिल्ली में रिपोर्ट दर्ज है। नीचे गुमशुदा महिला की पहचान दी गई है
नाम: खुशी, उम्र: 21 वर्ष, कद: 5'2", रंग: गोरा, चेहरा: गोल, शरीर: पतला, पहनावा: सफेद रंग का स्वेटर, लाल रंग का पजामा और पैरों में हवाई चप्पल।
अगर किसी को इस गुमशुदा महिला के बारे में कोई जानकारी मिले कृपया पुलिस थाना न्यू अशोक नगर, दिल्ली को सूचित करने की कृपा करें।

वेबसाइट: http://cbi.nic.in, ई–मेल: cic@cbi.gov.in
फोन: 011–24368638 / 24368641, फैक्स: 011–24368639
थाना प्रभारी
पुलिस थाना न्यू अशोक नगर, दिल्ली
फोन: 8076949392, 8077822634
DP/17346/ED/2025

पहचान की अपील

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक अज्ञात व्यक्ति का शव **नाम:** मालूम नही, **पुत्र:** मालूम नही, **निवास:** मालूम नही, **उम्र:** लगभग 45 वर्ष, **कद:** 5'4", **रंग:** गेहुआं, **चेहरा:** गोल, **शरीर:** सामान्य, **पहनावा:** काले रंग का निक्कर पहने हुए है। **पहचान:** बाँए पैर पर तथा बाँए हाथ की कोहनी पर पुराने घाव का निशान है। जो पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन के बस स्टेण्ड नं. 8 के नजदीक एस.पी.एम. मार्ग, दिल्ली में पाया गया था। इस बाबत **DD/FIR No. 83A, दिनांक 26.11.2025 थाना: कोतवाली, दिल्ली में दर्ज है।**
इस मृत व्यक्ति के बारे में या इसके परिवार के बारे में किसी भी प्रकार की जानकारी/सुराग मिले तो निम्नलिखित पते या फोन नम्बरों पर सूचित करें।

हस्ता/- थानाध्यक्ष
थाना: कोतवाली, दिल्ली
फोन: 8750870121, 9999048569
DP/17376/N/2025
(UIDB)

कांग्रेस वर्किंग कमिटी की बैठक आज

G राम G और अरावली पर बड़े आंदोलन की तैयारी में कांग्रेस

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

कांग्रेस वर्किंग कमिटी (CWC) की बैठक शनिवार सुबह 10:30 बजे दिल्ली में होगी, जिसकी अध्यक्षता पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे करेंगे। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भी इसमें शामिल होंगे। इस दौरान देश के राजनीतिक हालात के साथ-साथ ग्रामीण अधिकारों और पर्यावरण से जुड़े अहम मुद्दों पर रणनीतिक चर्चा की जाएगी।

बैठक का एजेंडा मनरेगा की जगह लाए गए वीबी-जी राम जी बिल को लेकर होगा। कांग्रेस का आरोप है कि यह कानून ग्रामीण अधिकारों पर सीधा हमला है। पार्टी इस बिल के खिलाफ देशव्यापी जन आंदोलन शुरू करने की रूपरेखा पर विचार करेगी।

कांग्रेस नेताओं का कहना है कि CWC बैठक में आंदोलन की रणनीति और कार्यक्रम तय होंगे, जिसे सभी राज्यों में चलाया जाएगा।

File

- CWC की बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे करेंगे।
- मौजूदा राजनीतिक हालात के साथ-साथ ग्रामीण अधिकारों से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा होगी।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि नए कानून से मनरेगा का मौलिक स्वरूप और उसका मूल ढांचा कमजोर हुआ है। मनरेगा तीन बुनियादी सिद्धांतों पर आधारित था, ग्रामीण गरीबों को रोजगार की गारंटी, रोजगार के माध्यम से स्थानीय बुनियादी ढांचे और टिकाऊ आजीविका को मजबूत करना, और काम से जुड़े फैसलों का अधिकार ग्राम पंचायतों के पास होना। उनका आरोप है कि नए कानून के तहत यह अधिकार केंद्र सरकार के हाथ में चला गया है, जिससे विकेंद्रीकरण की भावना खत्म होती है और ग्राम पंचायतें कमजोर होती हैं।

बैठक में अरावली पहाड़ियों से जुड़े मुद्दे पर चल रहे आंदोलन पर भी विस्तार से विमर्श होगा। कांग्रेस शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों भी बैठक में शामिल होंगे।

7 जनवरी से अरावली मुद्दे पर यूथ कांग्रेस की सत्याग्रह यात्रा

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : अरावली की पहाड़ियों के संरक्षण पर चल रहे विवाद के बीच इंडियन यूथ कांग्रेस ने घोषणा की है कि यूथ कांग्रेस 7 जनवरी से 20 जनवरी तक चार राज्यों में अरावली सत्याग्रह यात्रा निकालेगी। यह गुजरात से शुरू होकर राजस्थान और हरियाणा होते हुए दिल्ली में समाप्त होगी। दिल्ली में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब ने यात्रा की घोषणा करते हुए केंद्र सरकार पर अरावली को कमजोर करने के गंभीर आरोप लगाए। उदय भानु चिब ने कहा कि केंद्र सरकार ने खुद सुप्रीम कोर्ट को एक प्रस्ताव दिया है, जिसमें 100 मीटर से कम ऊंचाई वाले पहाड़ी क्षेत्रों को अरावली रेंज से बाहर करने की बात कही गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि ऐसा करने का उद्देश्य इन क्षेत्रों में खनन का रास्ता खोलना है।

उदय भानु

48 शहरों के स्टेशनों पर ट्रेनों की क्षमता होगी दोगुनी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

रेलवे ने 2030 तक देश में दिल्ली, मुंबई और लखनऊ समेत 48 शहरों में रेलवे स्टेशनों पर ट्रेनों की क्षमता दोगुना करने का टारगेट रखा है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव की अध्यक्षता में रेलवे बोर्ड की हुई मीटिंग में रेलवे बोर्ड ने यह फैसला किया है, जिसमें अर्जेंट, शॉर्ट टर्म और लॉन्गटर्म तीन कैटिगरी में रेलवे स्टेशनों की क्षमता डबल करने की बात कही गई है।

मीटिंग में देश के सभी रेलवे जोन जीएम और अन्य वरिष्ठ संबंधित अधिकारियों को इस पर रिपोर्ट देने के लिए भी कहा है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि हम बढ़ती यात्री मांग को पूरा करने और भीड़भाड़ कम करने के लिए विभिन्न शहरों में कोचिंग टर्मिनलों का विस्तार कर रहे हैं। साथ ही उनकी परिचालन क्षमता बढ़ा रहे हैं। यह कदम हमारे रेलवे नेटवर्क को अपग्रेड करेगा और देश भर में कनेक्टिविटी में सुधार लाएगा।

File

- रेल मंत्री वैष्णव की अध्यक्षता में रेलवे बोर्ड की हुई मीटिंग।
- अर्जेंट, शॉर्ट टर्म और लॉन्ग टर्म तीन कैटिगरी में रेलवे स्टेशनों की क्षमता डबल की जाएगी।

सूत्रों ने बताया कि 2030 तक तीन कैटिगरी में काम होगा। जहां भी और जितना भी यह काम हो सकेगा, उसे पूरा करने का लक्ष्य है। यह भी कहा गया है कि रेलवे स्टेशनों पर प्लैटफॉर्म्स और टर्मिनल बढ़ाने के साथ ही पिट और स्टेबलिंग लाइनें भी बढ़ाना होगा।

इसी के साथ ही शहरों में बड़े स्टेशनों के साथ ही आसपास के रेलवे स्टेशनों पर भी क्षमता बढ़ाने पर ध्यान देना होगा, ताकि बड़े रेलवे स्टेशनों पर ही सारा ट्रैफिक इकट्ठा न हो जाए। यह कवायद उपनगरीय और गैर-उपनगरीय, दोनों प्रकार के ट्रैफिक के लिए विशिष्ट आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए की जाएगी।

VIP कल्चर खत्म करेगा रेलवे: सूत्रों ने बताया कि रेलवे अपने सिस्टम में VIP कल्चर को खत्म करने पर काम कर रहा है। मंत्री से लेकर अधिकारियों के लिए स्पेशल सैलून के रूप में सिंगल कोच वाली विशेष ट्रेन सेवा मिलती थी, उसे बंद किया जा रहा है।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 27-12-2025 Zone: Mahanagar Edition: 2 Page: NBTMAH11 User: cci Time: 12-26-2025 23:51 Color:

क्रिश्चन एड की रिपोर्ट ने बताया, इस साल क्लाइमेट चेंज से आई आपदाओं की दुनिया ने कितनी कीमत चुकाई

इस साल प्राकृतिक आपदाओं में दुनिया ने गंवाए 10.8 लाख करोड़

रिपोर्ट में 2025 की 10 सबसे महंगी आपदाओं की लिस्ट



100 करोड़ रु. से अधिक का नुकसान हुआ क्लाइमेट चेंज से जुड़ी हर आपदा में

5.40 लाख करोड़ का नुकसान, सबसे महंगी आपदा रही कैलिफोर्निया के जंगल की आग, 400 लोगों की जान गई इस आग में।

2.25 लाख करोड़ का नुकसान, साउथ-ईस्ट एशिया में चक्रवात और बाढ़ दूसरी सबसे महंगी आपदा, 1750 लोगों की मौत हुई।

1.05 लाख करोड़ का नुकसान, चीन में आई बाढ़ तीसरी सबसे महंगी आपदा, 30 के करीब लोगों ने जान गवाई इस बाढ़ में।

50.360 हजार करोड़ से अधिक का नुकसान, भारत-पाकिस्तान में बाढ़ 5वीं सबसे महंगी आपदा, 1860 लोगों की मौत।

44.960 हजार करोड़ का नुकसान हुआ फिलिपींस में आए टायफून से, 1.4 मिलियन लोग विस्थापित भी हुए।

लाखों पर असर, लेकिन डेटा ही नहीं

रिपोर्ट में इस तरह की दस घटनाओं का जिक्र है जिनके इकोनॉमिक लॉस का आकलन संभव नहीं है, लेकिन इस घटनाओं ने लाखों लोगों पर असर पड़ा। यह ऐसी आपदाएं हैं जो गरीब देशों में हुई और वहां लोग इंश्योरेंस नहीं करवाते। इसलिए इनका डेटा उपलब्ध नहीं है। नाइजीरिया, इथोपिया में आए टायफून से, 1.4 मिलियन लोग विस्थापित भी हुए।

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

2025 में लू, जंगलों की आग, सूखे और तूफान जैसी मुसीबतों ने दुनिया को 10.8 लाख करोड़ (120 बिलियन डॉलर) से अधिक का नुकसान हुआ है। कीमत के आधार पर हुए नुकसान का आकलन करते हुए क्रिश्चन एड ने अपनी नई रिपोर्ट में दुनियाभर की दस सबसे महंगी प्राकृतिक आपदाओं की लिस्ट जारी कर दी है। रिपोर्ट के अनुसार, इस साल जलवायु परिवर्तन की वजह से दस सबसे महंगी आपदाओं में हर आपदा से 100 करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है। इन आपदाओं में सबसे महंगी आपदा कैलिफोर्निया के जंगलों में लगी आग है। इससे 5.40 लाख करोड़ से अधिक का नुकसान हुआ है। यूके जंगलों के आग की वजह से स्कॉटलैंड में रेकॉर्ड तोड़ लू रही। इसके अलावा कनाडा में सूखा, फिलिपींस में टायफून और आइबेरियाई प्रायद्वीप में रेकॉर्ड तोड़ आग की घटनाएं दुनिया की सबसे महंगी आपदाओं में शामिल रहीं।

सूखा, बाढ़... इस साल कई रेकॉर्ड तोड़ आपदाएं

क्रिश्चन एड के अनुसार, उत्सर्जन को कम करने की जरूरत अब बढ़ती जा रही है। साथ ही संवेदनशील कम्युनिटी को सपोर्ट करने और इस तरह की आपदाओं के लिए फूलप्रूफ प्लान की जरूरत है।

नुकसान कहीं ज्यादा हो सकता है: रिपोर्ट में इन घटनाओं की कीमत का आकलन इनके इंश्योरेड लॉस से लगाया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक क्योंकि यह इंश्योरेड लॉस है इसलिए हर घटना में असली नुकसान इससे कहीं अधिक हो सकता है। वहीं जिन लोगों ने जान गंवाई, उनकी कीमत का अंदाजा नहीं लगाया जा सकता।

दुनिया का हर कोना प्रभावित: रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया का कोई हिस्सा ऐसा नहीं रहा जहां प्राकृतिक आपदाएं 2025 में नहीं घटी। हर कॉटीनेंट में कम से कम एक आपदा हुई है। ब्राजील का सूखा, स्पेन और पुर्तगाल की गर्मियों में जंगलों में आग, ऑस्ट्रेलिया में फरवरी में आया साइक्लोन बड़ी आपदाओं में शामिल रहे। दस सबसे महंगी घटनाओं में टॉप सिक्स एशिया में ही हुईं।

फटाफट खबरें

क्रिसमस सजावट तोड़ी, चार अरेस्ट

■ भाषा, गुवाहाटी: असम के नलबाड़ी जिले में एक स्कूल में क्रिसमस की सजावट तोड़ने और दुकानों में त्योहारी सामान को नुकसान पहुंचाने के आरोप में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल से जुड़े चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार, आरोपियों ने स्कूल में घुसकर सजावट, लाइट, गमलों और अन्य सामान में तोड़फोड़ की और कुछ वस्तुओं में आग भी लगा दी।

UP के सीतापुर में BLO की मौत

■ भाषा, सीतापुर: उत्तर प्रदेश के सीतापुर जिले में एक स्कूल में प्रशिक्षक के रूप में कार्यरत बूथ स्तरीय अधिकारी (बीएलओ) ने कथित तौर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान उमेश (30) के रूप में हुई। एसएचओ ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा दिया गया है। जांच के अनुसार कानूनी कार्रवाई के तहत मामला दर्ज किया जाएगा।

कितना भी दोषी, मां के लिए राजा बेटा: HC

■ भाषा, चंडीगढ़: पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट ने छोटी बच्ची से रेप-हत्या केस के दोषी की मौत की सजा को सख्त उसकैद में बदल दिया है। अदालत ने दोषी की मां को यह कहते हुए बरी कर दिया कि माओं के लिए बेटे कितने भी दोषी हों, उन्हें फिर भी 'राजा बेटा' ही समझती हैं। बेटे को बचाने की कोशिश करने पर मां को सजा देने का आईपीसी में कोई प्रावधान नहीं है। हत्या सबूत मिटाने की घबराहट में हुई।

गोरखपुर के स्कूल में स्टूडेंट की हत्या

■ भाषा, गोरखपुर: गोरखपुर में शुक्रवार दोपहर एक स्कूल परिसर में कक्षा 11 के छात्र की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना खेल मैदान में करीब एक बजे हुई। पुलिस के अनुसार, छात्र सुधीर भारती की एक व्यक्ति से कहासुनी हो गई, जो हिंसक हो गई। आरोप है कि आरोपी ने देसी पिस्तौल से गोली चला दी, जिससे छात्र की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है और अतिरिक्त बल तैनात किया गया है।

'डरूंगी नहीं, सुप्रीम कोर्ट पर भरोसा'

उन्नाव की सर्वाइवर बोली- सेंगर की रिहाई ने मुझे कैद किया, HC के सामने प्रदर्शन

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

उन्नाव रेप केस की सर्वाइवर ने कहा कि वह कुलदीप सेंगर की उम्रकैद की सजा निलंबन से डरेंगी नहीं और इसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देंगी। उन्होंने कहा, हाई कोर्ट के फैसले ने मुझे और मेरे जैसी कई महिलाओं को कैद कर दिया है। इससे मेरे परिवार को खतरा है। मेरे पति की नौकरी चली गई है।

वहीं, मामले की पीड़िता की मां ने भी कहा कि उन्हें न्याय पर भरोसा है और हाई कोर्ट के फैसले पर सुप्रीम कोर्ट जाएंगे। इस मामले में पीड़िता की मां और ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक विमेंस असोसिएशन की कार्यकर्ताओं, सामाजिक कार्यकर्ता ने मिलकर दिल्ली हाई कोर्ट के बाहर शुक्रवार को प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने निष्कासित बीजेपी विधायक कुलदीप सेंगर को दी गई जमानत को रद्द करने की मांग की। शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे के आसपास यह लोग हाई कोर्ट के बाहर प्रदर्शन करने पहुंचे।

प्रदर्शन के दौरान करीब 100 से 150 प्रदर्शनकारी हाई कोर्ट के बाहर मौजूद थे। हालांकि पुलिस ने प्रदर्शन के दौरान उन्हें लगातार हिदायत देते हुए वहां से हट जाने को कहा। वरना उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने का बात कही और जंतर मंतर पर जाकर प्रदर्शन करने को कहा। कुछ देर बाद वहां से प्रदर्शनकारी चले गए। इस मामले में पुलिस ने किसी को हिरासत में नहीं लिया।

यूथ कांग्रेस ने कैंडल मार्च निकाला: इंडियन यूथ कांग्रेस ने शुक्रवार शाम जंतर-मंतर पर सर्वाइवर के पक्ष में कैंडल मार्च निकाला। कुलदीप सिंह सेंगर के खिलाफ नारेबाजी की। यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदयभानु चिब और प्रभारी मनीष भी मौजूद रहे। इससे पहले दिन में सर्वाइवर की मां समेत कई लोगों ने हाई कोर्ट के सामने भी प्रदर्शन किया।

'सजा निलंबन के फैसले ने भरोसा तोड़ दिया': प्रदर्शन के दौरान पीड़िता की मां ने कहा कि उनकी बेटी ने बेहद दर्दनाक पीड़ा झेली है, इसलिए वह विरोध दर्ज कराने के लिए हाईकोर्ट आई हैं। उन्होंने कहा, मैं पूरे हाईकोर्ट को दोष नहीं दे रही हूं, लेकिन जिन दो जजों ने यह फैसला दिया, उनके निर्णय ने हमारा भरोसा तोड़ दिया है। उन्होंने कहा कि पहले अदालतों ने उनके परिवार को न्याय दिया था, लेकिन अब आरोपी को जमानत दे दी गई है। यह हमारे परिवार के साथ अन्याय है। हम सुप्रीम कोर्ट जाएंगे, क्योंकि मुझे वहां न्याय पर पूरा भरोसा है।

सेंगर की जमानत के खिलाफ CBI की SC में याचिका

सेंगर को दिल्ली हाई कोर्ट से मिली जमानत के खिलाफ सीबीआई ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। सीबीआई ने सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका (स्पेशल लीव पिटीशन) दायर की है, जिसमें हाई कोर्ट के उस फैसले को चुनौती दी गई है, जिसके तहत सेंगर की सजा को निलंबित करते हुए उनकी दोषसिद्धि के खिलाफ दायर अपील के पेंडिंग रहने के दौरान उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया। हाई कोर्ट ने मंगलवार को जमानत देते हुए यह माना था कि चौथ अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम (POCSO Act) की धारा 5(सी) और भारतीय दंड संहिता की धारा 376(2) के अंतर्गत गंभीर अपराध से संबंधित प्रावधान सेंगर के मामले में लागू नहीं होते, क्योंकि इन प्रावधानों के अर्थ में उन्हें लोक सेवक (पब्लिक सर्वेंट) की कैटिगरी में नहीं रखा जा सकता। इसी आधार पर कोर्ट ने उनकी सजा को निलंबित कर दिया था।

रिपोर्ट में संकेत, इंडिगो संकट में टॉप मैनेजमेंट की कमियां

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

दिसंबर के पहले सप्ताह में बड़े स्तर पर इंडिगो की फ्लाइटों के कैंसल और डिले होने के मामले में डीजीसीए की चार सदस्यीय पैनल ने शुक्रवार शाम को अपनी रिपोर्ट डीजीसीए को सौंप दी है। हालांकि, अभी नागर विमानन मंत्रालय और डीजीसीए की तरफ से रिपोर्ट के बारे में कोई आधिकारिक जानकारी साझा नहीं की गई है। लेकिन सूत्रों का कहना है कि इसमें इंडिगो ऑपरेशन में टॉप मैनेजमेंट लेवल पर कई तरह की कमियां मिली हैं।

मंत्रालय के एक अधिकारी ने रिपोर्ट सौंपने की बात को कंफर्म करते हुए कहा कि मामले में जल्द ही ऐक्शन भी होगा, जिसके बारे में जानकारी दी जाएगी। फिलहाल, जांच रिपोर्ट में क्या निकला। इसका खुलासा नहीं किया गया है। डीजीसीए के संयुक्त महानिदेशक संजय के ब्रह्मणे की अध्यक्षता में यह जांच समिति पांच दिसंबर को बनाई गई थी। जिसे 20 दिसंबर तक अपनी रिपोर्ट सौंपनी थी। बाद में 26 दिसंबर तक का समय दिया गया।

सूत्रों के अनुसार, रिपोर्ट की प्रतियां नागरिक उड्डयन मंत्री के. राममोहन नायडू और नागरिक उड्डयन सचिव समीर कुमार सिन्हा के कार्यालयों को भी भेज दी गई है। हालांकि, रिपोर्ट की विस्तृत जानकारी अभी सामने नहीं आई है। जांच पैनल में संजय ब्रह्मणे के अलावा डीजीसीए के उप-महानिदेशक अभिक गुप्ता, वरिष्ठ उड़ान संचालन निरीक्षक (Senior Flight Operations Inspector) कैप्टन कपिल मांगलिक और उड़ान संचालन निरीक्षक कैप्टन रामबाबू शामिल थे।

NEET-UG: नया सिलेबस मंजूर

एक्सपर्ट्स बोले, सिलेबस में 11वीं और 12वीं के कोर करिकुलम पर जोर

Bhupender.Sharma
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली :** देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा NEET (UG)- 2026 के लिए अपडेटेड सिलेबस जारी कर दिया गया है। नैशनल मेडिकल कमिशन ने सिलेबस को मंजूरी दे दी है और स्टूडेंट्स को सलाह दी है कि अपडेटेड सिलेबस के मुताबिक ही तैयारी करें। मेडिकल एंट्रेंस में फिजिक्स, केमिस्ट्री, बायोलॉजी (बोटनी एंड जूलॉजी) की अलग-अलग यूनिट्स के बारे में बताया गया है।

इस पर एक्सपर्ट्स का कहना है कि 2026 के सिलेबस में 11वीं और 12वीं क्लास के कोर करिकुलम पर जोर दिया गया है। कहा कि एनसीईआरटी की किताबों को ध्यान से पढ़ना जरूरी है और कॉन्सेप्ट बेस्ड लर्निंग पर ध्यान देना होगा। कुछ टॉपिक्स को जोड़ा गया है। कमिशन की वेबसाइट पर सिलेबस जारी किया गया है।

AI Image

एग्जाम पैटर्न में बदलाव की संभावना नहीं : वहीं एग्जाम के पैटर्न में बदलाव होने की संभावना नहीं है। मेडिकल एंट्रेंस तीन घंटे का होगा और 180 एमसीक्यू सवाल पूछे जाएंगे। फिजिक्स और केमिस्ट्री से 45-45 सवाल होंगे और बायोलॉजी के 90 सवाल होंगे। हर सही सवाल के लिए 4 नंबर और गलत जवाब देने पर एक नंबर काटा जाएगा। एक ही शिफ्ट में पेन एंड पेपर मोड में यह एग्जाम होगा। सूत्रों का कहना है कि नीट यूजी एग्जाम 3 मई 2026 को होगा और रजिस्ट्रेशन प्रोसेस फरवरी में शुरू होगा। रजिस्ट्रेशन के लिए करीब एक महीने का समय मिलेगा।

CUET-UG पर 30 दिसंबर को बैठक

सूत्रों का कहना है कि CUET-UG 2026 पर 30 दिसंबर को अहम बैठक होगी, जिसमें एनटीए, यूजीसी, दिल्ली यूनिवर्सिटी समेत कई केंद्रीय विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधि होंगे। सीयूईटी एंट्रेंस कब से शुरू हो और रिजल्ट कब आए, इस पर मंथन होगा। दरअसल रिजल्ट में देरी के कारण दिल्ली यूनिवर्सिटी जैसे संस्थानों में भी सीटें खाली रह जाती हैं, ऐसे में केंद्रीय विश्वविद्यालयों की भी मांग है कि सीयूईटी का रिजल्ट जून में ही आ जाए ताकि समय पर एडमिशन प्रक्रिया शुरू हो सके। एक वरिष्ठ अधिकारी का कहना है कि सीयूईटी की परीक्षा 10 मई के बाद ही शुरू की जा सकती है क्योंकि उससे पहले इंजीनियरिंग व मेडिकल के एग्जाम भी कराकर करवाने है।

पाक से कनेक्शन, 'धर्मगुरु' के खिलाफ ED का ऐक्शन

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: एन्फोर्समेंट डायरेक्टरेट (ED) ने मौलाना शमशुल हुदा खान के खिलाफ प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग ऐक्ट के तहत मनी लॉन्ड्रिंग का मामला दर्ज किया है। ED के सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। खान के अभी ब्रिटेन में होने की सूचना है। ED ने उत्तर प्रदेश एंटी-टेररिस्ट स्क्वॉड की FIR पर यह ऐक्शन लिया है। यूपी में आजमगढ़ जिले के मूल निवासी खान पर धार्मिक शिक्षा की आड़ में चरमपंथी विचारधारा को बढ़ावा देने और अवैध रूप से पैसे जुटाने का आरोप है। उस पर पाकिस्तान के चरमपंथी संगठन दावत ए इस्लामी का मेंबर होने का भी शक है।

अवैध रूप से पैसे जुटाने, चरमपंथी विचारों को बढ़ाने के आरोप

मुकदमा टूटे रिश्तों का पोस्टमॉर्टम और मध्यस्थता उन्हें बचाने की कोशिश: CJI

Rajesh.Choudhary
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली :** चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने कहा है कि मुकदमेबाजी अक्सर टूटे हुए रिश्तों का पोस्टमॉर्टम होती है, जबकि मध्यस्थता रिश्तों को बचाने की कोशिश करती है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और साइबर अपराधों से जुड़ी नई चुनौतियों से निपटने के लिए देशभर के वकीलों को खास ट्रेनिंग देनी चाहिए। उन्होंने शुक्रवार को कहा कि इसके लिए एक राष्ट्रीय स्तर की विधि अकादमी बनाई जानी चाहिए, ताकि वकील नई तकनीक और कानूनों को बेहतर ढंग से समझ सकें और समय के साथ खुद को तैयार कर सकें।

मध्यस्थता पर उन्होंने जोर देकर कहा कि अच्छा मीडियेटर वही होता है, जो केवल भाषा ही नहीं, बल्कि स्थानीय बोली, संस्कृति और भावनाओं को भी समझता हो। गोवा में बार काउंसिल ऑफ इंडिया की ओर से आयोजित मीडियेशन पर राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए CJI ने कहा कि मध्यस्थता कानून की कमजोरी नहीं, बल्कि उसका सबसे उन्नत रूप है। इससे अदालतों में लंबित मामलों का बोझ कम किया जा सकता है। अब वक्त आ गया है जब अदालतों को केवल मुकदमे चलाने की जगह न मानकर विवाद समाधान का केंद्र बनाया जाए।

उन्होंने 'मल्टी-डोर कोर्टहाउस' की अवधारणा को आगे बढ़ाने की जरूरत पर जोर दिया, जिसमें मध्यस्थता, ट्रिब्यूनल और मुकदमेबाजी तीनों के विकल्प एक ही छत के नीचे उपलब्ध हों। CJI ने कहा कि जिला अदालतों से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक ट्रेंड मीडियेटर की भारी कमी है। देश में अभी करीब 39 हजार ट्रेंड मीडियेटर हैं, जबकि प्रभावी व्यवस्था के लिए 2.5 लाख से ज्यादा मध्यस्थों की जरूरत है। उन्होंने कहा कि न्याय मांगने वाला व्यक्ति जब अदालत पहुंचे, तो उसके सामने पहले मध्यस्थता और पंचाट के विकल्प हों और जरूरत पड़ने पर मुकदमेबाजी का रास्ता खुला रहे।

पॉर्न के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया जैसे कानून हों: मद्रास HC

■ भाषा, मदुरै

- कहा, जब तक कानून न बने बाल आयोग जागरूकता के लिए योजना बनाए।
- ऑस्ट्रेलिया में हाल ही में 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर रोक लग गई।

मद्रास हाई कोर्ट की मदुरै पीठ ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया की तरह केंद्र सरकार एक कानून पर विचार कर सकती है जिससे बच्चों द्वारा पॉर्न देखने पर लगाम कसी जा सके। अदालत ने कहा कि जब तक ऐसा कोई कानून लागू नहीं हो जाता, तब तक राज्य और राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग बच्चों में बाल अधिकारों और इंटरनेट के सुरक्षित इस्तेमाल के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए एक कार्य योजना तैयार कर सकता है।

अदालत के सुझाए गए ढांचे का मकसद 16 साल से कम उम्र के बच्चों को सोशल मीडिया अकाउंट रखने से रोकना है, क्योंकि नाबालिगों के हानिकारक ऑनलाइन सामग्री के संपर्क में आने की आशंका है। जस्टिस जी जयचंद्रन और जस्टिस के के रामकृष्णन की डिवीजन बेंच ने टिप्पणियां तब की जब याचिकाकर्ता एम विनयकुमार का प्रतिनिधित्व कर रहे वकील के पी एस पलानीवेल राजन ने एक नए ऑस्ट्रेलियाई कानून का हवाला दिया, जिसमें 16 साल से कम उम्र के बच्चों द्वारा सोशल मीडिया के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है।

दो दिन के दौरे पर असम पहुंचे BJP कार्यकारी अध्यक्ष

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : बीजेपी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन दो दिन के दौरे में असम पहुंचे। उन्होंने बीजेपी की कार्यकमिटी में कहा कि असम में 2009 में बीजेपी के सिर्फ 5 विधायक हुआ करते थे और अब असम में बीजेपी का परचम लहरा रहा है तो इसका श्रेय हमारे कार्यकर्ताओं को जाता है। अटल बिहारी वाजपेयी हमेशा पूर्वोत्तर राज्यों के प्रति संवेदनशील रहते थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकारों के दौर में पूर्वोत्तर राज्यों को बस एक जमीन का टुकड़ा समझा जाता था लेकिन अटल जी ने कहा कि देश के विकास को यदि देखना है और उस पर कार्य करना है तो पूर्वोत्तर को विकास से जोड़ना पड़ेगा।

नितिन नवीन

उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने पूर्वोत्तर राज्यों और विशेषकर असम को विकास के नए आयामों तक पहुंचाया है। असम का दो दौर में जनता को याद है जब राज्य में अवैध घुसपैठियों का कब्जा हो जाता था, लोगों को यह बहुत सामान्य लगता था।

2026 LOADING... नई उम्मीद

2025 का टेक रिव्यू

2025 में टेक की दुनिया में नए और कई अहम बदलाव हुए। स्मार्ट चश्मे से लेकर फोन के पर्सनल असिस्टेंट बनने जैसे कई नए प्रोडक्ट्स चर्चा का विषय बने।

एआई-स्मार्टफोन्स का दौर (The AI-Phone Era)

2025 में स्मार्टफोन की पहचान उसके कैमरे से नहीं, बल्कि उसकी एआई क्षमता से होने लगी। सैमसंग और एप्पल ने फोन को 'पर्सनल असिस्टेंट' में बदल दिया है। अज्ञात लोगों को हटा देते हैं, आपकी आवाज में कॉल अटेंड भी करते हैं

स्मार्ट ग्लासेस का फैशन

स्मार्टवॉच के बाद अब स्मार्ट चश्मा सबसे पॉपुलर गैजेट बन गया है। मेटा (Ray-Ban Meta) और अन्य ब्रांड्स के चश्मे अब आम दिखते हैं, लेकिन उनमें इन-बिल्ट कैमरा, स्पीकर और एआई है। लोग अब चश्मे से ही कई काम कर रहे हैं।

'रोबोटैक्सी' का क्रेज (Rise of Autonomous Rides)

शहरों में कैब बुलाने का अनुभव बदल रहा है। वेमो (Waymo) और टेस्ला की बिना ड्राइवर वाली टैक्सियां अब केवल अमेरिका तक सीमित नहीं रहीं, बल्कि वैश्विक स्तर पर चर्चा का विषय हैं। भारत जैसे देशों में भी ऑटोनॉमस ड्राइविंग के एआई फीचर्स बजट कारों में बेहद लोकप्रिय हो गए।

एआई क्रिएटिविटी: 'प्रोम्प्ट' बना नया हुनर

सोरा (Sora) और क्लिंक (Kling) जैसे वीडियो एआई टूल्स ने आम लोगों को भी फिल्म मेकर बना दिया। अब सोशल मीडिया पर आधे से ज्यादा कंटेंट (रील्स और इमेज) एआई की मदद से बनाए जा रहे हैं।

6G की दस्तक और सैटेलाइट कनेक्टिविटी

इंटरनेट अब 'डेड जोन' से मुक्त हो गया है। 6G पर काम तेज हुआ है, लेकिन उससे भी बड़ी बात यह है कि पहाड़ों या समुद्र के बीच फंसे होने पर भी अब साधारण फोन से सैटेलाइट कॉलिंग मुमकिन हो गई है। इंटरनेट अब हवा की तरह हर जगह मौजूद है।



गेमिंग में 'इमर्सिव रियलिटी'

गेमिंग अब केवल स्क्रीन पर बटन दबाना नहीं रहा। मिक्स्ड रियलिटी (MR) गेमिंग हेडसेट्स इतने हल्के और सस्ते हो गए हैं कि लोग अपने ड्राइंग रूम को ही गेमिंग का मैदान बना रहे हैं। हैप्टिक सूट्स (Haptic Suits) के जरिए अब गेम के अंदर की हलचल को शरीर पर महसूस करना पॉपुलर हो गया है।

पर्सनलाइज्ड हेल्थ गियर (Bio-Hacking Gadgets)

अपनी सेहत को ट्रैक करना अब एक जुनून बन गया है। ऐसी स्मार्ट रिंग्स (Smart Rings) और पेच आ गए हैं जो हर समय आपके ग्लूकोज लेवल, स्ट्रेस और नींद की गहराई को ट्रैक करते हैं। 'वायो-हैकिंग' अब केवल एथलीट्स के लिए नहीं, बल्कि आम फिटनेस प्रेमियों के बीच लोकप्रिय है।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 27-12-2025 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH12 User: dilip.lal Time: 12-26-2025 21:44 Color:

संवाद

नवभारत टाइम्स

नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । शनिवार, 27 दिसंबर 2025

यह पढ़ाई भी ज़रूरी

यूपी के स्कूलों में बच्चे पढ़ेंगे अख़बार

यूपी के सरकारी स्कूलों में बच्चे अब अखबार भी पढ़ेंगे। उनमें पढ़ने की आदत विकसित करने और स्क्रीन टाइम घटाने के लिए यह आदेश दिया गया है। अखबार केवल सूचनाएं नहीं पहुंचाते, समझ, संवेदनशीलता और सामाजिकता भी पैदा करते हैं। इस तरह के आदेश की नौबत आना ही बताता है कि बच्चों में स्क्रीन की लत किस कदर गंभीर हो चुकी है।

AI Image

स्क्रीन से समस्या

बस 10 मिनट । आदेश के मुताबिक, मॉर्निंग असेंबली के दौरान हर दिन 10 मिनट न्यूज रीडिंग होगी। इंग्लिश और हिंदी के अखबार बच्चों को दिए जाएंगे। सभी सरकारी सेकेंडरी और बेसिक स्कूलों पर आदेश लागू होगा, लेकिन प्राइवेट और दूसरे स्कूल भी चाहें तो इसका पालन कर सकते हैं।

भरोसेमंद सूचना माध्यम । पढ़ने का मतलब केवल कोर्स की किताबें नहीं होतीं। डिजिटल दौर में सूचनाएं हर तरफ से आ रही हैं, लेकिन उसमें कौन-सी सही हैं और कौन गलत - यह समझना चुनौती है। अखबार आज भी सबसे भरोसेमंद माध्यम है। इनको पढ़ने से बच्चों को विश्वसनीय जानकारी मिलेगी, विभिन्न घटनाओं को लेकर उनका अपना नजरिया बनेगा और भाषा में सुधार होगा।

चिंता बढ़ाते सर्वे । यह आदेश सबसे बड़ी समस्या की ओर भी ध्यान खींचता है - बच्चों का टीवी, मोबाइल से चिपके रहना। इस साल जुलाई के एक सर्वे के मुताबिक, भारत में 5 साल की उम्र तक के बच्चे हर दिन औसतन 2.2 घंटे स्क्रीन पर बिताते हैं। यहां तक कि दो साल से कम उम्र के बच्चे भी हर दिन औसतन 1.2 घंटे स्क्रीन देखते हैं, जबकि उन्हें बिल्कुल ही दूर रहना चाहिए। एक चौथाई से ज्यादा की पहुंच इंटरनेट तक है और 10 से कम उम्र वालों के भी सोशल मीडिया अकाउंट हैं।

ऑस्ट्रेलिया का उदाहरण । स्क्रीन मासूमियत ही नहीं छीन रही - बेचैनी, ध्यान की कमी, नींद से जुड़ी समस्याएं, चिड़चिड़ापन भी दे रही है। स्क्रॉल से फोकस घट रहा है। यही वजह है कि हाल में ऑस्ट्रेलिया ने 16 साल से कम उम्र के किशोर-बच्चों के लिए सोशल मीडिया बैन कर दिया। मद्रास हाईकोर्ट ने भी एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए केंद्र को ऑस्ट्रेलिया जैसा कानून बनाने का सुझाव दिया है।

टेक्नॉलजी संग संतुलन । यूपी सरकार का आदेश टेक्नॉलजी से दूर नहीं करता, बल्कि संतुलन बनाने की कोशिश है। पढ़ने की आदत धीरे-धीरे विकसित होती है। आदेश से ज्यादा प्रभाव तब पड़ेगा, जब घर-परिवार में भी बच्चों को अखबार पढ़ने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

और सुनाओ

पॉपकॉर्न और आराम

आज कई लोगों की जिंदगी बहुत आरामदेह हो गई है। जानकारी, मनोरंजन, खाना, घूमना या कोई सामान - हर चीज तुरंत मिल जाती है। जिसकी जरूरतें पूरी हो जाती हैं, जरूरी नहीं कि उसने इसके लिए बहुत मेहनत की हो। वैसे तो आराम सबको अच्छा लगता है, लेकिन जरूरत से ज्यादा होने पर यह जीवन का मकसद खत्म कर देता है। मानव दिमाग उस जमाने से काम कर रहा है, जब चीजें आसानी से नहीं मिलती थीं। तब मेहनत के बाद मिलने वाला छोटा-सा फायदा भी इनाम जैसा लगता था। लेकिन, अब लगता है कि मेहनत का संबंध इनाम से टूट गया है। यहां तक कि सामाजिक मान्यता भी बिना कोशिश मिल जाती है। बस एक चीज नहीं मिल पाती, संतोष। धीरे-धीरे किसी काम में मजा नहीं आता और अंदर एक तरह का खालीपन पैदा हो जाता है।

रमेश तिवारी

इस खालीपन को भरने का स्वांग रचती हैं हमारी डिजिटल आदतें। सोशल मीडिया पर स्क्रॉल करते रहना हमें बहुत कुछ दिखाता है, लेकिन असल में हम उस जैसा कुछ कर नहीं पाते। इससे बेबसी पैदा होती है। फिर दूसरी समस्या आती है, तुलना। हमें लोगों की झलकियां दिखती हैं, परफेक्ट कपल फोटो, ट्रैवल, सक्सेस। तुलना से आत्म-सम्मान गिरता है। जब हमारी खुद की कोशिश कम होती है, तब यह अंतर और बड़ा दिखता है। दिमाग इसे हमारी नाकामी मान लेता है। इससे व्यक्ति को लगता है कि वह टूट रहा है।

विज्ञान इस मनोस्थिति को पॉपकॉर्न ब्रेन सिंड्रोम का नाम दे रहा है। जैसे पॉपकॉर्न जल्दी-जल्दी फूटता है, वैसे ही दिमाग अब लगातार कुछ नया चाहता है। इसके बिना बेचैनी होती है। समय के साथ यह उत्तेजना दिमाग को तेज, तुरंत इनाम देने वाले कंटेंट की आदत डाल देती है। फिर शांत पल असहज या बोरिंग लगने लगते हैं। बहुत से लोग बताते हैं कि जब वे अपने फोन या दूसरे डिजिटल उपकरणों से दूर होते हैं, तो उन्हें बेचैनी या चिंता महसूस होती है।

समाज में आराम और उपभोग जब सामान्य बन जाता है, तब एक्टिव जीवन दुर्लभ हो जाता है। अनंत स्क्रॉल के बाद नई चीजें सीखने या जिज्ञासा जगाने का मौका कम होता जाता है। जब हम खुद कुछ नहीं करते, तब अपनी पहचान दूसरों की उपलब्धियों पर बनाने की कोशिश होती है - जैसे परिवार या दोस्तों की सफलता। जब वो नहीं मिलता तो पैसे खर्च करना चाहते हैं। विज्ञापन बताते हैं कि खुशी खरीदी जा सकती है। लेकिन, खरीदी हुई चीजें भी संतोष नहीं देतीं तो निराशा और बढ़ती है।

हम अक्सर जानकारी की सिर्फ खपत करते हैं, उस पर गहराई से सोचते नहीं। इसकी सबसे बड़ी पहचान यह है कि कंटेंट हमारे दिलो दिमाग में नहीं उतरता। जैसे कभी-कभी तो पता भी नहीं चलता और आप किसी शो का पूरा सीजन देख लेते हैं।

ऑफ़ दि ट्रैक

यूं फिल्टर होगा पानी

दिलीप लाल

टेफ्लॉन बर्तनों, वॉटरप्रूफ कपड़ों और कुछ प्रकार की फूड पैकेजिंग में इस्तेमाल होने वाले खतरनाक रसायन PFAS आसानी से नष्ट नहीं होते। इनका उपयोग नॉन-स्टिक कुकवेयर, अग्निशमन फोम और कई औद्योगिक उत्पादों में किया जाता है। इसी वजह से इन्हें 'फॉरएवर केमिकल्स' कहते हैं। ये प्रकृति में बहुत धीमी गति से टूटते हैं और पर्यावरण के लिए नुकसानदायक हैं। इन रसायनों से लीवर को नुकसान, प्रजनन संबंधी समस्याएं, इम्युनिटी सिस्टम में गड़बड़ी और कुछ प्रकार के कैंसर का खतरा बढ़ सकता है। अब तक PFAS को पानी से निकालने के लिए प्रभावी तरीके नहीं थे। इसका समाधान अमेरिका की राइस यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने खोजा है। उन्होंने लेयर्ड डबल हाइड्रॉक्साइड (LDH) नामक एक नया पदार्थ विकसित किया है, जो तांबे और एल्युमिनियम से बना है। यह पदार्थ पारंपरिक फिल्टरों की तुलना में हजार गुना अधिक प्रभावी है। इसे नदी के पानी, नल के पानी और अपशिष्ट जल - तीनों में आजमाया गया और हर जगह इसके बेहतर परिणाम मिले। शोधकर्ताओं का मानना है कि यह तकनीक भविष्य में नगर पालिकाओं और उद्योगों के जल शोधन तंत्र में बड़ा बदलाव ला सकती है। इससे प्रदूषण के खिलाफ लड़ाई में एक मजबूत उम्मीद जगी है।

वैश्विक हलचल ने दबाव बढ़ाया, पर स्थिर रही आर्थिक स्थिति

1.77 लाख करोड़ IPO से मिले

वर्ष 2025 को भारतीय शेयर बाजार के लिए धैर्य और स्थिरता के साल के रूप में याद किया जाएगा। वैश्विक अनिश्चितता और बदलते आर्थिक संकेतों ने निवेशकों के धैर्य की परीक्षा ली। दुनिया में व्यापार से जुड़े तनाव, विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली, रुपये की कमजोरी और अंतरराष्ट्रीय राजनीति के असर से बाजार में कई बार उतार-चढ़ाव आया। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में एक बड़ा बदलाव यह देखने को मिला कि घरेलू निवेशक लगातार बाजार में बने रहे। उनकी मजबूती और भरोसे ने विदेशी निवेशकों की बिकवाली के असर को काफी हद तक संभाल लिया और बाजार को गिरने से बचाए रखा।

मोतीलाल ओसवाल

धीमी रफ्तार । इन चुनौतियों के बावजूद भारत की घरेलू आर्थिक स्थिति कुल मिलाकर स्थिर बनी रही। हालांकि कुछ सेक्टरों में मुनाफे की रफ्तार धीमी पड़ने से साल के ज्यादातर समय शेयर बाजार एक सीमित दायरे में ही घूमता रहा। उत्साह बढ़ाने वाली बात यह रही कि साल बीतने के साथ बाजार का मूड बेहतर होता गया। दिसंबर की शुरुआत तक निफ्टी ने ज्यादातर नुकसान की भरपाई कर ली थी। इसने 26,325 के नए शिखर को छुआ। यही उम्मीद है कि साल का अंत भी यह एक नए कीर्तिमान पर पहुंच कर करेगा।

फंडामेंटल्स पर ध्यान । विभिन्न क्षेत्रों में बाजार का प्रदर्शन मिला-जुला रहा। इससे यह बात फिर साबित हुई कि वैल्यूएशन पर ध्यान देना कितना जरूरी है। पूरे बाजार की तेजी से ज्यादा अहमियत विभिन्न स्टॉक के फंडामेंटल्स की है। मिड-कैप स्टॉक्स ने कमोबेश मजबूती दिखाई, जबकि स्मॉल-कैप में ज्यादा उतार-चढ़ाव व अस्थिरता देखी गई। इस साल अभी तक निफ्टी मिडकैप 100 ने करीब 6% का रिटर्न दिया है। वहीं, निफ्टी स्मॉलकैप 100 करीब इतना ही गिरा है।

Adobe Stock

मार्केट का मूड
- दिसंबर तक ज्यादातर नुकसान की हो गई भरपाई
- सरकारी नीतियों ने सहारा दिया, खपत पर जोर
- कई सेक्टर का शानदार प्रदर्शन, 2026 में भी उम्मीद

कमाई कम । कई घरेलू और अंतरराष्ट्रीय कारकों ने इस बार बाजार की दिशा तय की। रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति बाजार को सहयोग देने वाली रही। जब वैश्विक परिस्थितियां मुश्किल भरी थीं, तब RBI ने ब्याज दरों में कमी की और पर्याप्त नकदी उपलब्ध कराई। इससे बाजार को सहारा मिला। हालांकि कमाई मंदी है। मौजूदा वित्तीय वर्ष की दूसरी तिमाही में साल दर साल कमाई में केवल 2% की बढ़ोत्तरी हुई। यह लगातार छठी तिमाही है, जब निफ्टी 50 ने इकाई अंक में प्रॉफिट ग्रोथ दी है।

2025 के हीरो

नीतिगत प्राथमिकता बदली । कई वर्षों तक पूंजीगत खर्च पर जोर देने के बाद सरकार ने खपत बढ़ाने पर ध्यान दिया है। सरकार ने टैक्स में राहत दी, GST के पूरे ढांचे में बदलाव किया, जरूरी चीजों पर करों में कटौती की और आठवें वेतन आयोग को भी लागू कर सकती है। इसका मकसद घरेलू मांग को बढ़ाना और आम लोगों को खर्च में सहारा देना है। GST 2.0 इस साल के सबसे अहम सुधारों में से एक है। इससे संकेत मिलता है कि सरकार टैक्स व्यवस्था को सरल बनाना, टैक्स नियमों का बेहतर पालन और व्यापार की मुश्किलों को दूर करना चाहती है।

डिफेंस में कमाल । 2025 में कई सेक्टर ने अच्छा किया। सरकारी नीतियों और स्ट्रक्चरल ग्रोथ से सहारा मिला। सबसे बेहतर करने वालों में रहा डिफेंस और एयरोस्पेस सेक्टर। इसके स्टॉक्स में 50%-70% की तेजी रही। इसकी वजह रही ज्यादा ऑर्डर, अधिक बजट और भू-राजनीतिक तनाव के बीच स्वदेशी पर जोर। कैपिटल गुड्स 40-55% तक चढ़ा। मेटल्स सेक्टर को वैश्विक स्तर पर मजबूत कीमतों और मांग में सुधार की उम्मीदों से सहारा मिला। ऑटो और EV के शेयरों में 21% से 50% तक की तेजी आई।

फाइनैंशल बना सहारा । टेलिकॉम सेक्टर के शेयरों ने 30-45% तक का मजबूत रिटर्न दिया। इसकी वजह टैरिफ में बढ़ोतरी और कंपनियों का मुनाफा बढ़ना रहा। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों को कच्चे तेल की कीमतों में नरमी और बेहतर मार्जिन का फायदा मिला। न्यू-एज डिजिटल कंपनियों के शेयरों में 30-40% तक की रिकवरी देखने को मिली, क्योंकि टेक्नॉलजी पर खर्च बढ़ा है और AI को लोग तेजी से अपना रहे हैं। फाइनैंशल सेक्टर बाजार का आधार बना हुआ है। क्रेडिट ग्रोथ के फिर से तेजी पकड़ने, एसेट क्वॉलिटी में सुधार, क्रेडिट कास्ट में कमी और समर्थक नीतियों की वजह से PSU बैंक व चुनिंदा NBFCs ने अच्छा प्रदर्शन किया।

साल का सबक । प्राइमरी मार्केट के लिए भी यह साल ऐतिहासिक रहा। 90 से ज्यादा IPO जारी हुए और इनके जरिए 1.77 लाख करोड़ रुपये जुटाए गए। न्यू-एज कंपनियों ने निवेशकों को आकर्षित किया। यह दर्शाता है कि भारत में बिजनेस के लिए जो माहौल बना है, उस पर भरोसा बढ़ रहा है। नए साल में भी माहौल सकारात्मक बना हुआ है। कमाई को लेकर स्पष्टता, सहायक नीतियां और विदेशी निवेशकों के फिर से आने की उम्मीद मजबूत आधार तैयार कर रही है। रिटेल निवेशकों के लिए 2025 का सबक साफ है - अनुशासन बनाए रखें, क्वॉलिटी बिजनेस पर ध्यान दें और लंबे निवेश पर ध्यान लगाएं।

(लेखक MOFSL के सह-संस्थापक हैं)

नई मुश्किल में उइगर

चीन में करीब सवा दो करोड़ मुस्लिम है और इनमें सबसे प्रमुख है उइगर। हालांकि सरकारी सेंसरशिप के चलते किसी के पास उइगरों का वास्तविक आंकड़ा नहीं है। अब उन पर चीन के बाहर भी खतरा है।

5 पॉइंट

1 सरकारी निगरानी, नियंत्रण
चीन में मुस्लिमों को धार्मिक रीति-रिवाज का पालन करने की छूट नहीं है। मस्जिदों के डिजाइन तक पारंपरिक नहीं बना सकते। इसमें भी शिनजियांग में रहने वाले उइगरों पर पाबंदी ज्यादा कड़ी है।

2 संस्कृति सिखाने' का खेल
2017 से 2019 के दौरान चीन ने करीब 10 लाख उइगरों को डिटेंशन कैंप में डाला था। सरकार का कहना था कि इन्हें चीनी संस्कृति सिखाई जा रही है। बाद में कई से जबरन मजदूरी कराई गई।

3 जेल से भागे
चीनी निगरानी के बावजूद कई उइगर बाहर निकलने में कामयाब हो गए थे। अमेरिका और यूरोप समेत दुनिया में कई जगह इन्हें शरण मिली। लेकिन, चीन इनकी वापसी का दबाव बना रहा है।

4 बैकफुट पर तुर्किये
उइगरों की जड़ें तुर्किये में भी मिलती हैं, लेकिन वहां भी उन्हें जगह नहीं मिल रही। आरोप है कि वहां जबरन चीन वापसी का फॉर्म भराया जा रहा। फरवरी में थाइलैंड ने 40 उइगर वापस भेजे थे।

5 प्रवासी नीतियों का असर
अमेरिका-यूरोप की नई प्रवासी नीतियों के चलते भी उइगरों को शरण मिलना मुश्किल हो गया है। चीन प्रचार कर रहा है कि उइगरों को वापसी पर खतरा नहीं, इसलिए शरणार्थी नीति लागू नहीं होती। *प्रस्तुति: शैलेंद्र पांडेय*

www.nbt.in

हिंदुस्तानी खाना बंगाली स्टाइल!

पिछले साल उस दिन हम लोग ब्रसेल्स में थे। यूएन पार्लियामेंट देखने गए तो वहां कोई बड़ी पाबंदी नहीं थी। सिर्फ हमारे हैंडबैग को एक्सरे मशीन से निकाला गया। जब हमने फोन जमा करने के लिए कहा, तो बताया गया कि उसे पार्लियामेंट के अंदर दर्शक गैलरी तक ले जाया जा सकता है ताकि चाहें तो फोटो भी खींच सकें। सो, पार्लियामेंट में हम लोग गए, सीट पर बैठे, न सिर्फ अपनी फोटो खींची बल्कि नीचे सदन में बैठे लोगों की भी फोटो ली।

बाहर आए तो लगा कि कुछ देर आसपास के इलाके को देख लें, फिर पेट पूजा की जाएगी। अभी हम कुछ ही आगे बढ़े थे कि अचानक काले कपड़े पहने छात्रों का हुजूम नारे लगाते हुए नजर आया। वे फलस्तीन के समर्थन में नारेबाजी कर रहे थे। आंदोलनकारी वहां से निकल ही रहे थे कि अचानक एक रेस्तरां के बाहर उनका कुछ झगड़ा हो गया। देखते ही देखते रेस्तरां के बाहर की कुर्सियां उछलने लगीं। ये देखकर लगा कि झगड़ा बढ़ रहा है। सो, हम सुरक्षित जगह खोजने लगे। तभी नजर पड़ी एक बोर्ड पर जिस पर लिखा था इंडियन रेस्टॉरेंट बंगाली स्टाइल। उसे देखते ही हम लोग रेस्तरां में घुस गए।

रेस्तरां में अधिक भीड़ नहीं थी। एक महिला वेटर ऑर्डर लेने आई तो हम लोगों ने उसे ऑर्डर लिखवाया। वेटर अंदर गई तो रेस्तरां का मालिक आ गया। शायद वेटर ने उसे बता दिया था कि इंडियन लोग हैं और हिंदू हैं। रेस्तरां मालिक हमारे पास आया और अभिवादन करके बोला, दरअसल, वह बांग्लादेशी है और ये रेस्तरां चलाता है। उसने कहा कि खाना तैयार करने से पहले वह हमें बताना चाहता था कि ये बांग्लादेशी का रेस्तरां है और ऑर्डर लेने वाली वेटर उसके परिवार की ही सदस्य है। शायद उसे लगा था कि हिंदू होने की वजह से बांग्लादेशी के होटल में खाने से परहेज करें इसलिए उसने आकर हमें असलियत बताना ठीक समझा।

खुद अपनी आंख से

गुलशन राय खत्री

हमने उसे बताया कि हमें उसके बांग्लादेशी होने से कोई ऐतराज नहीं है। इसके बाद वह लगभग उसी तरह की आवभगत करने लगा, जैसे किसी मेहमान की होती है। उसने हमें बताया कि यहां भारत की ही पहचान है इसलिए उसने रेस्तरां का नाम इंडिया के नाम पर रखा। बाद में बहुत जोर देने पर उसने बिल तो लिया लेकिन डिस्काउंट देकर। इसी तरह हमें इटली के मिलान के एक रेस्तरां में पाकिस्तानी वेटर मिला। देखते ही पूछ लिया, इंडिया से हैं क्या भाईजान। हां, कहते ही तुरंत टेबल पर ले गया और फिर बताया कि वह गुजरात से है। हमने पूछा गुजरात? हंसकर बोला, जनाब एक गुजरात पाकिस्तान में भी है। उसके बाद वो भी आवभगत में लग गया। जब हमने बिल के साथ टिप दी तो पहले उसने लेने से मना कर दिया लेकिन बाद में बोला : बड़े भाई की तरफ से छोटे भाई को मिला इनाम समझकर रख लेता हूं।

चलते-चलते...

पश्चिमी साइबेरिया से मिले 45,000 साल पुराने होमो सेपियन्स जीवावशेष में कैंसर पैदा करने वाले वायरस के डीएनए के अंश पाए गए हैं। इनसे यह पता लगाने में मदद मिल सकती है कि आधुनिक मनुष्यों का इस वायरस से पहली बार सामना कब और कैसे हुआ। हालांकि, अभी इन परिणामों की और समीक्षा होनी है। हाल ही में Bio-archive में यह शोध प्रकाशित हुआ है।

कुछ लिख रहा हूं, जो बिल्कुल नई विधा में है...

गांव तो हिंदी साहित्य में बार-बार आते रहे हैं लेकिन प्रसिद्ध कथाकार-उपन्यासकार शिवमूर्ति को पढ़ते हुए लगता है कि ग्रामीण जीवन का यह आख्यान और अंदाज तो अनूठा है। पहले नौकरी के दौरान और फिर रिटायर होकर लंबे समय से शहरों में ही रहते हुए भी उनका मन गांव में ही है। शिवमूर्ति के पिछले उपन्यास 'अगम बहै दरियाव' की लोकप्रियता इसे थोड़े ही समय में चौथे संस्करण तक ले आई है, 75 वें वर्ष के आयोजन भी हो रहे हैं। इन सबके बीच जाड़े की एक दोपहर, लखनऊ में उनके आवास पर आलोक पराड़कर ने उनसे बातचीत की। प्रस्तुत हैं मुख्य अंश:

NBT सप्ताह का इंटरव्यू

शिवमूर्ति

■ 2023 में प्रकाशित आपके उपन्यास 'अगम बहै दरियाव' की काफी चर्चा रही। इन दो वर्षों में आपने क्या लिखा है या लिख रहे हैं?

लिख तो रहा हूं लेकिन वह न तो कहानी-उपन्यास है और न ही आत्मकथा है। संस्मरण, जीवनी भी नहीं है। आप उसे इन सबका मिला-जुला रूप मान सकते हैं। कुछ लेखक की दुनिया, कुछ व्यक्ति की दुनिया, मेरा जीवन, मेरे गांव वालों का जीवन, समाज, समाज की विचारधारा, लेखन कैसे पैदा होता है, मैंने क्या देखा, किस रूप में मेरे दिमाग में पहली-पहली बार कहानियों के विचार आए, कैसे विकसित होते गए, मेरे चरित्र कैसे मिले, कौन से चरित्र अभी रचनाओं में दर्ज नहीं हो सके, कौन-सा लेखन मुझे पसंद है, यह सबकुछ और बहुत कुछ उसमें होगा। कोई कथासूत्र लेकर चलने का, किसी कालखंड को बनाए रखने का दबाव भी नहीं है, इसीलिए उसे वर्तमान की किसी विधा का नाम नहीं दिया जा सकता है। किसी नई विधा का नाम अगर सोच पाया तो उसे वह नाम देना चाहूंगा।

■ आपके जीवन के 75 वर्ष का उत्सव हाल में मनाया गया। मुड़कर देखते हुए कैसा लगता है?

हमें कई चीजें पानी थीं, आर्थिक रूप से स्थायित्व पाना था, लेखन में भी जगह बनानी थी, परिवार भी बढ़ता जा रहा था, पिता साधु हो गए थे, चारों ओर से जिम्मेदारियां बढ़ती गईं। यह कह सकते हैं कि इन जिम्मेदारियों के कारण मेरी पढ़ाई उस ढंग से नहीं हो सकी। मैंने बीएससी में दाखिला लिया था लेकिन दो महीने बाद छोड़ना पड़ा क्योंकि कॉलेज घर से दूर था और घर छोड़कर वहां रह पाना संभव नहीं था। फिर घर के पास के कॉलेज से बीए किया। नौकरी की परीक्षा दी और पहली बार में ही चुन लिए गए। जहां हाथ डाला वहां सफलता मिली, नौकरी में भी और लेखन में भी।

■ आप विज्ञान की पढ़ाई करना चाहते थे... यानी आपकी रुचि साहित्य में नहीं, विज्ञान में थी?

कह सकते हैं कि पढ़ाई की दृष्टि से विज्ञान में रुचि अधिक थी। भौतिकी, गणित, रसायन विज्ञान जैसे विषय अच्छे लगते थे। आर्ट्स साइड के विषय तो मुझे घास-भूसा जैसे लगते थे। बीए की कक्षाओं में बहुत समय नहीं देना पड़ता था, कॉलेज घर के पास था तो आसानी से हो गया।

■ आप 24 साल की उम्र में रेलवे की नौकरी के लिए पंजाब चले गए, 26 साल की उम्र में विक्रीकर अधिकारी हो गए, कई छोटे-बड़े शहरों में रहे। करीब 20 वर्षों से लखनऊ के पॉश इलाके में घर बनाकर रहते हैं लेकिन नगरीय जीवन आपकी रचनाओं में नहीं आता है, आपकी रचनाएं गांवों पर केन्द्रित रहीं, ऐसा क्यों?

नौकरियों में रहते हुए भी ग्रामीण समाज के अनुभव होते रहे। ईंट के भट्ठों की जांच के लिए गांव-गांव जाना होता था। बांदा में रहते हुए डाकुओं के बारे में जानने का अवसर मिला। सच कहें तो महानगरीय जीवन क्या होता है, मैं इसे आज भी ठीक से नहीं समझ पाया हूं। नगरों में हमेशा अधिकारियों की तरह रहा तो यहां की समस्याओं, संघर्षों के अनुभव नहीं हुए। गांव पर लिखना प्राथमिकता है। लोगों का ध्यान गांवों की ओर जाए, गांव और बेहतर बनें, यही चाहता हूं।

> **नौकरियों में अलग-अलग जगहों पर रहते हुए भी ग्रामीण समाज के अनुभव होते रहे। ईंट के भट्ठों की जांच के लिए गांव-गांव जाना होता था। बांदा में रहते हुए डाकुओं के बारे में जानने का अवसर मिला। सच कहें तो महानगरीय जीवन क्या होता है, मैं इसे आज भी ठीक से नहीं समझ पाया हूं। नगरों में हमेशा अधिकारियों की तरह रहा तो यहां की समस्याओं, संघर्षों के अनुभव नहीं हुए। गांव पर लिखना प्राथमिकता है।**

■ क्या आपको लगता है कि कथ्य पर ध्यान अधिक होने से शिल्प को लेकर किसी हद तक उदासीनता आपकी रचनाओं में है?

यह आप कह सकते हैं कि मेरे यहां शिल्प बहुत प्रयोगशील नहीं है, कथ्य प्रयोगशील है। लेकिन यह जरूर कहना चाहूंगा कि मेरी पहली कहानी 'कसाईबाड़ा' का जो शिल्प है, उसके बाद आई 'भरतनाट्यम' का शिल्प उससे अलग है, 'सिरी उपमा योग', 'तिरियाचरित्तर', 'केशर कस्तूरी' के शिल्प भी अलग हैं। 'कुच्ची का कानून', 'बनाना रिपब्लिक', 'खजा ओ मेरे पीर' के शिल्प भी अलग रखने का प्रयास किया है और 'अगम बहै दरियाव' का शिल्प भी पिछली सभी रचनाओं से भिन्न है।

■ आपकी रचनाओं की चर्चा खूब होती है लेकिन कई बार इन पर आरोप भी लगते हैं। 'त्रिशूल' और 'तर्पण' पर जातिवाद से जुड़े आरोप लगे, 'कुच्ची का कानून' को भिखारी ठाकुर की रचना से प्रभावित बताया गया...

दरअसल लोग पढ़े तो होते नहीं हैं तो कोई अगर कुछ कहता है तो उसे सही मानने लगते हैं। अगर किसी ने भिखारी ठाकुर की वह रचना पढ़ी होती और 'कुच्ची का कानून' पढ़ा होता तो तुरंत समझ जाते कि इसमें कोई साम्य नहीं है। 'अगम बहै दरियाव' पर ऐसी बातें कहीं गईं जो उपन्यास में हैं ही नहीं और जो उपन्यास में है, उसे पढ़ा ही नहीं गया। मैंने सारी बातों का विस्तार से जवाब दिया है।

रीडर्स मेल

▸ तारिक रहमान की चुनौती

यह पत्र 26 दिसंबर के संपादकीय 'यूनुस पर सवाल' से संबंधित है। बांग्लादेश में मोहम्मद यूनुस को जिन अपेक्षाओं के साथ सत्ता की कमान सौंपी गई थी, वे पूरी तरह से चकनाचूर हो गई हैं। शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग को कुछ महीनों में होने वाले चुनावों से बाहर करना वैसे भी चुनावों की सार्थकता पर सवालिया निशान लगा देता है। हालांकि बांग्लादेश नैशनलिस्ट पार्टी के नेता तारिक रहमान जो कि 17 साल के बाद बांग्लादेश लौटे हैं, उनका पहला बयान संतुलित है। उन्होंने हिंदू-मुस्लिम भाईचारे की बात कही है, जिससे कुछ आशा तो जगती है लेकिन देखने वाली बात यह होगी कि उनकी बातों पर अमल कितना होता है। उनके लिए भी यह चुनौती है कि बांग्लादेश के मौजूदा हालात पर वह कैसे काबू पाते हैं और अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार को कैसे रोकते हैं। उन पर बांग्लादेश की जनता की ही नहीं, पूरी दुनिया की नजर रहेगी।

बाल गोविंद, नोएडा

▸ भावना आहत न हो

25 दिसंबर को विश्व भर में क्रिसमस का त्योहार उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी दिल्ली स्थित कैथेड्रल चर्च ऑफ द रिडेम्प्शन में जाकर क्रिसमस मॉर्निंग सर्विस में भाग लिया। इस बार उन्होंने दिल्ली और उत्तर भारत के ईसाइयों की बड़ी सभा में विश्व शांति की मंगल कामनाएं कीं। उनका यह दौरा समावेशी भारत का संदेश देता है। लेकिन इस खुशी के माहौल के बीच लोगों की भावनाओं को आहत करने वाली दुखद और अप्रिय घटनाएं भी सामने आई हैं जो देश की एकता और सद्भावना के हित में नहीं है। इससे ऐसा लगता है कि देश के प्रधानमंत्री की भावनाओं का ऐसे लोग सम्मान नहीं करते। सभी देशवासियों को प्रधानमंत्री की इस पहल का आदर करना चाहिए।

वीरेन्द्र कुमार जाटव, दिल्ली

[illegible]

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 27-12-2025 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAHI3 User: rajesh.mishra Time: 12-26-2025 22:38 Color:

NBT GOOD न्यूज़

मुस्कान से जगे सकारात्मक सोच
जब आप मुस्कुराते हैं, तो आपका दिमाग आसपास की केवल सकारात्मक चीजों को ढूंढना शुरू कर देता है। दिमाग रिलैक्स होता है और नए, अलग तरीके से सोचने की ताकत मिलती है।

विचार

जीतना ही सब कुछ नहीं है, लेकिन जीतने की इच्छा रखना सब कुछ है। यही चाह मेहनत, अनुशासन और सफलता की ताकत बनकर हर चुनौती से लड़ने की हिम्मत देती है।
– विंस लोम्बार्डी (Vince Lombardi)

ज़रा हंस लें

पुलिस (चोर से): तुम चोरी क्यों करते हो? **चोर:** आपके लिए, आपके बच्चों के लिए, आपके परिवार के लिए... **पुलिस:** क्या मतलब? **चोर:** हम चोरी न करें तो जनता को और आपकी जरूरत ही क्या है?

कविता : तुम और मैं

मैं जब भी तुम्हें सोचती हूं
तो गुनगुनाने लगती हूं कोई मंत्र!
या पढ़ने लगती हूं कोई गहरी,
अलग सी कहानी ...

या फिर बह देती हूं मन किसी
कविता की तरंगों में चुपचाप!
या फिर, कुछ नहीं तो
बुन लेती हूं अपनी आत्मा

आकाश...
और पृथ्वी को थामे
किसी महा स्रोत में घटी
मैं बीतती जा रही हूं!

उस अलौकिकता में जिसमें
तुम हो, मंत्र है
विस्मृति है
पर मैं न जाने कहां हूं...

– विभा नायक, NBT रीडर

पॉजिटिव सोच के साथ आपने भी कोई कविता लिखी है, तो हमें ईमेल nbtreader@timesofindia.com पर भेजें। जिसे मिल सकता है अगले अंक में छपने का मौका।

RRII के मुताबिक यह पेंट वॉटर बेस्ड है और इसमें हानिकारक केमिकल नहीं है

पेड़ों की कुदरती रबर से बनाया इको-फ्रेंडली पेंट, किसानों की बढ़ेगी कमाई

■ NBT रिपोर्ट, कोट्टायम

रबर रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (RRII) ने नेचुरल रबर लेटेक्स से हाई क्वॉलिटी और इको-फ्रेंडली पेंट विकसित करने में बड़ी सफलता हासिल की है। यह संस्थान रबर बोर्ड के अधीन काम करता है। RRII का दावा है कि नया पेंट बाजार में उपलब्ध सामान्य इमल्शन पेंट्स से बेहतर और स्वास्थ्य के लिए सुरक्षित है।

इस पेंट को RRII के सीनियर साइंटिस्ट शेरा मैथ्यू की अगुवाई में रबर टेक्नोलॉजी एक्सपर्ट्स की टीम ने तैयार किया। यह खोज 18 महीने की लगातार रिसर्च और प्रयोगों का परिणाम है। वैज्ञानिकों ने नेचुरल रबर लेटेक्स, सीप के चूरे, प्राकृतिक मिट्टी और पौधे से प्राप्त अर्क का उपयोग कर पूरी तरह इको-फ्रेंडली पेंट तैयार किया है। यह वॉटर-बेस्ड पेंट है और इसमें कोई हानिकारक केमिकल नहीं है, जिससे स्वास्थ्य पर कोई खतरा नहीं होता।

रंग बनाने के लिए इसमें प्राकृतिक पौधों के अर्क का इस्तेमाल किया जा सकता है, जिससे घरों में बिना सिंथेटिक केमिकल के सभी आम इंटीरियर रंग तैयार किए जा सकते हैं। यह पेंट रबर प्रोडक्ट्स इनक्यूबेशन सेंटर (RPIC) में विकसित किया गया, जो RRII के टेक्निकल कंसल्टेंसी डिवीजन का हिस्सा है। रबर किसानों के लिए यह खोज नई उम्मीद लेकर आई है। इससे किसानों की कमाई बढ़ेगी।

केरल की पेंट इंडस्ट्री में बनेगी मजबूत पहचान

वैज्ञानिकों का कहना है कि यह पेंट हेल्थ-फ्रेंडली और वर्ल्ड क्लास क्वॉलिटी का है और इससे केरल की वैश्विक पेंट इंडस्ट्री में एक मजबूत पहचान बनेगी। RPIC ने यह पेंट केरल की पेंट निर्माता कंपनी 'केरल पेंट्स' के लिए बनाया है। शेरा मैथ्यू के अनुसार, कंपनी ने इको-फ्रेंडली पेंट बनाने का विचार लेकर RRII से संपर्क किया था। इसके बाद इंस्टीट्यूट ने इस फॉर्मूले को तैयार किया।

सिडनी के समंदर में 'योद्धाओं' की हुंकार

ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में शुक्रवार को शुरू हुई ऐतिहासिक सिडनी-होबार्ट रेस। समंदर की लहरों को चीरती ये यॉट खिलाड़ियों के जज्बे और रोमांच के एक बेहद खूबसूरत और साहसिक सफर की दास्तां है।

Photos: Avijit Ghosh & Nalanda University

नए नालंदा की ग्लोबल सोच
अतीत की विरासत और कल की तैयारी



नालंदा का नया अवतार: पुरानी पोथियों से लेकर अब AI की भी पावर

■ अभिजीत घोष, आलोक कुमार

नालंदा यूनिवर्सिटी, जिसे कभी दुनिया के सबसे पुराने और मशहूर शिक्षा केंद्रों में गिना जाता था, आज आधुनिक भारत में एक नए रूप में अपनी पहचान बना रही है। यह यूनिवर्सिटी अपनी पुरानी विरासत के साथ-साथ पर्यावरण की सुरक्षा, अंतरराष्ट्रीय सहयोग और स्थानीय समाज से जुड़ाव का उदाहरण पेश करती है। नालंदा की स्थापना 5वीं सदी में हुई थी। यह बौद्ध शिक्षा का एक विश्वस्तरीय केंद्र था, जहां चीन और दक्षिण-पूर्व एशिया समेत कई देशों से विद्वान पढ़ने आते थे। यहां दर्शन, तर्कशास्त्र, व्याकरण और चिकित्सा जैसे विषय पढ़ाए जाते थे।

नालंदा में पारंपरिक इंजीनियरिंग या सामान्य बिजनेस कोर्स नहीं कराए जाते। यहां का मुख्य फोकस इतिहास, पर्यावरण, बौद्ध अध्ययन और दर्शन जैसे विषयों पर है। यहां 'सतत विकास' में एमबीए कराया जाता है। छात्र संस्कृत, पालि और तिब्बती जैसी भाषाओं के पुराने ग्रंथों का अध्ययन करते हैं। पुरानी पांडुलिपियों को डिजिटल रूप में सुरक्षित किया जा रहा है और एआई (AI) की मदद से फटे-पुराने ग्रंथों को पढ़ने की योजना है।

अंतरराष्ट्रीय और सामाजिक जुड़ाव

यहां का माहौल पूरी तरह अंतरराष्ट्रीय है। बौद्ध अध्ययन विभाग के 90% छात्र विदेशी हैं। इसके साथ ही, यूनिवर्सिटी अपने आस-पास के गांवों से भी जुड़ी हुई है। अपनी 'सद्भावना' पहल के तहत यूनिवर्सिटी स्थानीय लोगों के साथ बिजली और पानी जैसे संसाधन साझा करती है। यहां महिलाओं को मधुबनी पेंटिंग और कढ़ाई जैसा हुनर सिखाया जाता है और स्थानीय स्कूलों के बच्चों की पढ़ाई में भी मदद की जाती है। नया नालंदा यह साबित करता है कि यूनिवर्सिटी सिर्फ क्लासरूम तक सीमित नहीं होती। यह पुराने ज्ञान, आधुनिक सोच और समाज की सेवा का एक ऐसा मॉडल है, जो दुनिया में सकारात्मक बदलाव ला सकता है।

12वीं सदी में इसे नष्ट कर दिया गया था, लेकिन इसके लाल ईंटों के खंडहर आज भी इसकी महानता की कहानी कहते हैं।



इको-फ्रेंडली है कैंपस

प्राचीन खंडहरों से करीब 15 किलोमीटर दूर राजगीर की पहाड़ियों के पास नया कैंपस बनाया गया है। यह 455 एकड़ में फैला है, जिसके केवल 12 प्रतिशत हिस्से पर इमारतें हैं, बाकी जगह हरियाली और तालाब हैं। यह भारत की पहली 'नेट जीरो' यूनिवर्सिटी है, यानी जितनी ऊर्जा यहां खर्च होती है, उतनी ही यहां पैदा भी की जाती है। कैंपस में पेट्रोल-डीजल गाड़िया मना है, लोग साइकल या बैटरी वाली गाड़ियों का इस्तेमाल करते हैं। यहां सौर ऊर्जा, रेन वॉटर हार्वेस्टिंग और प्लास्टिक-मुक्त व्यवस्था पर खास जोर दिया गया है। नए नालंदा की कल्पना 2006 में पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम ने की थी। 2010 में संसद के कानून के तहत इसकी स्थापना हुई। 17 देशों के समर्थन से यह एक अंतरराष्ट्रीय संस्थान बना। नोबेल विजेता अमर्त्य सेन इसके पहले कुलाधिपति रहे और 2023 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसका औपचारिक उद्घाटन किया।

पावर ऑन : एशियाई मंच पर जीता सोना

71 साल के खिलाड़ी से सीखें सपने को तमगे में पिरोना

Vishal.Menon@timesofindia

■ **कोच्चि/पलक्कड़:** 71 साल की उम्र में भी के. के. वेलायुधन ने ताकत और तकनीक का अद्भुत संगम दिखाया। तुर्की के इस्तांबुल में 10 दिसंबर को आयोजित एशियन मास्टर्स क्लासिक पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में 59 किलो वर्ग में उन्होंने स्वर्ण पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया। वेलायुधन 1980 के दशक में केरल के शुरुआती वेटलिफ्टरों में शामिल थे, तब खेल में चमक-दमक कम और जज्बा ज्यादा होता था। फिर नौकरी, परिवार और जिम्मेदारियों के बीच खेल पीछे छूट गया। उन्होंने कोझिकोड स्थित इंस्ट्रूमेंटेशन लिमिटेड (केंद्रीय उपक्रम) में काम किया, परिवार बसाया और सेवानिवृत्त हुए। लेकिन बारबेल और जिम की यादें हमेशा उनके मन में जिंदा रहीं। करीब चार दशक बाद तीन साल पहले मड्डिकुलंगरा के एक जिम में उन्होंने फिर से ट्रेनिंग शुरू की। इस बार लक्ष्य स्पष्ट था मास्टर्स पावरलिफ्टिंग में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन करना। पूर्व राष्ट्रीय वेटलिफ्टर अफसल फखरुद्दीन और बैसन जॉनसन के मार्गदर्शन में उन्होंने ताकत और तकनीक दोनों पर काम किया। कोझिकोड में आयोजित नेशनल मास्टर्स पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में उन्होंने दो राष्ट्रीय रेकॉर्ड बनाकर एशियाई प्रतियोगिता का टिकट सुनिश्चित किया। कोच अफसल फखरुद्दीन बताते हैं कि वेटलिफ्टिंग और पावरलिफ्टिंग अलग खेल हैं। वेटलिफ्टिंग में स्नैच और क्लीन एंड जर्क जैसे तेज और विस्फोटक लिफ्ट होती हैं, जबकि पावरलिफ्टिंग में स्क्वॉट, बेंच प्रेस और डेडलिफ्ट के जरिए ताकत और संतुलन दिखाई जाता है। इस्तांबुल में मास्टर्स-4 (70+) वर्ग में वेलायुधन का प्रदर्शन बेहद संतुलित और प्रभावशाली रहा। उन्होंने बेंच प्रेस में 122.5 किलो, 135 किलो और अंतिम में 145 किलो वजन उठाया, जो उनके शरीर के वजन का लगभग तीन गुना था। तकनीकी दक्षता और अनुभव के दम पर उन्होंने न सिर्फ स्वर्ण पदक जीता, बल्कि पूरे टूर्नामेंट के शीर्ष लिफ्टरों में भी शामिल हुए।

पत्नी इंदिरा और बेटियां प्रिया, रेम्या और रेश्मी हर कदम पर उनके साथ रहीं। प्रिया, जो स्वयं राष्ट्रीय स्तर की रस्साकशी खिलाड़ी रह चुकी हैं, उनके लिए न्यूट्रिशनिस्ट और मैनेजर की भूमिका निभाती रहीं।

अब नज़र वर्ल्ड पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप पर

केरल के खेल जगत में यह जीत खास चर्चा का विषय बनी हुई है। खुद वेलायुधन उम्र पर नहीं, इरादे पर बात करते हैं। उनका कहना है कि उम्र सिर्फ एक नंबर है, जवान रहना एक एहसास। अब उनकी नजर जून 2026 में सूरत में होने वाली वर्ल्ड पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप पर है। चार दशक की मेहनत, तीन साल की कड़ी तैयारी और परिवार का समर्थन, यही के. के. वेलायुधन की सफलता की कहानी है।

THE ECONOMIC TIMES

फटाफट खबरें

US की AI कंपनी खरीदेगी Coforge

■ **पीटीआई, नई दिल्ली:** आईटी (IT) सेक्टर की कंपनी Coforge ने शुक्रवार को बताया किया कि वह सिलिकॉन वैली स्थित AI कंपनी Encora को खरीदने जा रही है। यह पूरी डील 2.35 बिलियन डॉलर (करीब 21,133 करोड़ रुपये) में तय हुई है। यह खरीदारी नकद में नहीं, बल्कि शेयरों की अदला-बदली के जरिए होगी।

चांदी का दाम 9,350 रुपये बढ़ा

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** दिल्ली में शुक्रवार को चांदी 9,350 रुपये उछलकर 2,36,350 रुपये प्रति किलो के नए रेकॉर्ड भाव पर पहुंच गई। ऑल इंडिया जूलर्स असोसिएशन के मुताबिक, पिछले चार दिनों में चांदी की कीमतों में 32,250 रुपये (15.8%) की बढ़ोतरी हुई है। सोना 1,500 रुपये महंगा होकर 1,42,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के लेवल पर पहुंच गया।

FIIs की बिकवाली से सहमा बाज़ार

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** विदेशी निवेशकों की बिकवाली से शुक्रवार को सेंसेक्स 367.25 अंक (0.43%) गिरकर 85,041.45 पर बंद हुआ। निफ्टी भी 99.80 अंक (0.38%) फिसलकर 26,042.30 पर आ गया। स्मॉलकैप और मिडकैप में भी 0.18% से 0.34% तक की गिरावट रही।

'CoC नहीं बदल सकती तय प्लान'

■ **पीटीआई, नई दिल्ली:** NCLAT ने एक फैसला सुनाते हुए कहा है कि बैंकों की कमिटी (CoC) एक बार 'कर्ज चुकाने के प्लान' को मंजूरी देने के बाद कोई फेरबदल नहीं कर सकती। यह फैसला रिलायंस कम्युनिकेशंस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के दिवालिया मामले में आया है। NCLAT ने बैंक ऑफ बड़ौदा की याचिका को खारिज कर दिया। बेंच ने कहा कि एक बार जब बोली (Bid) मंजूर हो जाती है, तो कमिटी के सदस्य पैसों के बंटवारे के तरीके को दोबारा नहीं बदल सकते।

साल भर में 50% बढ़ा डिजिटल गोल्ड का चलन
पर, सेबी की चेतावनी के बाद मांग में आई कमी

AI Image

■ **NBT रिपोर्ट:** भारत में डिजिटल गोल्ड का चलन तेजी से बढ़ रहा है। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल (WGC) के मुताबिक, इस साल जनवरी से नवंबर के बीच भारतीय निवेशकों खासकर युवाओं ने करीब 12 टन डिजिटल सोना खरीदा। यह पिछले साल के मुकाबले काफी ज्यादा है। तब करीब 8 टन डिजिटल गोल्ड की खरीदारी हुई थी।

हालांकि, पिछले महीने बाजार नियामक सेबी (Sebi) की चेतावनी के बाद इसकी मांग में थोड़ी कमी आई है। सेबी ने आगाह किया है कि डिजिटल गोल्ड अभी सरकारी निगरानी (रेगुलेशन) के दायरे में नहीं आता है। WGC ने यह अनुमान UPI ट्रांजेक्शन के आंकड़ों के आधार पर लगाया है।

क्यों बढ़ रहा क्रेज? : डिजिटल गोल्ड की सबसे खास बात यह है कि इसमें आप महज 1 रुपये से भी निवेश शुरू कर सकते हैं। न तो इसे संभालकर रखने की टेंशन है और न ही शुद्धता की चिंता। इसी वजह से पहली बार निवेश करने वाले युवा और फिनटेक ऐप्स इस्तेमाल करने वाली पीढ़ी इसे काफी पसंद कर रही है।

सेबी ने क्यों चेताया? : सेबी ने नवंबर में कहा था कि डिजिटल गोल्ड म्यूचुअल फंड या गोल्ड ईटीएफ की तरह पूरी तरह रेगुलेटेड नहीं है, इसलिए निवेशकों को सोच-समझकर पैसा लगाना चाहिए। वहीं, एक डिजिटल गोल्ड प्लेटफॉर्म के अधिकारी ने बताया, सेबी के आदेश के बाद बाजार में काफी भ्रम था। सभी ने खरीद बंद कर दी थी। हमें निवेशकों को दोबारा भरोसा दिलाना पड़ा कि प्लेटफॉर्म्स सुरक्षित हैं।"

रेगुलेशन क्यों जरूरी? : सेबी की चेतावनी के बाद निवेशक थोड़े सावधान जरूर हुए हैं, लेकिन इस सेक्टर से जुड़ी कंपनियां अब सरकार से ठोस नियम बनाने की मांग कर रही हैं। WGC के इंडिया हेड सचिन जैन का कहना है कि भारतीय घरों में सोने का खास महत्व है। डिजिटल गोल्ड ने इसे और आसान बना दिया है क्योंकि अब लोग छोटे-छोटे हिस्सों में भी सोना खरीद सकते हैं। ग्राहक कभी भी अपने ऐप से सोना बेच भी सकते हैं।

क्या है तैयारी? : नियमों की कमी को देखते हुए इंडिया बुलियन एंड जूलर्स असोसिएशन (IBJA) ने डिजिटल गोल्ड खिलाड़ियों के लिए एक सेल्फ रेगुलेटरी ऑर्गनाइजेशन (SRO) बनाने का फैसला किया है। यह जनवरी से कंपनियों को जोड़ना शुरू करेगा। मार्च-अप्रैल तक नियम तैयार हो जाएंगे।

किसी भी रीजनल ऑफिस में सुलझेगा PF का मसला

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने शुक्रवार को कहा कि जल्द ही देश में एम्प्लॉयीज प्रॉविडेंट फंड ऑर्गनाइजेशन (EPFO) के किसी भी रीजनल ऑफिस में EPFO मेंबर अपनी समस्याओं का समाधान करा सकेंगे। मांडविया ने गुजरात के वटवा में EPFO के नए रीजनल ऑफिस के उद्घाटन समारोह में यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि जल्द ही EPF सुविधा प्रदाता की व्यवस्था शुरू की जाएगी, जो खासतौर से नए सदस्यों और डिजिटल तरीकों की जानकारी नहीं रखने वालों की मदद करेंगे। मांडविया ने कहा, "नए तैयार किए जा रहे और पहले से मौजूद EPFO ऑफिसों को पासपोर्ट सेवा केंद्रों की तर्ज पर सिंगल विंडो क्लियरेंस सेंटर के रूप में डिवेलप किया जा रहा है। दिल्ली में एक पायलट प्रोग्राम चल रहा है। सब्सक्राइबर अपनी समस्याएं किसी भी रीजनल सेंटर में दूर करा सकेंगे और उन्हें उस ऑफिस में जाने की जरूरत नहीं होगी, जहां से वे पहले जुड़े रहे हों।' मांडविया ने कहा, निष्क्रिय खातों में अटकी राशि वापस दिलाने के लिए अभियान चलाया जाएगा।

मनसुख मांडविया

क्या नए साल में बदलेगी हाउसिंग मार्केट की हवा?

AI Image

इस साल घरों की बिक्री में पिछले साल के मुकाबले 14% की गिरावट : रिपोर्ट

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** इस साल घरों की बिक्री में पिछले साल के मुकाबले 14% घट गई। हालांकि प्रीमियम हाउसिंग पर डिवेलपर्स के बढ़ते फोकस के बीच सेल्स वैल्यू में 6% की बढ़त दर्ज की गई। वहीं, टॉप 7 शहरों में घरों के दाम सालाना 8% बढ़े। दिल्ली-NCR में घरों के दाम सबसे अधिक 23% बढ़े। रियल एस्टेट से जुड़े लोगों का कहना है कि नए साल में हाउसिंग मार्केट की दिशा-दिशा RBI की ओर से रेट कट और डिवेलपर्स के प्राइस कंट्रोल पर काफी हद तक निर्भर करेगी। ऊंची कीमतों के चलते अफोर्डेबल हाउसिंग को बड़ा झटका लगा है।

एनारॉक ग्रुप की रिपोर्ट के मुताबिक, दिल्ली-एनसीआर और मुंबई सहित टॉप 7 शहरों में 2025 में लगभग 3,95,625 घर बिके, जबकि सालभर पहले 4,59,645 घर बिके थे। हालांकि सेल्स वैल्यू पिछले साल के 5.68 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 6 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा हो गई। वहीं, मुंबई रीजन में सबसे अधिक 1,27,875 घर बिके, लेकिन सालभर पहले से 18% की गिरावट रही। नई लॉन्चिंग में मुंबई 1,26,140 यूनिट्स के साथ सबसे आगे रहा, लेकिन सालभर पहले से इसमें 6% कमी रही।

एनारॉक ग्रुप के चेयरमैन अनुज पुरी ने कहा, 'प्रॉपर्टी के दाम बढ़ने, IT सेक्टर में छंटनी और दूसरी अनिश्चितताओं से 2025 में रेजिडेंशन ग्रोथ पर असर पड़ा। एरेटेक ग्रुप के डायरेक्टर सुमित अग्रवाल ने कहा, होम लोन इंटरेस्ट रेट के ज्यादा सहूलियत वाले स्तर पर आने से बायर कॉन्फिडेंस बढ़ने की उम्मीद है। अनुज पुरी ने कहा, 2026 में इस सेक्टर का परफॉर्मेंस RBI के रेट कट और डिवेलपर्स के प्राइस कंट्रोल पर काफी हद तक निर्भर करेगा।

नीदरलैंड्स में Tata Steel के खिलाफ केस दर्ज

■ **NBT रिपोर्ट :** भारत की दिग्गज कंपनी टाटा स्टील (Tata Steel) ने शुक्रवार को शेयर बाजार को बताया है कि नीदरलैंड्स के एक NGO ने उसकी डच इकाई के खिलाफ कोर्ट में केस दर्ज किया है। इस मुकदमे में कंपनी से करीब 1.6 बिलियन डॉलर (लगभग 13,000 करोड़ रुपये) के हर्जाने की मांग की गई है। ET के मुताबिक, यह केस स्टिचिंग फ्रिस विंड (SFW) नाम की संस्था ने नीदरलैंड्स की एक जिला अदालत में दायर किया है। एनजीओ का आरोप है कि टाटा स्टील के IJmuiden प्लांट से निकलने वाले जहरीले और हानिकारक पदार्थों की वजह से आसपास रहने वाले लोगों की सेहत पर बुरा असर पड़ा है। साथ ही, यह भी दावा किया गया है कि प्रदूषण की वजह से वहां के घरों की कीमतें भी दूसरे इलाकों के मुकाबले कम हो गई हैं। टाटा स्टील ने इन आरोपों को पूरी तरह से निराधार और काल्पनिक बताया है। कंपनी का कहना है कि एनजीओ ने अपने दावों के समर्थन में कोई ठोस सबूत पेश नहीं किए हैं। टाटा स्टील इस मामले में कानूनी लड़ाई लड़ने के लिए पूरी तरह तैयार है। शुक्रवार को कंपनी के शेयर में 0.89% की गिरावट दर्ज की गई।

अगरबत्ती में जहरीला केमिकल, तो नहीं? सुरक्षा मानक तय



AI Image

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड्स ने अगरबत्ती के लिए गुणवत्ता का नया मानक तैयार किया है। उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रह्लाद जोशी ने यह IS 19412:2025 मानक जारी किया है। इस मानक के मुताबिक, कीटनाशक के रूप में इस्तेमाल होने वाले कुछ केमिकल्स और सुगंध के लिए इस्तेमाल होने वाली कुछ सिंथेटिक चीजों के उपयोग पर रोक लगाई गई है। यह कदम इनडोर एयर क्वॉलिटी, पर्यावरण और सेहत पर पड़ सकने वाले बुरे असर को देखते हुए उठाया गया है।

8000 करोड़ के अगरबत्ती बाजार के लिए नए नियम

नए मानक में कीटनाशक रसायनों के अलावा सिंथेटिक केमिकल्स के उपयोग पर पाबंदी लगाई गई है। इनमें से कुछ चीजों की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी मनाही है। स्टैंडर्ड का पालन करने वाली अगरबत्ती पर BIS मार्क लगा होगा, जिससे उपभोक्ताओं को इसका पता चल सकेगा। भारत दुनिया में अगरबत्तियों का सबसे बड़ा उत्पादक और निर्यातक देश है। यहां सालाना करीब 8000 करोड़ रुपये का कारोबार होता है और 150 से ज्यादा देशों को लगभग 1200 करोड़ रुपये की अगरबत्तियों का निर्यात होता है।

शोऑफ या पावरफुल, इस फोल्ड फोन में कितना दम

गैजेट रिव्यू
NBT टेक टीम

Google Pixel 10 Pro Fold
दाम : 256 जीबी स्टोरेज मॉडल के लिए ₹172,999

पिछले दिनों गूगल ने पिक्सेल 10 प्रो फोल्ड पेश किया है, जो साबित करना चाहता है कि एक फोन वाकई में जेब में रखा 'सुपर कंप्यूटर' हो सकता है। अक्सर लोग फोल्डेबल फोन को लग्जरी या दिखाने की चीज मानते हैं, लेकिन गूगल का यह नया मॉडल उपयोगिता से इस सोच को चैलेंज करता है। यह उन प्रोफेशनल्स और गैजेट प्रेमियों के लिए वरदान है जो एक साथ कई काम निपटाने के लिए बड़ी स्क्रीन की जरूरत महसूस करते हैं। दाम 256 जीबी स्टोरेज मॉडल के लिए 172,999 रुपये है, जो इसे साल के सबसे महंगे फोन की लिस्ट में रखता है।

पिक्सेल 10 प्रो फोल्ड की खूबी बेहद स्लिम और संतुलित डिजाइन है। फोल्ड होने पर यह सामान्य स्मार्टफोन जैसा लगता है और आसानी से एक हाथ से इस्तेमाल किया जा सकता है। जैसे ही आप इसे किसी किताब की तरह खोलते हैं, यह 8 इंच के शानदार सुपर एक्चुअल फ्लेक्स डिस्प्ले में तब्दील हो जाता है। यह बड़ी स्क्रीन उन लोगों के लिए काम की है जिन्हें एक्सेल शीट्स देखनी होती है या वीडियो कॉल के दौरान प्रेजेंटेशन शेयर करनी होती है। गूगल ने इस बार एक नया गियरलेस हिंज इस्तेमाल किया है, जो फोन को खोलते समय काफी मजबूत और स्मूद अहसास देता है। गूगल के मुताबिक यह 10 साल तक फोल्ड अनफोल्ड किया जा सकता है। 3000 निट्स की ब्राइटनेस की वजह से आप दोपहर की तेज धूप में भी स्क्रीन पर डिटेल्स देख सकते हैं।

किसी भी डिवाइस की असली परीक्षा उसकी रफ्तार से होती है। इस फोन में गूगल का नया Tensor G5 प्रोसेसर लगा है, जिसे खास तौर पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) और तेज मल्टीटास्किंग के लिए डिजाइन किया गया है। 16GB रैम के साथ यह फोन इतना सक्षम है कि एक साथ तीन अलग-अलग ऐप्स पर बिना किसी रुकावट के काम कर सकते हैं। आप गूगल के जेमिनी एआई का इस्तेमाल करते हुए यह अपनी उपयोगिता और साबित करता है। यह न केवल नोट्स तैयार कर सकता है, बल्कि लंबी रिपोर्ट्स को कुछ सेकंड्स में छोटा करके पढ़ा सकता है।

पिक्सेल सीरीज फोटोग्राफी के लिए मशहूर रहा है, पिक्सेल 10 प्रो फोल्ड में 48MP मुख्य, 10.5MP अल्ट्रा-वाइड और 10.8MP टेलीफोटो लेंस दिया गया है। यह शानदार तस्वीरें लेता है, लेकिन तुलना पिक्सेल 10 प्रो (बिना फोल्ड वाला मॉडल) से करें, तो फोल्ड थोड़ा पीछे रह जाता है। पिक्सेल 10 प्रो में 50MP का बड़ा सेंसर और 48MP का टेलीफोटो लेंस है, जो कम रोशनी में बेहतर डिटेल्स और 100x तक का जबरदस्त जूम देता है। फोल्ड को पतला रखने की चुनौती के कारण सेंसर छोटे रखे गए हैं, जिससे बहुत अधिक जूम करने पर फोटो पिक्सेल 10 प्रो जैसी शार्प नहीं रहती।

फोल्ड का अपना अलग फायदा है। आप फोन को आधा मोड़कर टेबल पर रख सकते हैं, जिससे यह खुद ट्राइपॉड बन जाता है। साथ ही, बाहरी स्क्रीन की मदद से आप मुख्य कैमरे से सेल्फी ले सकते हैं, जो किसी भी फ्रंट कैमरे से बेहतर होती है। सरल शब्दों में कहें तो, अगर आप 'बेस्ट कैमरा' चाहते हैं तो पिक्सेल 10 प्रो लें, लेकिन अगर आप एक बेहतरीन कैमरा और असीमित उपयोगिता' चाहते हैं, तो फोल्ड लाजवाब है।

बड़े डिस्प्ले वाले फोन में बैटरी सबसे बड़ी चुनौती होती है, लेकिन गूगल ने यहां 5015mAh की बैटरी देकर इस समस्या को हल किया है। बैटरी आसानी से पूरा दिन निभाती है। साथ ही यह IP68 रेटिंग के साथ आता है, यानी धूल और पानी से पूरी तरह सुरक्षित है। गूगल का 7 साल तक सॉफ्टवेयर अपडेट देने का वादा सुनिश्चित करता है कि आपका निवेश लंबे समय तक सुरक्षित है।

वेंकटेश अय्यर के लिए रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की शुरुआती इलेवन में जगह बनाना मुश्किल होगा। आप जीतने वाली टीम में संदेह पैदा नहीं करना चाहते। इसी सोच के चलते फ्रेंचाइजी ने रवि बिश्नोई पर बोली नहीं लगाई। *-अनिल कुंबले, पूर्व इंटरनैशनल क्रिकेटर*

36

रन के टीम स्कोर पर आउट हुई थी ऑस्ट्रेलिया 1902 में हुए बर्मिंघम टेस्ट की दूसरी पारी में। यह एशेज इतिहास में किसी टीम का एक पारी में लोएस्ट स्कोर है

स्पोर्ट्स QUIZ

इस पेज पर छपी खबरों में ही इन सवालों का जवाब है।

1. एशेज सीरीज के इतिहास में पारी में न्यूनतम टीम टोटल कितना है?
A) 100 B) 36 C) 42 D) 44
2. विजय हजारे ट्रॉफी 2025/26 के दूसरे राउंड में दिल्ली का मैच किस टीम के खिलाफ था?
A) गुजरात B) सिक्किम C) कर्नाटक D) मुंबई

कल के जवाब
1. D) तिरुवनंतपुरम 2. C) सौरव गांगुली 3. A) स्टीव स्मिथ

लकी WINNERS

1 महेश बिष्ट, डोंबिवली, महाराष्ट्र

2 हितेंद्र सिंह, गाजियाबाद, यूपी

3 कृतिका, रोहिणी, दिल्ली

4 बिमल भारद्वाज, फरीदाबाद

5 वीरेंद्र बंधु, हरि नगर, दिल्ली

आप अपने जवाब हमें 9319282367 पर अपने नाम, तस्वीर और शहर/गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। एक '**लकी विनर**' का नाम और तस्वीर हम कल के अंक में छापेंगे। दो अन्य विजेताओं के नाम भी प्रकाशित होंगे।

पहले दिन ही दोनों टीमों की पारियां खत्म, तेज गेंदबाजों ने झटके सभी 20 विकेट

बॉक्सिंग-डे पर पेसर्स का तगड़ा पंच

■ **एजेंसियां, मेलबर्न:** एशेज सीरीज के चौथे टेस्ट मैच के पहले दिन पूरी तरह तेज गेंदबाजी का दबदबा दिखा और विकेटों का पतझड़-सा लग गया। मेजबान ऑस्ट्रेलिया और मेहमान इंग्लैंड दोनों की ही पहली पारी पूरी तरह बिखर गई। ऑस्ट्रेलियाई टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 45.2 ओवर्स में 152 रन पर ऑलआउट हो गई, लेकिन उसके गेंदबाजों ने इसकी भरपाई करते हुए बदले में इंग्लैंड को भी 29.5 ओवर्स की गेंदबाजी में 110 के स्कोर पर ढेर करते हुए पहली पारी में 42 रनों की बढ़त ले ली। पहले दिन के खेल की समाप्ति पर ऑस्ट्रेलिया ने अपनी दूसरी पारी में एक ओवर में बिना नुकसान के चार रन बनाकर 46 रनों की कुल बढ़त बना ली थी। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन के अलावा पूर्व ऑस्ट्रेलियाई पेसर ब्रेट ली और बल्लेबाज मार्क वॉ तथा इंग्लैंड के पूर्व पेसर स्टुअर्ट ब्रॉड ने एमसीजी के मुश्किल विकेट की आलोचना भी की।

इंग्लैंड के टंग का 'पंजा': मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (MCG) पर 'बॉक्सिंग डे' टेस्ट के लिए रेकॉर्ड 94199 दर्शक पहुंचे थे। जबकि पिछला रेकॉर्ड 93013 का था जो ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बीच 2015 वर्ल्ड कप फाइनल के दौरान दर्ज किया गया था। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग चुनी। उसकी तरफ से तेज गेंदबाज जोश टंग ने 45 रन देकर सर्वाधिक पांच ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों को पविलियन की राह दिखाते हुए मेजबान टीम को सस्ते में निपटाने में अहम भूमिका निभाई। टंग ने जेक वेदराल्ड, मार्नस लाबुशेन, स्टीव स्मिथ, माइकल नेसर और स्कॉट बोलैंड का विकेट लिया। वहीं, गस एटकिंसन ने 14 ओवर में 28 रन देकर 2 विकेट लिए। कप्तान बेन स्टोक्स और ब्रायडन कार्स को भी 1-1 विकेट मिला। आठवें नंबर पर बैटिंग के लिए आए माइकल नेसर ने अगर 35 रन की पारी नहीं खेली होती तो ऑस्ट्रेलिया की स्थिति और भी खराब होती। नेसर टॉप स्कोरर रहे। उन्होंने अपनी पारी में सात फोर लगाए।

गेंदबाजी में भी चमके नेसर: इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने एक बार फिर निराश किया। पूरी टीम 110 रन पर सिमट गई। हैरी ब्रूक 41 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे जबकि एटकिंसन ने बल्लेबाजी में भी थोड़ा प्रतिरोध दिखाते हुए 28 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया के लिए तेज गेंदबाज माइकल नेसर ने 45 रन देकर सबसे ज्यादा चार विकेट झटके, जबकि स्कॉट बोलैंड ने तीन विकेट हासिल किए। बाएं हाथ के पेसर मिचेल स्टार्क ने छह ओवर में 23 रन देकर दो विकेट चटकाए। स्टार्क ने इंग्लैंड के दोनों ओपनर्स बेन डकेट (2) और जैक क्राउली (5) का विकेट लिया। एक अन्य विकेट ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन को मिला।

इंग्लैंड के लिए तेज गेंदबाज जोश टंग ने लिए 5 विकेट



ब्रीफ स्कोर
ऑस्ट्रेलिया (पहली पारी): 45.2 ओवर्स में 152 रन (माइकल नेसर 35, उस्मान ख्वाजा 29, एलेक्स कैरी 20, जोश टंग 5/45, गस एटकिंसन 2/28)
इंग्लैंड (पहली पारी): 29.5 ओवर्स में 110 रन (हैरी ब्रूक 41, गस एटकिंसन 28, माइकल नेसर 4/45, स्कॉट बोलैंड 3/30, माइकल स्टार्क 2/23)

कैच लपका, द्रविड़ से आगे निकले स्मिथ

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज और मेलबर्न टेस्ट में कार्यकारी कप्तान स्टीव स्मिथ पहले दिन बल्लेबाजी में भले ही कोई कमाल नहीं कर पाए हो, लेकिन उन्होंने फील्डिंग में जरूर एक कीर्तिमान अपने नाम कर लिया। दरअसल, स्मिथ ने टेस्ट मैचों में सबसे ज्यादा कैच लेने के मामले में भारत के पूर्व कप्तान राहुल द्रविड़ को पीछे छोड़ा। उन्होंने इंग्लैंड की पारी में 2 कैच पकड़े। पहला कैच पकड़ते ही उन्होंने टेस्ट में सर्वाधिक कैच लेने वालों की लिस्ट में द्रविड़ को पीछे छोड़ दिया। स्मिथ के टेस्ट मैचों में अब 212 कैच हो गए हैं, जबकि द्रविड़ ने 210 कैच लिए थे। स्मिथ से आगे अब सिर्फ इंग्लैंड के जो रूट हैं जिनके टेस्ट में 214 कैच हैं। टेस्ट में सबसे ज्यादा कैच लेने वालों की लिस्ट में रूट, स्मिथ और द्रविड़ के बाद श्रीलंका के माहेला जयवर्धने (205), साउथ अफ्रीका के जाक कालिस (200) और ऑस्ट्रेलिया के रिकी पॉन्टिंग (196) का नाम आता है।

स्पोर्ट्स @2026

सबसे बड़ा चैलेंज

2025 में भारतीय मेंस हॉकी टीम ने एशियाई स्तर पर परचम लहराया। विश्व स्तर की प्रतियोगिताओं में टीम के प्रदर्शन में काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिला। टीम वर्ल्ड कप के लिए क्वॉलिफाई कर चुकी है। भारतीय टीम ने पिछले दो ओलिंपिक्स में पोडियम पर जगह बनाई है। उसने एशियन लेवल पर भी अपना दबदबा कायम रखा है। कोच क्रेग फुल्टन और कैप्टन हरमनप्रीत एक और सपना पूरा करना चाहते हैं। भारत ने साल 1975 के बाद से हॉकी वर्ल्ड कप में मेडल नहीं जीता है। टीम आधी सदी बाद मेडल की उम्मीद लिए 2026 के वर्ल्ड कप में उतरेगी।

सबसे बड़ा सवाल?

हॉकी वर्ल्ड कप का आयोजन नीदरलैंड्स और बेल्जियम में होना है। ये दोनों देश भारत के लिए सबसे बड़ी चुनौती होंगे। सवाल है कि क्या 1975 से चला आ रहा मेडल का सूखा खत्म होगा? बेल्जियम के स्टार डिफेंडर आर्थर वैन डोरेन की मानें तो भारत को 2026 वर्ल्ड कप में नजरअंदाज करना असंभव होगा। भारतीय टीम ने पिछले 5 वर्षों में सबसे बड़े मंचों पर कई टीमों को चौंकाया है।

साल 2025 में भारतीय मेंस टीम का प्रदर्शन दो हिस्सों में बंटा रहा। भारत ने एशिया कप जीतकर अपनी क्षेत्रीय बादशाहत साबित की। इस जीत ने सीधे तौर पर 2026 वर्ल्ड कप के लिए भारत का टिकट पक्का कर दिया। लेकिन, टीम के प्रदर्शन का वही स्तर हॉकी प्रो-लीग में नहीं दिखा। भारतीय टीम नौ टीमों में आठवें स्थान पर रही।

विमिंस टीम के लिए मौका

भारतीय महिला टीम साल 2025 में एशिया कप के फाइनल में चीन से 4-1 से हार गई। जीतने की स्थिति में वह वर्ल्ड कप के लिए क्वॉलिफाई कर लेती। वैसे उसके पास अभी मौका है। अगले साल और मार्च में होने वाले वर्ल्ड कप क्वॉलिफायर्स से सात और टीमें क्वॉलिफाई करेंगी। भारतीय टीम हैदराबाद में क्वॉलिफायर टूर्नामेंट खेलेगी तो घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाना चाहेगी।

3 मेडल जीते हैं भारत ने मेंस हॉकी वर्ल्ड कप में। इनमें से एक गोल्ड (1975), एक सिल्वर (1973) और एक ब्रॉन्ज (1971) शामिल है

8 नंबर पर है भारत मेंस टीम वर्ल्ड हॉकी रैंकिंग्स में। वह एशिया में टॉप पर है

डिफेंस लाइन
भारतीय टीम डिफेंस की कुछ कमजोरियों को सुधारना होगा। पीआर श्रीजेश के संन्यास के बाद कृष्ण बहादुर पाठक और सूरज करकेरा पर बड़ी जिम्मेदारी होगी।

पेनल्टी कॉर्नर
इस मामले में भारत काफी हद तक हरमनप्रीत सिंह पर निर्भर है। विपक्षी टीमें इसे समझ चुकी हैं। अब 'वैकल्पिक ड्रैग-फ्लिकर' को भी अधिक मारक होना होगा।

यूरोपियन चैलेंज
अगला वर्ल्ड कप यूरोप में है, जहां की परिस्थितियां थोड़ी अलग होंगी। भारतीय खिलाड़ियों को 'हाई-प्रेस' हॉकी के खिलाफ फिटनेस और पासिंग में सटीकता बढ़ानी होगी।

साल 2026 में हॉकी: महत्वपूर्ण तारीखें

तारीख	इवेंट	वेन्यू
3 जनवरी	मेंस हॉकी इंडिया लीग	चेन्नै
10 जनवरी	विमिंस हॉकी इंडिया लीग फाइनल	रांची
26 जनवरी	मेंस हॉकी इंडिया लीग फाइनल	चेन्नै
11 फरवरी	मेंस हॉकी प्रो-लीग के मुकाबले	राउरकेला
14 जून	मेंस हॉकी प्रो-लीग के मुकाबले	नीदरलैंड्स
14 अगस्त	मेंस-विमिंस हॉकी वर्ल्ड कप	बेल्जियम/नीदरलैंड्स

कमिंस का फोकस टी20 वर्ल्ड कप पर

ऑस्ट्रेलिया के पेसर पैट कमिंस

■ **एजेंसियां, मेलबर्न:** एशेज सीरीज से बाहर होने के बाद ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट और वनडे कप्तान पैट कमिंस का पूरा ध्यान अगले साल होने वाले टी20 वर्ल्ड कप पर है। कमिंस फिटनेस कारणों की वजह से एशेज के पहले दो मुकाबले नहीं खेल सके थे। उन्होंने एडिलेड टेस्ट खेला और ऑस्ट्रेलिया के लिए सीरीज जीत सुनिश्चित कर बाकी बचे मैचों से बाहर हो गए। उन्होंने चौथे टेस्ट के दौरान एक बातचीत में बताया, 'बेहतर लग रहा है। कुछ सप्ताह पहले ही कमर की चोट से उबरा हूं तो लगातार दो टेस्ट खेलना जोखिमभरा होता। अब टी20 वर्ल्ड कप से पहले कुछ आराम करूंगा।' ऑस्ट्रेलिया को टी20 वर्ल्ड कप में पहला मैच 11 फरवरी को कोलंबो में आयरलैंड से खेलना है।

विराट का जलवा जारी, रिंकू बने शतकवीर

■ **एजेंसियां, बेंगलुरु:** विजय हजारे ट्रॉफी के दूसरे राउंड के मुकाबले विराट कोहली का जलवा जारी रहा। पहले राउंड के मुकाबले में 131 रन बनाने वाले विराट ने दूसरे राउंड में गुजरात के खिलाफ 77 रन की पारी खेली। विराट ने 61 बॉल में 13 फोर और 1 सिक्स जमाया। विराट के 77 रन में से 75.3 प्रतिशत यानी 58 रन सिर्फ बाउंड्रीज में आए। विराट एक और शतक की ओर अग्रसर दिख रहे थे, जब उन्हें गुजरात के बाएं हाथ के स्पिन विशाल जायसवाल ने आउट किया। विराट की यह लिस्ट-ए में लगातार छठी 50+ पारी रही। विराट के अलावा दिल्ली के कप्तान ऋषभ पंत ने 70 रन बनाए। दिल्ली ने इस मैच में गुजरात को 7 रन से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की।

रोहित का गोल्डन डक, मुंबई जीती: दूसरी ओर, वनडे इंटरनैशनल के नंबर-1 बल्लेबाज रोहित के लिए दूसरा मैच निराशाजनक रहा। जयपुर में मुंबई-उत्तराखंड मुकाबले में वह पारी की पहली ही गेंद पर बिना खाता खोले आउट हो गए। हालांकि, मुशीर खान (55 रन), सरफराज खान (55 रन), हार्दिक तमोरे (93* रन) और शम्स मुलानी (48 रन) की बदौलत मुंबई ने उत्तराखंड को 51 रन से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की।

यूपी की बड़ी जीत: उत्तर प्रदेश के रिंकू सिंह ने चंडीगढ़ के खिलाफ पांचवें नंबर पर बैटिंग करते हुए केवल 60 बॉल पर 106* रन की पारी खेली। उन्होंने 11 फोर और 4 सिक्स भी जमाए। उनके अलावा ओपनर आर्यन जुयाल ने 134 रन (118 बॉल, 7 फोर, 8 फोर) की पारी खेली। दोनों शतकीय पारियों और जीशान अंसारी (4/29) की बदौलत यूपी (367/4) ने चंडीगढ़ (140) को 227 रन से हराया।

विराट ने 61 बॉल पर बनाए 77 रन

5 वां लगातार शतक जमाया विदर्भ के ध्रुव शौरी ने। उन्होंने लिस्ट-ए में लगातार शतक बनाने के मामले में नारायण जगदीशन की बराबरी कर ली

14 सेंचुरी लगीं विजय हजारे ट्रॉफी के दूसरे राउंड के मुकाबले में। पहले राउंड में 22 बैटर्स ने सेंचुरी जमाई थी

164* रन बनाए हरियाणा के यशवर्धन दलाल ने सौराष्ट्र के खिलाफ। हरियाणा ये मैच 6 विकेट से जीत गई

रघुवंशी को कराया गया अस्पताल में भर्ती

जयपुर: मुंबई के ओपनर अंगकृष रघुवंशी को शुक्रवार को उत्तराखंड के खिलाफ मैच के दौरान एक मुश्किल कैच लेने की कोशिश में कंधे, गर्दन और सिर में चोट लगने (कनकशन) के बाद अस्पताल ले जाया गया। यह घटना पारी के 30वें ओवर में हुई जिसमें ऑफ स्पिनर तनुष कोटियान गेंदबाजी कर रहे थे। रघुवंशी ने एक हाथ से गेंद को लपकने का प्रयास किया लेकिन वह सफल नहीं रहा और वह गिर पड़े। रघुवंशी कुछ सेकंड के लिए घुटनों के बल बैठे रहे लेकिन फिर जमीन पर लेट गए। जिसके बाद उन्हें पास के एसडीएमएच अस्पताल ले जाया गया।

संकट में घिरे इंडियन सुपर लीग को एक और झटका

■ **एजेंसियां, नई दिल्ली:** इंडियन सुपर लीग (ISL) के भविष्य को लेकर बनी अनिश्चितता के बीच मुंबई सिटी एफसी ने पुष्टि की है कि क्लब में बहुसंख्यक हिस्सेदारी रखने वाले सिटी फुटबॉल ग्रुप (CFG) ने अपनी पूरी हिस्सेदारी संस्थापक साझेदारों को बेच दी है। इसके साथ ही ISL की सबसे सफल टीमों में शुमार मुंबई सिटी एफसी का पूर्ण स्वामित्व अब फिर से बॉलिवुड अभिनेता रणबीर कपूर और उद्योगपति बिमल पारेख के हाथों में आ गया है। CFG के पास यूरोपियन क्लब मैनचेस्टर सिटी की भी हिस्सेदारी है। इस ग्रुप ने दुनियाभर की कई लीग में क्लबों की हिस्सेदारी ली हुई है।

क्लब ने सोशल मीडिया पर जारी बयान में कहा कि 2019 में CFG के साथ साझेदारी के बाद मुंबई सिटी एफसी ने नई ऊंचाइयां छुईं। इस अवधि में टीम ने दो बार ISL खिताब और दो बार लीग शील्ड जीती। CFG ने क्लब के फुटबॉल संचालन को मजबूत किया और भारतीय फुटबॉल के पेशेवर ढांचे के विकास में अहम भूमिका निभाई।

CFG ने मुंबई सिटी में अपनी हिस्सेदारी बेची

मुंबई सिटी दो बार ISL खिताब जीत चुकी है

नहीं निकल रहा कोई उपाय

ISL को लेकर यह घटनाक्रम उस समय सामने आया है जब आयोजक एफएसडीएल ने मास्टर राइट्स एग्रीमेंट (MRA) के नवीनीकरण पर स्पष्टता के अभाव में लीग को स्थगित रखा है। सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में वाणिज्यिक अधिकारों के लिए निविदा भी असफल रही, जबकि ISL क्लबों के प्रस्ताव को ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन की आम सभा से मंजूरी नहीं मिली।

भारत Vs श्रीलंका
विमिंस टी20I सीरीज, तीसरा मैच

शेफाली, रेणुका के दम पर सीरीज भारत के नाम

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** शेफाली वर्मा (79* रन, 42 बॉल, 11 फोर, 3 सिक्स), रेणुका सिंह ठाकुर (4/21) और दीप्ति शर्मा (3/18) के दमदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने श्रीलंका को तीसरे विमिंस टी20I मैच में 8 विकेट से मात दी। इस जीत के साथ भारत ने पांच मैच की टी20I सीरीज में 3-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली है। रेणुका और दीप्ति ने भारत के पहले गेंदबाजी करने के फैसले को सही साबित किया और श्रीलंका को 20 ओवर्स में 112/7 के स्कोर पर रोकने में अहम भूमिका निभाई। इस दौरान दीप्ति ने टी20I में 151 विकेट भी पूरे किए, जो इस फॉर्मेट में मेगन शूट के साथ संयुक्त सर्वाधिक है। शेफाली की बदौलत भारत ने 40 बॉल शेष रहते ही लक्ष्य हासिल कर लिया।



भारतीय बैटर शेफाली वर्मा

हॉकी इंडिया लीग

सही समय पर हो रही है लीग: हरमनप्रीत

हरमनप्रीत सिंह (बाएं) और हार्दिक

■ **एजेंसियां, नई दिल्ली:** सूरमा हॉकी क्लब के कप्तान हरमनप्रीत सिंह और हार्दिक सिंह की नजरें हॉकी इंडिया लीग में अच्छा प्रदर्शन करके आगामी व्यस्त सीजन से पहले अपने कौशल को निखारने और आत्मविश्वास बढ़ाने पर लगी हैं। भारतीय टीम अगले प्रो-लीग, वर्ल्ड कप और एशियन गेम्स में हिस्सा लेगी। हरमनप्रीत ने कहा, 'हॉकी लीग भारतीय टीम के सदस्यों के लिए सही समय पर हो रही है। इसमें हर मैच इंटरनैशनल मैच की तरह ही है और हम व्यस्त सीजन से पहले ऐसा ही चाहते थे।' HIL संचालन परिषद टीम के कप्तान हार्दिक ने भी सहमती जताई।

फटाफट खबरें

सूरज का गोल्डन डबल
■ **नई दिल्ली:** मध्य प्रदेश के सूरज शर्मा ने 68वीं नैशनल शूटिंग चैंपियनशिप में 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल में सीनियर और जूनियर दोनों वर्गों का खिताब जीता। सूरज ने पहले जूनियर फाइनल में 30 हिट के साथ गोल्ड जीता, फिर सीनियर फाइनल में 31 हिट लगाकर खिताब अपने नाम किया।

जयवीर के पक्ष में फैसला
■ **नई दिल्ली:** दिल्ली की अदालत ने भारतीय घुड़सवारी महासंघ (EFI) के महासचिव पद पर कर्नल (सेवानिवृत्त) जयवीर सिंह की बहाली का आदेश दिया। अदालत ने कार्यकारी समिति द्वारा किया गया निलंबन अवैध करार देते हुए उनके सभी प्रशासनिक और बैंकिंग अधिकार लौटाए।

जूनियर खो-खो टूर्नामेंट
■ **नई दिल्ली:** बेंगलुरु में 31 दिसंबर से चार जनवरी तक 44वीं जूनियर नैशनल खो-खो चैंपियनशिप का आयोजन होगा, जिसमें करीब 35-35 लड़कों और लड़कियों की टीमें भाग लेंगी।

12 राशियां और आपका दिन

ARIES 21 Mar - 19 Apr
आज के दिन अपने खान-पान का विशेष ध्यान रखें। सायंकाल से लेकर रात्रि का समय प्रियजनों के दर्शन में व्यतीत होगा। प्रतिस्पर्धा के क्षेत्र में आगे बढ़ेंगे, रुका हुआ कार्य भी आज पूरा होगा। राजनैतिक क्षेत्र में आशानुकूल सफलता मिलेगी। समाज के प्रति उचित पूर्ति भी होगी।

TAURUS 20 Apr - 19 May
आज का दिन परिजनों के साथ सुखद बीतेगा। भाग्यवश दोपहर तक हर्षवर्धक समाचार भी मिलेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की आवश्यकता है। सायंकाल के समय कोई पुराना दोस्त अतिथि बनकर आ सकता है। रात्रि में किसी मांगलिक कार्य में सम्मिलित होने से आपका मान-सम्मान बढ़ेगा।

GEMINI 21 May - 21 Jun
आज के दिन किसी बहुमूल्य वस्तु अथवा संपत्ति की प्राप्ति की अभिलाषा पूरी होगी। दिन के पहले हिस्से में व्यस्तता अधिक रहेगी, व्यर्थ व्यय से बचें। सायंकाल से लेकर रात्रिपर्यंत वाहनों के प्रयोग से सावधानी बरतें। प्रिय व्यक्तियों के दर्शन से मनोबल बढ़ेगा। पत्नी पक्ष से भी उचित सहयोग मिलेगा।

CANCER 22 Jun - 22 July
आर्थिक दृष्टि से आज का आपका दिन अच्छा है। अचानक बड़ी मात्रा में धन लाभ संभव है। निवेश के मामले में आज जोखिम उठाना लाभदायक रहेगा। विजनेस में व्यावसायिक योजनाओं को गति मिलेगी। राज्य-मान-प्रतिष्ठा की वृद्धि होगी। भावुकता में लिया गया निर्णय आगे चलकर पश्चाताप का कारण बन सकता है। सायंकाल में देव दर्शन का लाभ लें।

LEO 23 July - 22 Aug
आपको दूसरों की मदद करने से सुकून मिलता है, इसलिए आज का दिन भी आपका लोगों के परोपकार में व्यतीत होगा। कार्यक्षेत्र में भी आपके पक्ष में कुछ परिवर्तन हो सकते हैं, जिससे कुछ साथियों का मूड खराब हो सकता है। किंतु आप अपने व्यवहार से माहौल को सामान्य बनाने में कामयाब रहेंगे।

VIRGO 23 Aug - 22 Sep
राशि का स्वामी बुध वृश्चिक में चतुर्थ मंगल के साथ एक राशि में सूर्य-शुक्र चल रहे हैं। फलस्वरूप बुद्धजनों की सेवा तथा पुण्य कार्यों पर धन व्यय होने से मन में हर्ष रहेगा। प्रतिद्वंद्वियों के लिए आप सिरदर्द बने रहेंगे। इस बीच घर-परिवार में सुख-शांति और स्थिरता का आनंद उठाएं।

LIBRA 23 Sep - 22 Oct
आज शिक्षा व प्रतियोगिता के क्षेत्र में विशेष उपलब्धि का योग है। आय के नए स्रोत बनेंगे। वाकपटुता आपको विशेष सम्मान दिलाएगी। भागदौड़ अधिक रहने के कारण मौसम का विपरीत प्रभाव आपके स्वास्थ्य पर पड़ सकता है, सावधान रहें। जीवनसाथी का सहयोग पर्याप्त मात्रा में मिलेगा। आज परिवार संग कहीं बाहर जाने का भी मन बना सकते हैं।

SCORPIO 23 Oct - 21 Nov
आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत होकर, धन-सम्मान की वृद्धि कराएगा। रुका हुआ कार्य पूरा होगा। प्रियजनों से भेंट होगी। वाणी पर संयम न रखने से विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। सायंकाल के समय में प्रियजनों से भेंट एवं रात्रि में सैर-सपाटे का अवसर प्राप्त होगा।

SAGITTARIUS 22 Nov - 21 Dec
आज गृहोपयोगी वस्तुओं पर धन खर्च होगा। व्यावहारिक सुख-भोग के साधनों में वृद्धि होगी। अधीनस्थ कर्मचारी या किसी सगे के कारण तनाव बढ़ सकता है। फैर के लेन-देन में सावधानी बरतें, धन फंस सकता है। दिन में कोर्ट-कचहरी के चक्कर काटने पड़ सकते हैं, जिसमें अंततः आपकी विजय हो जाएगी।

CAPRICORN 22 Dec - 19 Jan
आज व्यावसायिक क्षेत्र में मन के अनुकूल लाभ होने का हर्ष होगा। आर्थिक स्थिति पूर्वापेक्षा अधिक सुदृढ़ होगी। व्यवसाय परिवर्तन की योजना बन रही है। सायंकाल में धार्मिक स्थानों की यात्रा का प्रसंग प्रबल होकर स्थगित होगा। वाहन प्रयोग में सावधानी बरतें, वाहन अकस्मात खराब हो सकते हैं।

AQUARIUS 20 Jan - 18 Feb
राशि स्वामी शनि की मार्गी स्थिति के कारण परिवार में किसी को आकस्मिक शारीरिक कष्ट हो सकता है। किसी संपत्ति को खरीदने से पहले उसके सारे वैधानिक पहलुओं पर गंभीरता से विचार कर लें। सायंकाल के समय परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य में सुधार हो जाएगा।

PISCES 19 Feb - 20 Mar
आज के दिन आपका वैवाहिक जीवन आनंदमयक बीतेगा। आज पास व दूर की यात्रा भी हो सकती है। बिजनेस में प्रोसेस से काफी खुशी होगी। विद्यार्थियों को मानसिक भार से छुटकारा मिलेगा। सायंकाल के समय घूमने-फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी मिल सकती है। आप रिलैक्स भी महसूस करेंगे। माता-पिता का ध्यान रखें।

जन्मदिन की शुभकामनाएं

यह वर्ष आपको राजपद से प्रवेश हो रहा है। वर्ष का स्वामी शुक्र, मंगल यह बने हैं। जीवन संगिनी-हितकारी प्रधान यह वर्षफल सुख उत्तम स्थिति में दिसंबर शेष में अकस्मात राज्य कृपा कारक है। जनवरी फरवरी 2026 में काफी समय से टल रही योजनाएं पूरी होंगी। इष्ट मित्रों से सहयोग का समाचार मिलेगा। मार्ग में नई खोज, रचनात्मक कार्यों में प्रगति होगी राज समाज में सम्मान बढ़ेगा, प्रतियोगिता में विजय होगी। अप्रैल से मई में न चाहते हुए भी कहीं जाना पड़ेगा। अपनी वार्ता शैली सकारात्मक रखें। जुलाई अगस्त में सभी लोग आपके कार्य कौशल की प्रशंसा करेंगे। सितंबर से लेकर अक्टूबर महीने तक में आपके रहन-सहन का स्तर बढ़ेगा। नवंबर से दिसंबर तक शत्रु पराजित होंगे। कार्यक्षेत्र में आपको नई जिम्मेदारियां मिलेंगी, जिन्हें आप समय पर निभाएंगे। अधिक सफलता के लिए स्नान उपरांत सूर्य नारायण को अर्घ्य जल प्रदान करें। हनुमान चालीसा का पाठ भी कल्याणकारी सिद्ध होगा। व्यापार के भागीदारों से तनाव बन सकता है। जनवरी 2027 में कुछ उलझनों के बावजूद पराक्रम में वृद्धि होगी। शत्रुजनित षड्यंत्र विफल होंगे।

-आचार्य कृष्ण दत्त शर्मा

कल का पंचांग
(रविवार, 28 दिसंबर 2025)

राष्ट्रीय मिति पौष 7, शक संवत 1947, पौष, शुक्ल, अष्टमी, रविवार, विक्रम संवत 2082। सौर पौष मास प्रविष्टे 14, रजब 7, हिजरी 1447 (मुस्लिम) तद अनुसार अंग्रेजी तारीख 28 दिसंबर 2025 ई.। सूर्य उत्तरायण, दक्षिण गोल, शिशिर ऋतु। राहुकाल सायं 4 बजकर 30 मिनट से 6 बजे तक। अष्टमी तिथि दोपहर 12 बजकर 10 मिनट तक उपरांत नवमी तिथि का आरंभ। उत्तरा भाद्रपद नक्षत्र प्रातः 8 बजकर 43 मिनट तक उपरांत रेवती नक्षत्र का आरंभ। व्यतिपात योग प्रातः 10 बजकर 13 मिनट तक उपरांत वरीयान योग का आरंभ। बव करण मध्याह्न 12 बजकर 10 मिनट तक उपरांत कौलव करण का आरंभ। चंद्रमा दिन-रात मीन राशि पर संचार करेगा। आज के व्रत त्योहार-मार्तण्ड सप्तमी, गुरु गोविंद सिंह जयंती।

सुडोकू

9				6				5
	3		8		1		4	
6			2		5			7
	6						7	
5			1		7			6
	4						3	
3			7		6			8
	7		4		9		5	
4				3				1

TELEVISION

big magic

09:00 बबलू डबलू	13:30 भ से भाई
10:00 बद्धुप बुढ़बक	14:00 चक्रधारी अजेय कृष्णा
11:00 रुद्र के रक्षक	15:00 लिटिल कृष्णा
12:00 चक्रधारी अजेय कृष्णा	17:00 बबलू डबलू
12:30 हम पांच	19:00 चक्रधारी अजेय कृष्णा
13:00 रुद्र के रक्षक	

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 27-12-2025 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAHI5 User: cci Time: 12-26-2025 22:30 Color:

NBT AI टाइम मशीन

आज ही हुई थी IMF की स्थापना

आज ही के दिन 27 दिसंबर 1945 को इंटरनैशनल मॉनिटरी फंड (IMF) आधिकारिक रूप से अस्तित्व में आया, जब 29 देशों ने समझौते पर साइन किए। हालांकि इसकी नींव 1944 में ब्रेटन वुड्स सम्मेलन में रखी गई थी। आज इसके मेंबर देशों की संख्या 191 हो गई है। IMF का मकसद ग्लोबल मौद्रिक सहयोग बढ़ाना, वित्तीय स्थिरता बनाए रखना और इंटरनैशनल ट्रेड, रोजगार और आर्थिक विकास को बढ़ावा देना है।

NBT

Front Page-2

नवभारत टाइम्स। नई दिल्ली

शनिवार, 27 दिसंबर 2025

और भी व्यापक होगी IMF की भूमिका

ChatGPT के अनुसार, भविष्य में IMF की भूमिका और व्यापक होगी। डिजिटल करेंसी, आर्टिफिशल इंटेलिजेंस और क्लाइमेट चेंज जैसे मुद्दे पर IMF को ज्यादा काम करना होगा। विकासशील देशों की मदद, कर्ज संकट से निपटना और ग्लोबल आर्थिक असमानता कम करना इसकी बड़ी जिम्मेदारी बनेगी। इन वजहों से इसकी अहमियत बढ़ेगी, लेकिन बड़ी चुनौती यह होगी कि वह सभी देशों के हितों में संतुलन कैसे बनाए और भरोसा कायम रखे।

AI Images

अब फोटो छपवाने का मौका भी

खबरों का ज्ञान

रोज की खबरों पर कितनी पैनी नजर है, आजमाएं

1. अमेरिका ने गुरुवार रात ISIS के ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की, हमला किस देश में हुआ?
A. नाइजीरिया B. तुर्किये C. पाकिस्तान

2. किसने बच्चों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से शुक्रवार को राष्ट्रपति ने सम्मानित किया?
A. 22 B. 26 C. 20

3. डॉक्टरों ने भारत में कोविड के बाद सबसे बड़े स्वास्थ्य संकट के लिए किसे जिम्मेदार माना है?
A. मिलावटी दूध B. दूषित जल C. वायु प्रदूषण

4. UAE के राष्ट्रपति का क्या नाम है, जो शुक्रवार को पाकिस्तान दौरे पर पहुंचे?
A. शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान B. शेख मोहम्मद बिन राशिद C. शेख मोहम्मद नासेर

5. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को किस भाषा में संविधान का विमोचन किया?
A. उर्दू B.संथाली C. भोजपुरी

कल के जवाब

A1 B. बीएमसी A2 C. ₹1.30 करोड़ A3 A. 5% से भी कम A4 A. वॉटर बेस्ड ड्रेन A5 B. SWAMIH-2

लकी विनर्स



1. डॉ देवराज जैन, रोहिणी, नई दिल्ली
2. नमन सक्सेना, गाजियाबाद
3. अमित सक्सेना, नई दिल्ली

ऐसे भेजें अपने जवाब

अपने नाम, शहर के साथ जवाब भेजें nbtreader@timesofindia.com पर, साथ में फोटो भी भेजें। सब्जेक्ट में KKG लिखें। हर दिन सभी सही जवाब देने वाले तीन चुनिंदा रीडर्स में से एक का फोटो और दो के नाम छापे जाएंगे। जवाब आज के पेपर की खबरों में ही छिपे हैं।

भारत ने बांग्लादेश को गिनाया, अल्पसंख्यकों पर 2900 ज़ुल्म

विदेश मंत्रालय बोला, पड़ोसी मुल्क में संसदीय चुनाव स्वतंत्र, निष्पक्ष होने चाहिए

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार पर भारत ने शुक्रवार को गंभीर चिंता जताई। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत विरोधी झूठे नैरेटिव को भारत पहले ही खारिज कर चुका है। कानून व्यवस्था और सुरक्षा बनाए रखना पूरी तरह बांग्लादेश की अंतरिम सरकार की जिम्मेदारी है। भारत हालात पर करीबी नजर बनाए हुए है और अल्पसंख्यकों के खिलाफ जारी शत्रुता पर गहरी चिंता जताता है।

जायसवाल ने मयमनसिंह में एक हिंदू युवक की हालिया हत्या की निंदा करते हुए कहा कि अंतरिम सरकार के कार्यकाल में अल्पसंख्यकों के खिलाफ 2900 से ज्यादा घटनाएं दर्ज की गई हैं। ये घटनाएं कोई मीडिया का बढ़ा-चढ़ाकर बताया गया आंकड़ा नहीं है, यह एक कड़वी हकीकत है जिसे झुठलाया नहीं जा सकता। भारत ने इस बात को दोहराया कि बांग्लादेश में संसदीय चुनाव स्वतंत्र, निष्पक्ष और समावेशी होने चाहिए। बांग्लादेश नैशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के कार्यवाहक अध्यक्ष तारिक रहमान की स्वदेश वापसी पर भी कहा कि इसे समावेशी चुनाव सुनिश्चित करने के संदर्भ में देखा जाना चाहिए। जायसवाल ने कहा, 'बांग्लादेश में हिंदू युवक की हत्या की कड़ी निंदा करते हैं और उम्मीद करते हैं कि इस अपराध के दोषियों को न्याय के कटघरे में लाया जाएगा।'

कोलकाता में हुआ प्रदर्शन

'H1B वीजा इंटरव्यू रद्द करने पर चल रही बात'

विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत ने बड़ी संख्या में भारतीय आवेदकों के पूर्व निर्धारित 'H1B वीजा' इंटरव्यू रद्द किए जाने पर अमेरिका के सामने चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि दोनों पक्ष इस मुद्दे पर बातचीत कर रहे हैं। जायसवाल ने बताया कि भारत सरकार अपने नागरिकों को होने वाली असुविधाओं को कम करने के लिए अमेरिकी पक्ष के साथ सक्रिय रूप से बातचीत कर रही है।

कोलकाता में उप उच्चायोग ऑफिस की ओर मार्च

■ **पीटीआई, कोलकाता:** हिंदू समर्थक संगठन हिंदू संहति के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को पड़ोसी देश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर कथित हमलों के विरोध में कोलकाता स्थित बांग्लादेश के उप उच्चायोग कार्यालय तक रैली निकाली और वहां के अधिकारियों को छह सूत्री मांगपत्र सौंपा। संगठन के तीन सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने उप उच्चायोग के एक वरिष्ठ अधिकारी से मुलाकात कर अपनी मांगें सौंपीं। इनमें 18 दिसंबर को मैमनसिंह में दीपू चंद्र दास की भीड़ द्वारा पीट-पीटकर कथित हत्या में शामिल लोगों को कड़ी से कड़ी सजा देने और बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों और उनके धार्मिक संस्थानों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग शामिल है।

ढाका में कट्टरपंथी नेता की हत्या के खिलाफ प्रदर्शन

सिलीगुड़ी के होटलों में बांग्लादेशी नागरिकों के ठहरने पर रोक: पश्चिम बंगाल के होटल मालिकों के एक संगठन ने पड़ोसी बांग्लादेश में जारी राजनीतिक उथल-पुथल के मद्देनजर सिलीगुड़ी और उसके आसपास के इलाकों में बांग्लादेशी नागरिकों को ठहरने की सुविधा देने पर अस्थायी रूप से रोक लगाने का फैसला किया है।

बांग्लादेश में हादी की हत्या के विरोध में रोड ब्लॉक: बांग्लादेश के कट्टरपंथी नेता शरीफ उस्मान हादी की पार्टी के कार्यकर्ताओं ने उनकी हत्या के दोषियों को न्याय के कटघरे में लाने की मांग करते हुए शुक्रवार को ढाका के सबसे व्यस्त चौराहों में से एक को अवरुद्ध कर दिया, जिससे राजधानी में यातायात कई घंटों तक बाधित रहा।

ISIS के ठिकानों पर अमेरिका की एयरस्ट्राइक

■ एपी, वेस्ट पाम बीच (अमेरिका)

अमेरिका ने गुरुवार रात नाइजीरिया में आतंकी संगठन ISIS के ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया पोस्ट कर इसकी जानकारी दी। लेकिन इससे हुए नुकसान का विवरण या अन्य जानकारी साझा नहीं की। अमेरिका की अफ्रीका कमांड ने 'X' पर पोस्ट कर बताया कि यह हमला नाइजीरिया के अधिकारियों के अनुरोध पर सोकोटो प्रांत में किया गया और इनमें ISIS के कई आतंकवादी मारे गए। ट्रंप ने ISIS आतंकियों को 'आतंकी कचरा' बताया। उन्होंने कहा कि सभी को क्रिसमस की बधाई, मारे गए आतंकियों को भी। अमेरिकी रक्षा विभाग के एक अधिकारी के मुताबिक, ये हमले नेवी के एक जहाज से दागे गई 12 से अधिक टोमहॉक क्रूज मिसाइलों से किए गए। नाइजीरिया सरकार ने कहा है कि यह हमला अमेरिका के साथ चल रहे सुरक्षा सहयोग का हिस्सा है। दोनों देश मिलकर आतंकवाद से लड़ने के लिए खुफिया जानकारी साझा कर रहे हैं।

नाइजीरिया में टॉमहॉक क्रूज मिसाइलों से हुआ हमला

तुर्किये ने IS के कई संदिग्धों को पकड़ा

■ एपी, इस्तांबुल: तुर्किये की पुलिस ने गुरुवार को एक साथ छापेमारी की कई कार्रवाई की और आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट (IS) समूह के 100 से अधिक संदिग्ध सदस्यों को हिरासत में लिया। अधिकारियों ने बताया कि इन संदिग्धों पर क्रिसमस और नववर्ष के समारोहों पर हमलों की साजिश रचने का आरोप है। इस्तांबुल के मुख्य लोक अभियोजक कार्यालय ने एक बयान में कहा कि पुलिस को सूचना मिली थी कि आतंकवादी समूह ने जश्न के दौरान, खासतौर पर गैर-मुस्लिम समुदाय के लोगों को निशान बनाने का आह्वान किया था। 137 संदिग्धों के खिलाफ वारंट जारी किए थे, जिनमें से 115 को हिरासत में लिया गया है।

SPEED News

यूक्रेन के राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की ने कहा कि

वह रविवार को फ्लॉरिडा में ट्रंप से मुलाकात करेंगे। दोनों नेता यूक्रेन के लिए सुरक्षा गारंटी पर चर्चा करेंगे।

UAE के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन

जायद अल नाहयान शुक्रवार को पाकिस्तान की पहली आधिकारिक यात्रा पर रावलपिंडी पहुंचे।

चीन ने US की 20 रक्षा कंपनियों पर बैन

लगा दिया। ताइवान को 11.1 अरब डॉलर के हथियार बिक्री पैकेज को US के मंजूरी देने पर यह ऐक्शन हुआ है।

जापान में कारखाने में चाकू से हमला

■ एपी, तोक्यो (जापान): मध्य जापान के एक कारखाने में शुक्रवार को चाकू से हमला किए जाने की घटना में 8 लोग घायल हो गए और 7 अन्य लोग शरीर पर केमिकल फेंके जाने से झुलस गए। इस संबंध में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। फुजिसान नानो अग्निशमन विभाग के अनुसार, तोक्यो के पश्चिम में शिनुओका प्रांत में वारदात हुई।

कनाडा में भारतीय की हत्या

■ **पीटीआई, टोरंटो:** कनाडा के टोरंटो में यूनिवर्सिटी ऑफ टोरंटो स्कारबोरो (UTSC) कैंपस के पास 20 साल के भारतीय छात्र शिवांक अवस्थी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस को मंगलवार दोपहर करीब साढ़े 3 बजे सड़क एक घायल व्यक्ति के जमीन पर पड़े होने की सूचना मिली थी। पुलिस के अनुसार, इलाके से गुजर रहे एक व्यक्ति ने शव देखकर सूचना दी थी। गोली मारने के बाद आरोपी मौके से भाग गया था। टोरंटो स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास ने छात्र की मौत पर गहरा शोक जताया और कहा है कि वह पीड़ित परिवार के संपर्क में है। साथ ही स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर हर संभव सहायता प्रदान कर रहा है।

शिवांक अवस्थी

कनाडा में मौत, अस्पताल पर आरोप

■ NBT रिपोर्ट: कनाडा के एडमॉन्टन शहर में भारतीय मूल के प्रशांत श्रीकुमार (44) की मौत के बाद अस्पताल पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगे हैं। उनकी पत्नी का कहना है कि ग्रे नन्स कम्युनिटी हॉस्पिटल ने समय पर इलाज न देकर उनके पति को मार डाला। पत्नी के अनुसार, प्रशांत को दोपहर अस्पताल लाया, पर रात 8:50 तक सही इलाज नहीं मिला।

BLAZERS SUITS & JACKETS SALE
upto 60% off
2026 Happy New Year
Formal • Casual • Party Collection
Men & Women wear
By Economy Sales: 9212758425
Formal & Wedding collection
ARROW | Raymond | Colorplus | LOUIS PHILIPPE | PARK AVENUE
• PUNCHKUIAN ROAD, Garwal Bhawan, (Near Jhandewalan, Gole Chkr.)
• GURUGRAM 306, City Center, Sector 29 (Near Hotel Pilazio)
• WAZIRPUR A-5, Near Richi Rich Banquet (Opp. Shalimar Bagh)
• NOIDA, Nirula's Sec-2, Near Metro Station, Sec-15, Noida, UP
• LAJPAT NAGAR, 49, Main Ring Road, Adj. Haldi Ram, Near Moolchand Crossing

TRUE VALUE
MARUTI SUZUKI
ग्रेट प्री—ओन्ड कार—निवाल
कार कार्निवल में आपका स्वागत है!
इस कारनिवाल में पाए बेहतरीन क्वालिटी की प्री—ओन्ड कारें, वो भी कमाल के दामों पर, आकर्षक फाइनेंस ऑप्शंस के साथ!
शानदार ऑफ़र्स पाने के लिए विजिट करें: ₹1 000* तक का MSGA पायें।
स्थान: निकटतम True Value शोरूम
दिनांक: 27-12-2025 से 28-12-2025

*नियम व शर्तें लागू। रचनात्मक प्रस्तुतीकरण। दिखाए गए एक्सेसरीज और विशेषताएं मानक फिटमेंट का हिस्सा नहीं हो सकती हैं। कागज पर प्रिंटिंग के कारण कार का रंग भिन्न हो सकता है। चित्र उदाहरण के उद्देश्य से उपयोग किए जाते हैं। मारुति सुजुकी को बिना किसी पूर्व सूचना के किसी भी समय ऑफर वापस लेने का अधिकार है। ऑफर स्टॉक समाप्त होने तक वैध है। ऑफर केवल चुनिंदा मॉडल्स और चुनिंदा राज्यों में वैध है। शहर मॉडल और वेरिएंट के आधार पर ऑफर भिन्न हो सकते हैं। फाइनेंस करना पूरी तरह फाइनेंसर के शर्तों पर होगा।

WEST DELHI: DWARKA, SEC- 14 PREM: 7065003344, DWARKA, SEC- 28 MAGIC AUTO: 9910690463 | MOTI NAGAR, MAGIC AUTO: 9971391122, 9717690037, 9910690463 | MAYAPURI, SHREYASH: 8929022858 | NORTH DELHI: MUNDKA, JAGMOHAN: 9254028602, 9254026412 | BADLI, COMPETENT AUTOMOBILES: 8860121213, TR SAWHNEY: 9999399124 | PRASHANT VIHAR, RANA MOTORS: 9643408595, 9205553234 | GTK, RANA MOTORS: 858885043, SAYA AUTO: 9560568162, 8368178332 | EAST DELHI: KONDLI, FAIR DEAL WHEELS PVT. LTD. : 9911259288 | GHAZIPUR, SINGLA LINK: 8130491405 | SOUTH DELHI: SARITA VIHAR, ROHAN MOTORS: 9717396682, 9999700155 | KIRTI NAGAR, AAA VEHICLEADES: 9205584642, 8448591644.

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 27-12-2025 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAHBP User: vivek.kumar4 Time: 12-26-2025 21:13 Color:

जोयआलुक्कास

Joyalukkas
World's favourite jeweller

उपहारों का मौसम

साल का अंत करें
शानदार ऑफर्स के साथ



SHOP NOW

ओल्ड गोल्ड एक्सचेंज
पाएं ₹250
प्रति ग्राम अतिरिक्त*

फ्लैट
25% छूट
हीरे और बिना कटे हीरों के मूल्य पर

*T&C apply

ऑफर 4 जनवरी 2026 तक मान्य

18K, 21K और 22K के सोने के आभूषणों के लिए एक्सचेंज उपलब्ध है। यह सोने के सिक्के और बार पर लागू नहीं है.

HDFC BANK
Up to ₹3,000 Instant Discount* on HDFC Bank Credit Cards
Min Txn: ₹70000, Max Cap: ₹3000; Validity: 24th Dec 2025 to 26th Jan 2026. T&C Apply

NEW DELHI: PUSA ROAD, PH: 011 25722777 • GURGAON: GOLD SOUK, PH: 0124 2577455
NOIDA: SOM DATT TOWER, MOB: 09811664916 • SOUTH EX.: NEAR SOUTH EX. FLYOVER. PH: 011 24333343
INDIA • USA • UK • UAE • OMAN • QATAR • BAHRAIN • KSA • KUWAIT • SINGAPORE • MALAYSIA • AUSTRALIA

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 27-12-2025 Zone: Mahanagar Edition: 2 Page: NBTMAH02 User: ccl Time: 12-26-2025 23:39 Color:

HC ने केंद्र से पूछा, एयर प्यूरीफायर पर GST क्यों नहीं घटाया जा सकता

एयर प्यूरीफायर को 'मेडिकल डिवाइस' घोषित कर टैक्स कम करने की अपील

फिर बढ़ा पल्यूशन: 27 से 29 दिसंबर तक प्रदूषण का स्तर बेहद खराब रहेगा। दिल्ली का AQI 332 रहा।

उठाया सवाल, एयर प्यूरीफायर लग्ज़री की चीज़ या ज़रूरत? | GST कम करने की मांग वाली याचिका का केंद्र ने किया विरोध

■ पीटीआई, नई दिल्ली

दिल्ली-NCR में दमघोंटू हवा के बीच एक बड़ा सवाल खड़ा हुआ है। क्या एयर प्यूरीफायर लग्जरी की चीज है या जरूरत? एयर प्यूरीफायर पर लगने वाले GST को लेकर दिल्ली हाई कोर्ट में अहम सुनवाई हुई। एक जनहित याचिका में एयर प्यूरीफायर को 'मेडिकल डिवाइस' घोषित कर टैक्स कम करने की अपील की गई थी, ताकि ये आम जनता के लिए किफायती हो सकें।

केंद्र सरकार ने इस मांग का विरोध किया। दूसरी ओर, हाई कोर्ट ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि गंभीर प्रदूषण को देखते हुए आम आदमी के लिए एयर प्यूरीफायर को किफायती बनाने के लिए जीएसटी को क्यों नहीं घटाया जा सकता। 10,000 से 60,000 तक की कीमत के कारण ये उपकरण आम आदमी की पहुंच से बाहर हैं। सुनवाई में केंद्र की ओर से एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एन. वेंकटरमण ने कहा कि अगर अदालत इस मामले में कोई निर्देश देती है, तो यह कानून बनाने के अधिकार में दखल होगा। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार इस मामले में एक जवाबी हलफनामा दाखिल करेगी। जस्टिस विकास महाजन और विनोद कुमार की बेंच ने केंद्र सरकार को याचिका पर अपना जवाब दाखिल करने के लिए 10 दिन का समय दिया। एडवोकेट कपिल मदन की दायर याचिका में कहा गया है कि दिल्ली में एयर प्यूरीफायर को लग्जरी नहीं माना जा सकता है। बेंच ने याचिकाकर्ता से कहा कि पिछली सुनवाई में भी अदालत उसके साथ थी क्योंकि जो मुद्दा उठाया गया है वह ऐसा है जिससे हर कोई चिंतित है। इस बात से सहमत होते हुए केंद्र से एएसजी ने कहा कि इस मामले पर उच्च स्तरीय स्तर पर विचार-विमर्श किया गया जिसमें वित्त मंत्री भी शामिल थीं।



दो दिन बाद पल्यूशन का स्तर फिर बेहद खराब हुआ

दो दिन बाद एक बार फिर प्रदूषण का स्तर बढ़कर बेहद खराब हो गया है। पूर्वानुमान के अनुसार अगले दस दिनों तक यह बेहद खराब ही रहने वाला है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB) के एयर बुलेटिन के अनुसार दिल्ली का AQI 332 रहा। फरीदाबाद का 234, गाजियाबाद का 382, ग्रेटर नोएडा का 394, गुरुग्राम का 312 और नोएडा का 376 रहा।

पूर्वानुमान के अनुसार 27 से 29 दिसंबर तक प्रदूषण का स्तर बेहद खराब रहेगा। इसके बाद अगले छह दिनों तक भी यह बेहद खराब बना रह सकता है। शुक्रवार को हवाओं की गति 5 से 10 किलोमीटर प्रति घंटे तक रही। शनिवार को हवाओं की गति 5 से 15 किलोमीटर प्रति घंटे, रविवार को 10 से 15 किलोमीटर प्रति घंटे तक रह सकती है।

हेल्थ इमरजेंसी है पल्यूशन

डॉक्टरों की चेतावनी, हवा में घुली है बीमारी, आने वाले साल होंगे और खराब

- डॉक्टरों ने बताया कि प्रदूषित हवा में सांस लेने से दिल और फेफड़ों दोनों पर असर पड़ रहा है।
- केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने संसद में माना कि दिल्ली में करीब 40 फीसदी प्रदूषण परिवहन क्षेत्र से आता है।
- 2022 में भारत में PM2.5 प्रदूषण से 17 लाख से ज्यादा मौतें हुईं--

■ पीटीआई, नई दिल्ली

कोविड-19 के बाद भारत जिस सबसे बड़े स्वास्थ्य संकट की ओर बढ़ रहा है, वह पल्यूशन है। यूके में काम कर रहे भारतीय मूल के वरिष्ठ डॉक्टरों के मुताबिक करोड़ों लोग ऐसे हैं, जिनमें एयरवे डिजीज और फेफड़ों की समस्याएं की न तो समय पर जांच होती है और न ही इलाज और इसका असर आगे चलकर पूरे शरीर पर दिखता है।

यूके के लिवरपूल में कंसल्टेंट पल्मोनोलॉजिस्ट और भारत की कोविड-19 सलाहकार कमिटी के पूर्व सदस्य डॉ. मनीष गौतम ने कहा कि पल्यूशन पर सरकार का ध्यान देना जरूरी है, लेकिन यह सच भी स्वीकार करना होगा कि उत्तर भारत में रहने वाले लाखों लोगों के फेफड़ों को नुकसान पहले ही हो चुका है। डॉक्टरों ने यह भी बताया कि गाड़ियों और विमानों से निकलने वाले जहरीले धुएं के कारण लोग लगातार प्रदूषित हवा में सांस ले रहे हैं, जिससे दिल और फेफड़ों दोनों पर असर पड़ रहा है। हाल ही में केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने संसद में माना कि दिल्ली में करीब 40 फीसदी प्रदूषण परिवहन क्षेत्र से आता है। उन्होंने बायोफ्यूल जैसे साफ विकल्प अपनाने की जरूरत पर जोर दिया। इस समस्या से निपटने के लिए लगातार रिसर्च की जा रही है। वहीं संसद के शीतकालीन सत्र में सरकार ने कहा कि एयर क्वॉलिटी इंडेक्स और बीमारियों के बीच सीधा संबंध साबित करने वाला पुख्ता डेटा नहीं है, हालांकि यह माना गया कि एयर पल्यूशन सांस की बीमारियों को बढ़ाने वाला एक बड़ा कारण है। दिसंबर में दिल्ली के अस्पतालों में सांस से जुड़ी समस्याओं वाले मरीजों की संख्या में 20 से 30 फीसदी तक बढ़ोतरी दर्ज की गई। इनमें बड़ी संख्या में युवा और पहली बार इलाज कराने वाले मरीज भी शामिल हैं।

डॉक्टरों ने माना कि लाखों लोगों के फेफड़ों को पहले ही हो चुका है नुकसान

वहीं लैंसेट की रिपोर्ट के अनुसार, 2022 में भारत में PM2.5 प्रदूषण से 17 लाख से ज्यादा मौतें हुईं।

विशेषज्ञों का साफ कहना है कि अब साफ हवा को प्राथमिकता देना मजबूरी बन चुका है, वरना आने वाले सालों में यह संकट और गहराएगा।



शुक्रवार को 22.3 डिग्री रहा अधिकतम तापमान

कोहरे का येलो अलर्ट

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** आज और कल एक बार फिर कोहरा वापसी कर सकता है। वीकेंड पर दोनों दिन शनिवार और रविवार को कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया गया है। अधिकांश जगहों पर मध्यम और कुछ जगहों पर घना कोहरा रह सकता है। दिन बढ़ने के साथ कोहरा छंट जाएगा और धूप खिलेगी। अधिकतम तापमान में मामूली कमी आ सकती है। आईएमडी के अनुसार शुक्रवार को अधिकतम तापमान 22.3 डिग्री रहा। वहीं न्यूनतम तापमान 7.7 डिग्री रहा।

संवारी जाएंगी सड़कें

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** साउथ दिल्ली के मां आनंदमयी मार्ग पर क्राउन प्लाजा रेड लाइट, सीमापुरी गोल चक्कर, दिल्ली गेट चौक, छत्ता रेल ब्रिज और प्रेस एन्क्लेव रोड टी-जंक्शन का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। सड़कों के सौंदर्यीकरण पर पीडब्ल्यूडी करीब 7.70 करोड़ रुपये खर्च करेगा। इन सभी सड़कों के सौंदर्यीकरण के अलावा वेस्ट, नॉर्थ और नॉर्थ-वेस्ट दिल्ली की कुछ सड़कों के सौंदर्यीकरण का भी प्लान तैयार किया जा रहा है, जिसके तहत सड़कों पर कई तरह के काम किए जाएंगे।

GRAP के तहत 24 घंटे में 4927 गाड़ियों की जांच, 3970 चालान

ऐक्शन तेज़, राजधानी में प्रदूषण फैला रहीं 28 बसों को 24 घंटे में किया ज़ब्त

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

प्रदूषण के खिलाफ दिल्ली सरकार की सख्ती जारी है। दिल्ली की हवा को खराब करने के मामले में पिछले 24 घंटे में 28 बसें जब्त की गईं और इस महीने अब तक 100 बसों के खिलाफ एक्शन लिया जा चुका है। इस अभियान के तहत 4927 गाड़ियों की जांच की गई, जिसमें दिल्ली ट्रैफिक पुलिस द्वारा PUC सर्टिफिकेट मामले में 2390 चालान किए गए, ट्रांसपोर्ट एनफोर्समेंट ने PUC के तहत 285 चालान और ANPR कैमरों के जरिए 1114 चालान जारी किए हैं। इसके अलावा ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट ने GRAP नियमों के उल्लंघन करने पर 11 गाड़ियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जुर्माना भी लगाया, जबकि दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने GRAP से जुड़े 170 चालान जारी किए हैं। जांच के बाद कुल 238 गाड़ियों को नियमों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देशों के साथ वापस किया गया।

इस महीने अब तक 100 बसों के खिलाफ एक्शन लिया जा चुका है

पिछले दिनों कई पीयूसी पर गलत तरीके से सर्टिफिकेट जारी करने के आरोप लगाए गए थे। ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट ने गलत तरीके से काम करने वाले 28 पल्यूशन अंडर कंट्रोल (PUC) सेंटर को सस्पेंड कर दिया है, जबकि 2 सेंटर का लाइसेंस कैंसल कर दिया गया है। साथ ही दो अन्य PUC सेंटर के खिलाफ भी कार्रवाई शुरू की गई है। दिल्ली के गोकुलपुरी थाने में एक PUC सेंटर के खिलाफ PUCC जारी करने में अनियमितता के आरोप पर पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई गई है। दिल्ली सरकार के परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट के वरिष्ठ अधिकारियों को पूरी दिल्ली के PUC सेंटर का दौरा करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही किसी भी तरह की गड़बड़ी की जानकारी मिलने की सूचना तुरंत मंत्री को दी जाए। दूसरे राज्यों की गाड़ियों के लिए जारी फर्जी PUCC की समस्या को लेकर दिल्ली ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट ने यूपी और हरियाणा के ट्रांसपोर्ट विभाग से अपील की है कि वे नियम तोड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई करें।

स्टडी TERI ने अपनी एक स्टडी में किया यह दावा, मार्केट में उपलब्ध ऐसे प्रोडक्ट महंगे हैं, लोगों को इनकी जानकारी नहीं

यमुना में झाग कम कर सकता है इको फ्रेंडली डिटर्जेंट : रिपोर्ट

NBT 2 मिनट में पढ़ें

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

प्लांट बेस्ड फॉर्मूले से तैयार इको फ्रेंडली डिटर्जेंट का इस्तेमाल कर यमुना में झाग की समस्या को खत्म किया जा सकता है। यह इको फ्रेंडली प्रोडक्ट कोकोनट और कॉर्न जैसी चीजों से तैयार किए गए हैं। यह सफाई के लिए नैचुरल एन्जाइम (enzymes) का इस्तेमाल करते हैं। यह दावा किया है द एनर्जी एंड रिसोर्स इंस्टिट्यूट (टेरी) की यमुना के झाग पर आधारित रिपोर्ट में।

रिपोर्ट में कहा गया है कि अधिकांश कंपनियां डिटर्जेंट में इस्तेमाल चीजें को नहीं बताते। हालांकि मार्केट के विश्लेषण बताते हैं कि ज्यादातर डिटर्जेंट फास्फेट और सल्फेट पर आधारित हैं। यह दोनों पर्यावरण के लिए खतरा है।

इस रिपोर्ट में 11 प्रमुख ब्रैंड के डिटर्जेंट की टेस्ट रिपोर्ट भी है। इसमें कहा गया है कि इन डिटर्जेंट्स में झाग बनाने वाले एजेंट का स्तर 10.10 से 21.13 प्रतिशत तक है। यह जलीय जीव के लिए भी नुकसानदेह है। 11 में तीन डिटर्जेंट में फास्फेट पाया गया। यह मछलियों की मौत की वजह भी बन सकता है। इसके अलावा इनमें पानी में न घुलने वाले मिनरल जैसे कैल्साइट, काओलिन और पाइरोफिलाइट 11 में से 10 सैंपल में मिला। इसका स्तर 3.10 से 33.35 प्रतिशत तक रहा। यह मिनरल रिवर बेड (नदी की निचली सतह) पर जम जाते हैं और नदी की गहराई कम कर बाढ़ का खतरा बढ़ाते हैं।

सामान्य डिटर्जेंट की रेंज 70 से 190 रुपये प्रति किलो है। वहीं इको फ्रेंडली डिटर्जेंट की रेंज 200 से 400 रुपये तक है। टेरी के अनुसार इको फ्रेंडली डिटर्जेंट के बारे में लोगों को जानकारी नहीं है। लोगों के बीच अवेयरनेस कैंपेन चलाने के साथ इन्हें सपोर्ट करने की जरूरत है। रिपोर्ट में साफ कहा गया है कि नदियों में झाग की समस्या सिर्फ यमुना तक सीमित नहीं है बल्कि दुनिया में कई नदियां इस समस्या से जूझ रही हैं।

कहां से पहुंच रहा है डिटर्जेंट नदियों में : घरों में इस्तेमाल हो रहा डिटर्जेंट नालों के जरिए नदियों में जा रहा है। वहीं धोबी घाटों, लॉन्ड्री क्लस्टर से भी डिटर्जेंट सीधे नदियों में पहुंच रहा है।

डिटर्जेंट के हॉट स्पॉट : अक्षरधाम, खिचड़ीपुर, रेलवे कॉलोनी धोबी घाट से काफी मात्रा में अनट्रीटेड पानी डिटर्जेंट लेकर गणेश नगर ड्रेन, शाहदरा ड्रेन और 12ए ड्रेन से यमुना में पहुंच रहा है, जिससे यमुना में यह समस्या पैदा हो रही है।

घरों में इस्तेमाल होने वाला डिटर्जेंट नालों के जरिए नदियों में पहुंच रहा है

- यह इको फ्रेंडली प्रोडक्ट कोकोनट और कॉर्न जैसी चीजों से तैयार किए गए हैं
- हालांकि यह प्रोडक्ट्स पारंपरिक ब्रैंडेड डिटर्जेंट की तुलना में काफी महंगे होते हैं
- ज्यादातर डिटर्जेंट फास्फेट और सल्फेट पर आधारित हैं। यह दोनों पर्यावरण के लिए खतरा है

निगरानी और सख्ती की जरूरत

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

इससे पहले भी एक्सपर्ट साफ तौर पर दावा कर चुके हैं कि यमुना में झाग की बड़ी वजह डिटर्जेंट है। इस समस्या को कम करने के लिए जून 2021 में दिल्ली सरकार ने बीआईएस स्टैंडर्ड के साबुन और डिटरजेंट की बिक्री, स्टोरेज, ट्रांसपोर्टेशन और मार्केटिंग के निर्देश दिए थे। सभी सब स्टैंडर्ड साबुन और डिटरजेंट पर प्रतिबंध लगाया गया था। लेकिन इस मामले में अधिक कार्रवाई नहीं की गई। करीब पांच साल बाद भी यह समस्या बनी हुई है। कुछ सालों से डीपीसीसी ने अपनी यमुना के पानी की मंथली रिपोर्ट में फास्फेट और अमोनियम नाइट्रेट की जांच भी शुरू की तो यह पाए जा रहे हैं। बिना निगरानी व सख्ती के हल संभव नहीं है।

2025 में हमारी दिल्ली ने देखीं ये 10 बड़ी घटनाएं

1 गणतंत्र दिवस परेड: वर्ल्ड रेकॉर्ड (जनवरी)
जनवरी 2025 में कर्तव्य पथ पर आयोजित गणतंत्र दिवस परेड खास रही। 5,000 से अधिक कलाकारों ने एक साथ लोक नृत्य प्रस्तुत किया। यह आयोजन दुनिया का सबसे बड़ा लोक नृत्य प्रदर्शन बनकर गिनीज वर्ल्ड रेकॉर्ड में दर्ज हुआ।

2 नई दिल्ली स्टेशन पर भगदड़ (फरवरी)
फरवरी में नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर बड़ा हादसा हुआ। महाकुंभ जाने वाले यात्रियों की भारी भीड़ के कारण प्लेटफॉर्म 14-15 के फुटब्रिज पर भगदड़ मच गई। इस हादसे में 18 लोगों की मौत हुई, जबकि रेलवे की भीड़ प्रबंधन व्यवस्था सवालों में आ गई।

4 दिल्ली बजट 2025 (मार्च)
मार्च 2025 में नई सरकार ने अपना पहला बजट पेश किया। इसमें MCD के लिए 6,897 करोड़ और परिवहन क्षेत्र के लिए 12,952 करोड़ का प्रावधान किया गया। महिलाओं के लिए स्मार्ट कार्ड योजना और 500 नई ई-बसों का ऐलान भी किया गया।

3 दिल्ली विधानसभा चुनाव (फरवरी)
फरवरी 2025 में हुए दिल्ली विधानसभा चुनाव साल की सबसे बड़ी राजनीतिक घटना रहे। बीजेपी ने 27 साल बाद सत्ता में वापसी करते हुए बहुमत हासिल किया। रेखा गुप्ता दिल्ली की नई मुख्यमंत्री बनीं। इस नतीजे ने राजधानी की राजनीति की दिशा और एजेंडा दोनों बदल दिए।

5 कृत्रिम बारिश की कोशिश (अक्टूबर): गंभीर प्रदूषण से राहत पाने के लिए कृत्रिम बारिश की संभावनाओं पर काम हुआ। क्लाउड सीडिंग को लेकर परीक्षण की योजनाएं बनीं। हालांकि यह प्रयास बहस और उम्मीद, दोनों का विषय बना रहा।

6 लाल किले के पास धमाका (नवंबर): 10 नवंबर को लाल किला मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर-1 के पास एक कार में हुए विस्फोट ने राजधानी को हिला दिया। इस दर्दनाक घटना में करीब 13 लोगों की मौत हुई।

7 लाल किले में 350वां शहीदी दिवस (नवंबर): लाल किले में गुरु तेग बहादुर के शहीदी दिवस पर हुआ कार्यक्रम। धार्मिक कार्यक्रमों और कीर्तन के साथ ऐतिहासिक स्थल श्रद्धा का केंद्र बना रहा। बड़ी संख्या में देश-विदेश से आए श्रद्धालुओं ने इस आयोजन में भाग लिया।



8 अटल कैंटीन खुली (दिसंबर)
दिल्ली में अटल कैंटीन की शुरुआत हुई। इसका उद्देश्य जरूरतमंदों और कामकाजी वर्ग को सिर्फ 5 रुपये में पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराना रहा। जल्द ही इनकी संख्या 100 हो जाएगी।

9 दिल्ली का नया नक्शा: (दिसंबर)
प्रशासनिक सुधार के तहत दिल्ली के जिलों का पुनर्गठन किया गया। 11 जिलों की जगह 13 जिले बनाए गए। सरकार का दावा रहा कि इससे प्रशासनिक समन्वय बेहतर होगा और नागरिक सेवाएं ज्यादा प्रभावी होंगी।

10 प्रदूषण के रेकॉर्ड टूटे (दिसंबर): दिसंबर 2025 में दिल्ली का प्रदूषण चरम पर पहुंच गया। 14 दिसंबर को AQI 461 दर्ज किया गया, जो पिछले आठ सालों में सबसे खराब रहा। GRAP-4 की पाबंदियां भी झेलनी पड़ीं। जहरीली हवा ने लोगों को घरों में कैद कर दिया और स्वास्थ्य सेवाओं पर भारी दबाव डाला। विरोध में लोग सड़कों पर भी उतरे।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 27-12-2025 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH03 User: cci Time: 12-26-2025 22:43 Color:

मोती बाग के पार्क में एक युवक की हत्या, दूसरा गंभीर रूप से घायल

■ नवीन निश्चल, मोती बाग

साउथ वेस्ट डिस्ट्रिक्ट के मोती बाग इलाके के पार्क में एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई जबकि मृतक का साथी घायल है। मृतक की पहचान कुशल (20) जबकि घायल की पहचान कार्तिक (19) के रूप में हुई है। उसको सफदरजंग हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है जहां हालत चिंताजनक बनी हुई है।

डीसीपी साउथ वेस्ट अमित गोयल ने बताया कि शुक्रवार सुबह 5:14 बजे सफदरजंग हॉस्पिटल से साउथ कैंपस थाना की पुलिस को वारदात के बारे में सूचना मिली थी। जांच अधिकारी को हॉस्पिटल भेजा गया। दोनों युवक की शरीर पर चाकू के जख्म के निशान थे। पता चला कि मृतक शास्त्री मार्केट झुग्गी में परिवार के साथ रहता था। उसके पिता मनोज सुबह गंभीर रूप से घायल हालत में 7:15 बजे हॉस्पिटल लेकर आए थे। लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कार्तिक नाम के एक और लड़के को भी उसी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार कुशल राजौरी गार्डन के एक प्ले स्कूल में जॉब करता था जबकि घायल कार्तिक ओखला की एक प्राइवेट कंपनी में काम करता था। साउथ कैंपस थाना पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

रात में दोस्त के यहां गया, सुबह हो गया मर्डर

मोती बाग के जिस पार्क में हुई वारदात, वहां जांच करती पुलिस की टीम, मौके पर मौजूद इलाके के लोग

कुशल की हत्या से पूरा परिवार सदमे में है। किसी को समझ नहीं आ रहा है कि रात में दोस्त के यहां गया था और ऐसा क्या हुआ कि हत्या कर दी गई। उसके दोस्त को भी बुरी तरह घायल कर दिया। मृतक की बहन ने बताया कि सुबह पापा को जब पता चला तो भागकर पार्क में पहुंचे। वहां देखा कुशल और कार्तिक को चाकू लगा हुआ है। तुरंत दोनों को लेकर सफदरजंग अस्पताल पहुंचे जहां डॉक्टरों ने उनके भाई कुशल को मृत घोषित कर दिया। हत्या की वजह पता नहीं चल पाया है। किसी से कोई झगड़ा के बारे में भी कभी उसने घर में नहीं बताया था। रात में खाना खाकर साढ़े 11 बजे दोस्त कार्तिक के पास सोने गया था। पता चला बाथरूम के लिए तड़के निकला। फिर पार्क में क्या हुआ, क्या नहीं, दोनों घायल मिले। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिस पार्क में यह वारदात हुई है, उसमें पहले भी इस तरह की चार-पांच घटना हो चुकी है। यह पार्क चारों तरफ से खुला हुआ है और कहीं से भी कोई आ जा सकता है।

कुशल प्ले स्कूल में जॉब करते थे

किसी से झगड़े के बारे में भी कभी उसने घर में नहीं बताया था, फिर ऐसा क्या हुआ कि मर्डर हुआ, परिजन

नाले में मिला शव, हत्या की आशंका

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: खजूरी खास नाले में शुक्रवार सुबह एक शख्स का शव मिला। आशंका जताई जा रही है कि हत्या के बाद शव को नाले में फेंका गया होगा। फिलहाल पुलिस शव की पहचान करने और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने का इंतजार कर रही है।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार सुबह लगभग 10:00 बजे, पुलिस स्टेशन खजूरी खास को नाले में एक शव पड़े होने की सूचना मिली। खजूरी के बी-ब्लॉक के पास घटनास्थल पर पहुंचने पर, लगभग 35 वर्षीय एक अज्ञात पुरुष का शव मिला। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। पुलिस स्टेशन खजूरी खास में धारा 194 बीएनएसएस के तहत कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। मामले की आगे की जांच जारी है।

पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने का इंतजार कर रही पुलिस

गांव-गांव तक पक्की सड़क, पक्के इरादे

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बीते साढ़े 11 वर्षों में करीब **1.47 लाख स्कूल, 83 हज़ार हॉस्पिटल** और **1.39 लाख कृषि केंद्र** और **3.28 लाख परिवहन संसाधन** सड़क नेटवर्क से जुड़े

ग्रामीण विकास से राष्ट्र निर्माण

CBC 35101/13/0043/2526

सत्यमेव जयते

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार

खाद्य, आपूर्ति और उपभोक्ता मामले विभाग

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना
लाभार्थी सम्मान समारोह

दिनांक : 27 दिसम्बर 2025 । समय : 02:00 बजे
स्थान : त्यागराज स्टेडियम, आई.एन.ए. नई दिल्ली

मुख्य अतिथि
श्रीमती रेखा गुप्ता
मुख्यमंत्री, दिल्ली सरकार

अध्यक्षता
मनजिंदर सिंह सिरसा
कैबिनेट मंत्री, खाद्य एवं आपूर्ति, उद्योग, वन एवं पर्यावरण, दिल्ली सरकार

गरिमामयी उपस्थिति
सुश्री बांसुरी स्वराज
सांसद, नई दिल्ली

DIP/Shabdarth/Display/0108/25-26

लैपटॉप बैट्री रिपेयर दुकान में लगी आग, एक की हुई मौत

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

मुस्तफाबाद के नेहरू विहार इलाके में शुक्रवार सुबह लैपटॉप बैटरी मरम्मत करने की दुकान में भीषण आग लग गई। सूचना के बाद मौके पर स्थानीय पुलिस और दमकल विभाग की गाड़ियां पहुंच गईं। करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। उसके बाद सर्च अभियान चलाया गया। सर्च अभियान के दौरान एक भाई जुनैद (20) बुरी तरह से जली हुई हालत में मिला। जबकि दूसरा भाई साबिर (23) भी आग की चपेट में आ गया था। दोनों भाइयों को जीटीबी अस्पताल भेजा गया। जहां पर डॉक्टरों ने जुनैद (20) को मृत घोषित कर दिया। जबकि साबिर (23) को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई। फिलहाल दयालपुर पुलिस ने बीएनएस की धारा 106(1)/287/324(4) के तहत मामला दर्ज किया है। मौके से फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं। मामले की आगे की जांच जारी है।

तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर पाया गया काबू

नॉर्थ ईस्ट जिला के डीसीपी आशीष मिश्रा ने बताया कि आग नेहरू विहार के गली संख्या 18/8 में चार मंजिला इमारत के ग्राउंड फ्लोर की एक दुकान में लगी थी। दुकान में लैपटॉप की बैटरी के मरम्मत का काम किया जाता है। शुक्रवार सुबह करीब 6:25 बजे पुलिस और दमकल विभाग को आग लगने की सूचना मिली थी। सूचना के बाद मौके पर स्थानीय पुलिस और दमकल विभाग की पांच गाड़ियां पहुंच गईं। फिर बचाव कार्य शुरू किया। करीब तीन घंटे के मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इसके बाद सर्च ऑपरेशन के दौरान ग्राउंड फ्लोर पर ही बने मेजानाइन तल (दो छत्ती) से जुनैद बुरी तरह से जले हुए मिले। जबकि समीर भी आग की चपेट में आने से झुलस गए थे। दोनों को पहले जग प्रवेश चंद्र अस्पताल भेजा गया। लेकिन हालत गंभीर होने के कारण वहां से रेफर कर जीटीबी अस्पताल ले जाया गया। लेकिन जुनैद को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं समीर को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई। आग की चपेट में आने से एक बाइक और स्कूटी भी जलकर खाक हो गई। दमकल विभाग के मुताबिक, आग दुकान में मौजूद लैपटॉप की बैटरियों के स्टोरेज और घरेलू सामान में लगी। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता किया जा रहा है।

अनुबंध - 'क'

भारतीय भूमि पत्तन प्राधिकरण
(गृह मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक सांविधिक निकाय)

विभिन्न पदों पर नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित

भारतीय भूमि पत्तन प्राधिकरण ने आवेदन ई-13012/1/2025/एलपीएआई/भर्ती एफटीएस संख्या 3748400 दिनांक 10.11.2025 के माध्यम से केंद्र/राज्य सरकार/संघ शासित प्रशासन/सांविधिक निकाय/स्वायत्त निकाय के सेवारत कर्मचारियों से भारतीय भूमि पत्तन प्राधिकरण मुख्यालय, नई दिल्ली और अटारी और डेरा बाबा नानक (पंजाब), पेट्रापोल (पश्चिम बंगाल), रक्सौल और जोगबनी (बिहार), मोरेह (मणिपुर), डॉकी (मेघालय), रूपैडिहा (यूपी), अगरतला, सबरूम और श्रीमंतपुर (त्रिपुरा), सुतारकंदी, मनकाचार, दर्रांगा और गोलकगंज (असम) एकीकृत जांच चौकियों में नीचे उल्लिखित किए गए अनुसार वेतन मैट्रिक्स स्तर (7वें वेतन आयोग) के स्तर 6,11 और 13 में विभिन्न पदों को प्रतिनियुक्ति पर (विदेश सेवा) भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं: -

भारतीय भूमि पत्तन प्राधिकरण सचिवालय, नई दिल्ली

क्रम सं.	पद का नाम	पूर्व-संशोधित वेतन बैंड + ग्रेड वेतन	वेतन मैट्रिक्स स्तर (7 वीं सीपीसी)	पदों की संख्या	पात्रता मापदंड
1.	सतर्कता अधिकारी	वेतन बैंड-4 + 8700	स्तर-13	01	या तो स्तर 12 पर 5 वर्ष या स्तर 11 पर 10 वर्ष
2.	सहायक अभियंता (सिविल) *	वेतन बैंड-2 + 4600	स्तर -7	01	स्तर 6 पर 5 वर्ष
3.	सहायक	वेतन बैंड-2 + 4200	स्तर-6	02	स्तर 5 पर 6 वर्ष
4.	कनिष्ठ अभियंता (सिविल)	वेतन बैंड-2 + 4200	स्तर-6	02	स्तर 5 पर 5 वर्ष
5.	कनिष्ठ अभियंता इलेक्ट्रिकल)	वेतन बैंड-2 + 4200	स्तर -6	02	स्तर 5 पर 5 वर्ष
6.	निजी सहायक*	वेतन बैंड-2 + 4200	स्तर -6	02	या तो स्तर 5 पर 6 वर्ष या स्तर 4 पर 10 वर्ष
			उप-योग (A)	10	

एकीकृत जांच चौकियों के लिए

क्रम संख्या	पद का नाम	पूर्व-संशोधित वेतन बैंड + ग्रेड वेतन	वेतन मैट्रिक्स स्तर (7 वीं सीपीसी)	पदों की संख्या	पात्रता मापदंड
1.	मुख्य पत्तन प्रशासक	वेतन बैंड-4 + 8700	स्तर-13	05	या तो स्तर 12 पर 5 वर्ष या स्तर 11 पर 10 वर्ष
2.	पत्तन प्रशासक *	वेतन बैंड-3 + 6600	स्तर-11	02	या तो स्तर 10 पर 5 वर्ष या स्तर 8 पर 8 वर्ष
3.	पत्तन कार्यकारी	वेतन बैंड-2 + 4200	स्तर -6	47	या तो स्तर 5 पर 6 वर्ष या स्तर 4 पर 10 वर्ष
			उप-योग (बी)	54	
			कुल योग (A+B)	64	

* **दिनांक 10-11-2025 के पूर्व विज्ञापन में, पत्तन प्रशासक का एक पद और निजी सहायक का एक पद का उल्लेख किया गया है, जबकि सहायक अभियंता (सिविल) का एक नया पद भी जोड़ा गया है, जिसकी आखिरी तारीख 27-01-2026 तक बढ़ाई जा रही है।**

2. पदों की पूरी जानकारी, पात्रता मानदंड, आवेदन प्रारूप और अन्य विवरण वेबसाइट http://mha.nic.in/vacancies, https://dopt.gov.in/whats-new और http://lpai.gov.in पर उपलब्ध है।

3. उचित माध्यम से आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख 26-12-2025 से बढ़ाकर 27-01-2026 की जाती है। नये विज्ञापित पदों की अंतिम तारीख भी यही होगी। अंतिम तारीख के बाद प्राप्त अपूर्ण आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

4. आवेदन भेजने का पता:

उप सचिव (प्रशासन)
भारतीय भूमि पत्तन प्राधिकरण
प्रथम तल लोक नायक भवन
खान मार्केट नई दिल्ली-110003
दूरभाष : नं. 011-24340708
ईमेल : dsga-lpai@lpai.gov.in

CBC 19142/11/0017/2526

"ई" खरीद प्रणाली के लिए निविदा

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से, प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, मुख्यालय कार्यालय (3री मंजिल), न्यू एडमिनिस्ट्रेटिव बिल्डिंग, 11, गार्डन रीच रोड, कोलकाता-700043 खुली ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं जो वेबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड की गई हैं। सभी निविदाएं 14.00 बजे बंद हो जाएंगी।

क्र.सं.	निविदा सं.	अंतिम तिथि	संक्षिप्त विवरण	मात्रा	बयाना राशि(रु.)
1	46255064	13/01/26	[illegible]	200 मीट्रिक टन	20,00,000/-
2	46255063	15/01/26	[illegible]	40 मीट्रिक टन	7,20,710/-
3	46255065	15/01/26	[illegible]	40 मीट्रिक टन	7,49,950/-
4	16255014	12/01/26	[illegible]	10 सेट	1,77,940/-
5	11255002	13/01/26	[illegible]	12 सेट	1,16,370/-
6	38251544R	27/01/26	[illegible]	21500 नग	1,73,730/-
7	65255023	22/01/26	[illegible] (प्री-बिड मीटिंग 30/12/25 को 11:00 बजे [illegible])	02 नग	1,65,800/-
8	29251349	30/12/25	[illegible]	72 सेट	1,45,440/-
9	29254638	12/01/26	[illegible]	203 सेट	1,84,690/-
10.	29254859R	27/01/26	[illegible]	3300 [illegible]	1,09,120/-
11.	29250058	28/01/26	[illegible]	48 सेट	1,54,870/-

इच्छुक निविदाकर्ता निविदाओं के पूर्ण विवरण/शर्तों/विनिर्देश के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in देख सकते हैं और अपनी बोलियां ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। [illegible] www.ireps.gov.in देख सकते हैं। (PR-1001)

दक्षिण पूर्व रेलवे

जेवर एयरपोर्ट सुरक्षा जांच में नहीं हो सका पास

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** देश का सबसे बड़ा छह रनवे वाला इंटरनेशनल जेवर एयरपोर्ट ओपन होने में अभी और वक्त लगेगा। इसका अहम कारण इस एयरपोर्ट के विदेशी सीईओ होने के साथ ही इसके सुरक्षा मानकों पर भी खरा नहीं उतरना है। जिसमें हाल ही में इस नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (NIA) की जब सिक्योरिटी ऑडिट की गई तो उसमें यह 25 से अधिक मानकों में फेल पाया गया। इनमें सबसे अहम इसकी करीब 14 किलोमीटर दूरी में बनी पेरीमीटर वॉल भी रही। जिसके केवल तकरीबन पांच किलोमीटर हिस्से को ही कंक्रीट का बनाया गया है, बाकी में चेन लिंक फेंसिंग खड़ी कर दी गई है। जिसमें नीचे से कोई कुत्ता या सियार समेत थोड़ी सी खुदाई करके कोई असामाजिक तत्व भी एयरपोर्ट के अंदर रनवे के नजदीक तक जा सकता है। नागर विमानन मंत्रालय सूत्रों का कहना है कि इस एयरपोर्ट के खुलने में कई बार डेडलाइन मिस हुई हैं। अब इसके ओपन होने में नए साल जनवरी 2026 बताया गया है। लेकिन सुरक्षा लिहाज से जितनी कमियां अभी तक इस एयरपोर्ट में मिली हैं। उसे देखते हुए लग रहा है कि इसका पहला चरण मार्च के बाद ही शुरू हो सकेगा। हालांकि, कमियों को दूर करने के लिए जोरशोर से काम किया जा रहा है।

25 से अधिक मानकों पर खरा नहीं उतरा

जिससे यह पहले भी खुल सकता है। फिलहाल सूत्रों ने बताया कि इसके ओपन होने की डेट तय करने से पहले ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी (BCAS) और मंत्रालय के अधिकारियों द्वारा इसकी सुरक्षा जांच की गई। सूत्रों ने बताया कि इसमें 25 से अधिक पॉइंट्स पर कमियां पाई गईं। जिसमें इसकी बनाई गई बाउंड्री वॉल तो अभी आधी-अधूरी तैयार की गई है। मानक कहते हैं कि भारत के किसी भी एयरपोर्ट की चारदीवारी कंक्रीट से बनी होनी चाहिए और वह भी जमीन में करीब तीन फुट अंदर से शुरू होनी चाहिए।

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
पिकप भवन, तृतीय तल, विभूतिखंड, गोमती नगर, लखनऊ
संख्या: 16/05/विज्ञापन अनुभाग (ग्यारह) / 05-परीक्षा/2023
लखनऊ: दिनांक- 24 दिसम्बर, 2025

विज्ञप्ति

विज्ञापन संख्या-05-परीक्षा/2023, लेखा परीक्षक एवं सहायक लेखाकार (सामान्य चयन) मुख्य परीक्षा (प्रा0अ0प0-2022)/05

आयोग की आवश्यक सूचना संख्या-216/10/कम्प्यूटर अनुभाग (बारह)/2023-25/05-परीक्षा/2023, दिनांक 19.12.2025 द्वारा विज्ञापन संख्या-05-परीक्षा/2023, लेखा परीक्षक एवं सहायक लेखाकार (सामान्य चयन) मुख्य परीक्षा (प्रा0अ0प0-2022)/05 के अंतर्गत विभिन्न विभागों के नियंत्रणाधीन लेखा परीक्षक/सहायक लेखाकार के कुल रिक्त 530 पदों हेतु अर्हता/अभिलेख परीक्षण के लिये लिखित परीक्षा के स्कोर के आधार पर मेरिट के अनुसार उपलब्धता की सीमा तक चिन्हित (पुनरीक्षित कटऑफ अंक के समान अंक प्राप्त करने वाले सभी अभ्यर्थियों को सम्मिलित करते हुये) 30 अभ्यर्थियों की अनुपूरक सूची एवं पुनरीक्षित कटऑफ आयोग की वेबसाइट पर अभ्यर्थियों के अवलोकनार्थ प्रकाशित की गयी थी तथा अभ्यर्थियों को सूचित किया गया था कि उक्त अभ्यर्थियों का अर्हता/अभिलेख परीक्षण कार्यक्रम दिनांक **02.01.2026 को उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, पिकप भवन, तृतीय तल, विभूतिखंड, गोमती नगर, लखनऊ** में आयोजित किया जाना निर्धारित है।

तदनुक्रम में अनुपूरक सूची के अनुसार अर्हता/अभिलेख परीक्षण हेतु अर्ह पाये गये अभ्यर्थियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है की अर्हता/अभिलेख परीक्षण सम्बन्धी विस्तृत कार्यक्रम एवं अभ्यर्थियों के अभिलेख परीक्षण पत्र व अन्य 04 प्रपत्र आवश्यक सूचना संख्या-218/10/कम्प्यूटर अनुभाग (बारह)/2023-25/05-परीक्षा /2023, दिनांक 22 दिसम्बर, 2025 के अंतर्गत आयोग की वेबसाइट पर अपलोड कर दिये गए हैं।

सचिव,
उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,
लखनऊ।

UPID 243197 dt 26.12.2025,
www.upgov.nic.in

खेल-खेल में चुन्नी से गला घुटा, 8 साल के बच्चे की मौत

■ **NBT रिपोर्ट, फरीदाबाद:** 8 से 10 साल तक के बच्चे अकेले में किन चीजों के साथ खेल रहे हैं, इसका ख्याल रखना बेहद जरूरी है। अनदेखी से उनकी जान पर बन सकती है। सारन थाना क्षेत्र की पर्वतीय कॉलोनी में गुरुवार रात खेल-खेल में एक 8 साल के बच्चे की जान चली गई। वह चुन्नी के साथ खेल रहा था, इस दौरान उसका गला घुट गया। पर्वतीय कॉलोनी निवासी दिलीप कुमार होलसेल का काम करते हैं। इनके तीन बच्चे हैं। सबसे छोटा आठ साल का बेटा निशांत गुरुवार रात पिता के पास बैठा हुआ था। वह कमरे में अपना हिसाब किताब जोड़ रहे थे, जबकि बेटा बेड पर ही बैठकर खेल रहा था। बताया जा रहा है कि खेल-खेल में बच्चे ने बेड पर रखी मां की एक चुन्नी का एक सिरा खिड़की में बांध लिया और दूसरा अपने पेट के चारों ओर लपेट लिया। इसी दौरान अचानक उसका पैर फिसल गया और चुन्नी उसके गले में फंस गई। पिता जब तक कुछ समझ पाते, निशांत बेहोश होकर गिर गया। उसे बेहोशी की हालत में अस्पताल ले जाया गया जहां शुक्रवार सुबह उसका निधन हो गया।

दर्दनाक
- सारन थाना क्षेत्र के पर्वतीय कॉलोनी की है घटना
- बेहोशी की हालत में अस्पताल में कराया था भर्ती
- शुक्रवार सुबह हो गई मौत, घर में मचा कोहराम

मध्य रेल

सोशल मीडिया प्रबंधन और मीडिया विश्लेषण सेवाओं के लिए एजेंसी का चयन

मध्य रेल सोशल मीडिया प्रबंधन और मीडिया विश्लेषण सेवाओं के लिए एजेंसी के चयन हेतु पोर्टल **www.ireps.gov.in** के माध्यम से खुली निविदाओं (दो पैकेट प्रणाली) के लिए ई-निविदा के रूप में आवेदन आमंत्रित करता है। **निविदा सूचना संख्या:** CR-G402-PR-SocialMedia **निविदा का नाम:** मध्य रेल सोशल मीडिया प्रबंधन और मीडिया विश्लेषण सेवाओं के लिए एजेंसी का चयन। **निविदा मूल्य:** रु.6,37,20,000/- (18% जीएसटी सहित)। **बयाना राशि:** रु.4,68,600/- **अनुबंध की अवधि:** दो वर्ष। **ऑनलाइन आवेदन पत्र डाउनलोड करने की प्रारंभ तिथि:** 25/12/2025। **ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि:** 15/01/2026 को दोपहर 15:00 बजे। **निविदा खोलने की तिथि:** 15.01.2026 को दोपहर 15:30 बजे। **निविदाकर्ताओं के लिए महत्वपूर्ण सूचना:** 1. निविदा प्रक्रिया केवल ई-निविदा के माध्यम से ही होगी। सभी इच्छुक निविदाकर्ताओं को पहले IREPS की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर पंजीकरण कराना होगा। **2.** इच्छुक निविदाकर्ताओं को सलाह दी जाती है कि वे अपने प्रस्ताव इलेक्ट्रॉनिक रूप से जमा करने से पहले निविदा के नियमों और शर्तों, पात्रता मानदंडों आदि से संबंधित विवरण अवश्य देख लें। **3.** संपूर्ण निविदा दस्तावेज वेबसाइट से डाउनलोड किए जा सकते हैं। **4.** संलग्न दस्तावेजों पर निविदाकर्ता द्वारा हस्ताक्षर किए जाने चाहिए और क्रमांक के अनुसार उचित रूप से अंकित किए जाने चाहिए। किसी भी अतिरिक्त जानकारी के लिए, कृपया मुख्य जनसंपर्क अधिकारी के कार्यालय, दूसरी मंजिल, नयी प्रशासनिक भवन, डी.एन. रोड, सीएसएमटी, मुंबई-400001 से किसी भी कार्यदिवस पर सुबह 9:30 बजे से शाम 18:00 बजे के बीच संपर्क करें।

व.ज.सं.अ. 777

अनधिकृत रूप से रेल लाइन को पार करना दंडनीय अपराध है

उत्तर पश्चिम रेलवे

ई-निविदा आमन्त्रण सूचना

पत्र सं.-BB-74-W-O/Works/NIT/X दिनांक- 23.12.2025

मंडल रेल प्रबंधक, इंजीनियरिंग, उत्तर पश्चिम रेलवे, जोधपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से ई-निविदा के माध्यम से प्रचलित नियमों के अन्तर्गत निर्धारित प्रपत्रों में निविदा निम्न कार्यों के लिए क्रमानुसार आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा सूचना सं. 158 of 2025-26, कार्य का नाम व स्थान: VHF based approaching train warning system (RAKSHAK) in Jodhpur Phulera Section of Jodhpur Division As per RDSO Specifications, **अनुमानित लागत रूपये:** 2,42,50,882.98, **बयाने की राशि रूपये:** 2,71,300.00, निविदा सूचना संख्या 158 of 2025-26, (निविदा प्रस्तुत करने की तिथि 14-01-2026 को 15:00 बजे तक है। वेबसाइट का विवरण जहाँ पर ई-निविदा देखी व भरी जा सकती है www.ireps.gov.in

1678-AN/25

हमें @NWRailways पर फॉलो करें

विज्ञापन संख्या: **117 / 2025**

भारत सरकार
लोक उद्यम चयन बोर्ड

ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉर्पोरेशन लिमिटेड
में
निदेशक (उत्पादन)

पद के लिए आवेदन आमंत्रित करता है।
आवेदकों के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि
16 जनवरी, 2026 (15.00 बजे तक) है।

नोडल अधिकारियों द्वारा आवेदनों को
लोक उद्यम चयन बोर्ड में अग्रेषित करने की
अंतिम तिथि
27 जनवरी, 2026 (17.00 बजे तक) है।

जानकारी के लिए वेबसाइट
https://pesb.gov.in
में लॉग इन करें।

उत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से व. मण्डल बिजली इंजीनियर/टी.आर.एस. इलेक्ट्रिक लोको शेड, खानआलमपुरा यार्ड, सहारनपुर निम्नलिखित कार्य के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर रजिस्टर्ड/पंजीकृत निविदाकर्ताओं से निविदाएँ आमंत्रित की जाती है।

खुली निविदा संख्या	ई.एल.एस.-एस.आर.ई.-25-26-टी-13
कार्य का विवरण	तीन साल की अवधि के लिए टीओएच/आईओएच शेड्यूल के दौरान हिसारी टीएम (एचएस-15250ए) के पारंपरिक इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव की व्यापक मरम्मत/नवीनीकरण।
समापन/खोलने की तिथि	23.01.2026
अनुमानित लागत	रु.1,23,32,778.12/-
अर्नेस्ट मनी	रु.2,11,700/-
समापन अवधि	तीन वर्ष
वैधता अवधि	60 दिन
निविदा फॉर्म की लागत	आईआरईपीएस से डाउनलोड हेतु निःशुल्क तथा रुपये 5000/- Sr.DEE/TRS/SRE ऑफिस से हार्ड कॉपी के लिए।

1. सभी निविदाएं की ई-टेंडरिंग में भाग लेने के निविदाकारों के पास क्लास-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र होना चाहिए। 2. निविदाकर्ता को सभी पात्रता संबंधित दस्तावेजों की स्कैन प्रतियां को अपलोड करना आवश्यक है। 3. सभी कर वर्तमान नियम के अनुसार लागू होंगे। 4. विवरण के लिए कृपया आईआरईपीएस वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लॉग इन करें।

ई.एल.एस.-एस.आर.ई.-25-26-टी-13 दिनांक : 26.12.2025 4005/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

मोबाइल नहीं लूट पाए तो मार दी गोली, मौत

■ **NBT न्यूज, लोनी:** लोनी की अशोक विहार कॉलोनी में बाइक सवार दो बदमाश जब मोबाइल नहीं लूट पाए तो एयरफोर्स के रिटायर्ड वॉरंट अफसर योगेश की दिनदहाड़े गोली मार की हत्या कर दी। इस हत्या ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है। बता दें कि दिल्ली-सहारनपुर रोड की लूप लाइन के पास योगेश से बदमाशों ने मोबाइल फोन मांगा था, लेकिन योगेश उनसे बचने के लिए विरोध करते हुए भागने लगे। इस पर बदमाशों ने पीछा कर उन्हें गोली मार दी और मौके से फरार हो गए। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 27-12-2025 Zone: Mahanagar Edition: 2 Page: NBTMAH05 User: cci Time: 12-26-2025 23:32 Color:

मोबाइल लिया तो कर दी हत्या, आरोपी गिरफ्तार

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

वेलकम इलाके में गुरुवार रात मोबाइल लेने पर नाराज आरोपी ने चाकू से हमला कर सूरज नाम के युवक की हत्या कर दी। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जीटीबी अस्पताल के मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया गया। वहीं पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसकी पहचान गली नंबर-5 वेलकम निवासी शादाब उर्फ सुहेब (27) के तौर पर हुई है। उसके पास से हत्या में इस्तेमाल चाकू भी बरामद कर लिया गया है। बताया जा रहा है कि वारदात के वक्त आरोपी नशे में था। फिलहाल आगे की जांच जारी है।

नॉर्थ ईस्ट जिला के डीसीपी आशीष मिश्रा ने बताया कि गुरुवार रात करीब 08:09 बजे वेलकम पुलिस को चाकूबाजी की पीसीआर कॉल मिली। सूचना मिलते ही पुलिस टीम इलाके जैद ब्लॉक में वेलकम मेडिकल स्टोर के पास पहुंच गई। मौके पर पहुंची पुलिस को घायल अवस्था में युवक मिला। उसे जग प्रवेश चंद्र अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बाद में मृतक की पहचान सूरज के रूप में हुई है। जांच में पता चला है कि सूरज कूड़ा बीनने का काम करता था। मौके पर क्राइम टीम और एक्सप्लोर की टीम भी पहुंच गई। फिर पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

Surender Kumar

वारदात वाली जगह पर जांच पड़ताल करती पुलिस

- वेलकम इलाके में गुरुवार रात हुई वारदात, पुलिस ने केस दर्ज कर शुरू की जांच
- बताया जा रहा है कि वारदात के वक्त आरोपी नशे में था, चाकू भी बरामद किया गया

खंगाले गए इलाके के सीसीटीवी कैमरे

आरोपी की पहचान करने और पकड़ने के लिए एसएचओ वेलकम के नेतृत्व में टीम बनाई गई। आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। उसके बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। उसकी निशानदेही हत्या में इस्तेमाल चाकू भी बरामद कर लिया गया। पूछताछ में पता चला कि सूरज ने उसका मोबाइल ले लिया था। इसी बात पर नाराज होकर शादाब ने चाकू से हमला कर दिया। जब घायल सूरज को अस्पताल पहुंचाया गया, तब डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

नरेला में हादसे में बाइक सवार 2 की मौत, तीसरा घायल

■ NBT रिपोर्ट, नरेला : दिल्ली के नरेला इलाके में एक एक्सीडेंट का मामला सामने आया है। जिसमें दो लोगों की मौत हो गई है। एक घायल का इलाज चल रहा है। डीसीपी ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि एक्सीडेंट 25 दिसंबर को हुआ था। मृतक की पहचान अंकित और जतिन के रूप में हुई है। दोनों दिल्ली का रहने वाला था।

पुलिस ने बताया कि 25 दिसंबर को सत्यवादी राजा हरिश्चंद्र हॉस्पिटल से सूचना मिली थी। जतिन, अभिषेक और अंकित नाम के तीन युवकों को घायल हालत में लाया गया था। जिसमें अंकित को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। बाकी दो और घायलों को रोहिणी सेक्टर 17 के BR हेल्थ केयर हॉस्पिटल में रेफर कर दिया गया। बाद में इलाज के दौरान जतिन की भी मौत हो गई। पुलिस टीम ने मौके से बाइक बरामद की, जिस पर ये सवार थे। बताया गया कि कैट एंबुलेंस के ड्राइवर संजय जब सिंघु बॉर्डर की तरफ जा रहा था तो उसे एक्सीडेंट हालत में बाइक मिली। पुलिस मामले में आगे की छानबीन कर रही है।

मरने वाले दोनों युवक दिल्ली के रहने वाले है, हो रही जांच

₹20 के झगड़े में पत्नी की हत्या कर जान दी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

विवेक विहार इलाके में बुधवार को महज सिगरेट पीने के लिए 20 रुपए के झगड़े में कुलवंत सिंह उर्फ संजय उर्फ बंटी ने अपनी पत्नी महेंद्र कौर की गला दबाकर हत्या कर दी। उसके बाद उसने भी रेलवे ट्रैक पर जाकर ट्रेन के आगे कूद कर खुदकुशी ली। विवेक विहार पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि कुलवंत सिंह विवेक विहार के कस्तूरबा नगर इलाके में रहते थे। परिवार में उनकी पत्नी महेन्द्र कौर के अलावा दो बेटे हैं और एक बेटी है। 4 दिसंबर को ही उनकी बेटी की शादी हुई थी। कुलवंत पेशे से ऑटो ड्राइवर थे। पुलिस अधिकारी ने बताया कि बुधवार दोपहर करीब 3 बजे पुलिस को महिला की मौत की सूचना मिली थी। पुलिस पहुंची तो ग्राउंड फ्लोर पर महेंद्र कौर का रखा हुआ था। बेटे शिव चरण ने बताया कि वह सिगरेट लेने गया था। वापस आया तो उसने देखा कि मां पंखे पर फंदे से लटकी है। पुलिस को शक हुआ। तब उन्होंने कुलवंत सिंह की तलाश शुरू की। लोगों ने बताया कि कुलवंत रेलवे ट्रैक पर बैठा हुआ है। पुलिस और पड़ोसी पहुंचे, लेकिन कुलवंत भागते हुए एक ट्रेन के आगे कूद गया, जिससे उनकी मौत हो गई।

सिगरेट के लिए मांगे थे रुपये : बाद में शिव चरण ने बताया कि पिता ने मां से सिगरेट पीने के लिए 20 रुपये मांगे थे। हालांकि पहले महेन्द्र कौर ने पैसे देने से मना कर दिया, लेकिन बाद में पैसे दे दिए। जब वह सिगरेट लेकर लौटा तो पिता ने मां का गला दबा कर हत्या कर दी है। उसके बाद वह फरार हो गए थे।

AI Image

विवेक विहार की घटना, पुलिस कर रही जांच



चतुर्थ पुण्यतिथि

२७ दिसम्बर, २०२५

श्रद्धांजलि

प्रकृतिं स्वामवष्टभ्य विसृजामि पुनः पुनः ।
भूतग्राममिमं कृत्स्नमवशं प्रकृतेर्वशात् ।।

हम सब उनकी तृतीय पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

आपका स्नेह, आदर्श, मार्गदर्शन, एवं मधुर स्मृतियाँ आशीर्वाद के रुप में सदैव हमारे लिए प्रेरणादायक रहेंगी।

ॐ शान्तिः

डॉ. महेंद्र प्रसाद, (पूर्व सांसद)

(८ जनवरी १९४० - २७ दिसंबर २०२१)

संस्थापक तथा उपदेशक

एरिस्टो फार्मास्युटिकल्स प्राईवेट लिमिटेड

एरिस्टो लेबोरेटरीज प्राईवेट लिमिटेड

माप्रा लेबोरेटरीज प्राईवेट लिमिटेड

ARISTO | ARISTO PHARMACEUTICALS PRIVATE LIMITED

2025 साल का सबसे बड़ा पोल

2025 में दिल्लीवाले किस सरकारी विभाग से रहे सबसे ज्यादा परेशान?

NBT फिर लेकर आया है आपके लिए मौका, जहां आप 2025 के उन मुद्दों पर देंगे अपनी राय, जिन्होंने सुर्खियों से लेकर जिंदगी तक असर डाला। तो बनिए इस पोल का हिस्सा और दीजिए आज के सवाल का अपना बेबाक जवाब:



A एमसीडी

2025 में भी दिल्लीवालों की एमसीडी से जुड़ी शिकायतें कम नहीं हुईं। कूड़े का समय पर न उठना, ओवरफ्लो होते डस्टबिन, टूटी सड़कें और सीवर जाम आम परेशानी बने रहे। सफाई अभियान दिखे, लेकिन जमीन पर असर कम नजर आया। बारिश आते ही जलभराव ने लोगों का धैर्य तोड़ा। निगम और नागरिकों के बीच भरोसे की दूरी बनी रही।

दिल्ली पुलिस से लोगों की परेशानी ज्यादातर ट्रैफिक, चालान और एफआईआर से जुड़ी रही। छोटे मामलों में भी थाने के चक्कर, ऑनलाइन शिकायत का धीमा रिस्पॉन्स और व्यवहार को लेकर सवाल उठे। ट्रैफिक जाम में फंसी जनता को लगने लगा कि नियम सख्त है, लेकिन सुविधा और संवेदनशीलता उतनी नहीं दिखती।

B पुलिस





C सरकारी अस्पताल

सरकारी अस्पताल 2024 में भी दिल्लीवालों की मजबूरी बने रहे। इलाज सस्ता है, लेकिन लंबी लाइनें, बेड की कमी और जांच में देरी आम शिकायत रही। डॉक्टरों पर मरीजों का बोझ इतना ज्यादा है कि संवाद कम हो जाता है। इमरजेंसी में इलाज मिल जाता है, पर सामान्य मरीज अक्सर थक-हारकर लौटते दिखे।

ट्रांसपोर्ट विभाग से लोगों की नाराजगी लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन और चालान को लेकर रही। ऑनलाइन सिस्टम होने के बावजूद छोटी गलती पर आवेदन अटक जाते हैं। आरटीओ दफ्तरों में समय और धैर्य दोनों खर्च होते हैं। ई-चालान और नियम सख्त हुए, लेकिन आम आदमी को प्रक्रिया अभी भी उलझी हुई लगी।

D ट्रांसपोर्ट विभाग



Illustrations: Sobrata Dhar

कल पूछे गए पोल पर आपका फैसला

2025 में सबसे ज्यादा लोग हुए साइबर क्राइम के शिकार

कल हमने पूछा था कि दिल्ली को किस तरह के क्राइम ने सबसे ज्यादा परेशान किया। इसके जवाब में हमें ढेरों रेस्पॉन्स मिले :

A **24%** लोगों ने माना कि उन्हें किसी न किसी तरह की स्नैचिंग का सामना करना पड़ा।

B  **16%** दिल्ली वालों ने कहा कि इस साल भी चोरी की घटनाओं ने उन्हें ज्यादा परेशान किया।

C  **4%** पब्लिक का कहना है कि दिल्ली में इस साल हुई गैंगवॉर की घटनाओं से दहशत रही।

D **56%** यानी आधे से ज्यादा लोगों ने कहा कि 2025 में साइबर क्राइम ने सबसे ज्यादा डराया।

हमें अपने जवाब भेजें ...

इस वट्सऐप नंबर पर, जवाब में लिखें A. B. C. या D

9220747220

अटल कैंटीन में दो दिनों में 33 हजार ने किया भोजन

PTI

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: दिल्ली सरकार द्वारा गुरुवार को शुरू की गई अटल कैंटीन में पहले दो दिनों में 33,392 लोगों ने भोजन किया। इस संख्या में लंच और डिनर दोनों करने वाले लोग शामिल हैं। दिल्ली में फिलहाल कुल 45 अटल कैंटीन संचालित की जा रही हैं। सरकार के अनुसार, पहले दिन यानी 25 दिसंबर को कुल 17,587 लोगों ने भोजन किया। इनमें 8,604 ने लंच जबकि 8,983 लोगों ने डिनर किया। इसी तरह दूसरे दिन, यानी शुक्रवार को कुल 15,805 लोगों ने भोजन किया, जिनमें 10,696 ने लंच और खबर लिखे जाने तक 5,109 लोग डिनर कर चुके थे।

हालांकि यह संख्या सरकार द्वारा तय की गई सीमा से कम है। सरकार ने प्रत्येक अटल कैंटीन में प्रतिदिन एक हजार लोगों को भोजन उपलब्ध कराने का लक्ष्य तय किया है, जिसमें 500 लंच और 500 डिनर कर सकते हैं। इस तरह 45 अटल कैंटीन के हिसाब से प्रतिदिन 45 हजार लोगों को भोजन खाना चाहिए, मगर अभी यह संख्या आधे से भी कम है।

आपके पास इलेक्ट्रिक कार है? उसे बना सकेंगे शेयरिंग कैब !

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

NBT 2 मिनट में पढ़ें

फिर शुरू होगी सुविधा, सीएम कंपनियों के साथ करेंगी मीटिंग

दिल्ली में ऐप आधारित कैब कंपनियों में लंबे समय से बंद कैब शेयरिंग की सुविधा फिर शुरू हो सकती है। सड़कों से गाड़ियों की संख्या कम करने के लिए सरकार इस पर दोबारा से विचार कर रही है।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ऐप आधारित कैब कंपनियों के साथ जल्द ही इसे लेकर एक बैठक करेंगी। सरकार इस सर्विस में इलेक्ट्रिक गाड़ियों व महिला ड्राइवरों की संख्या बढ़ाने को लेकर भी चर्चा करेगी।

सीएम ने कहा कि सरकार की परिवहन नीति का मूल उद्देश्य सड़कों पर गाड़ियों की संख्या कम करके भी यात्रियों को कोई असुविधा ना होना है। सरकार चाहती है कि सीमित संख्या में गाड़ियों से अधिक से अधिक यात्रियों को सेवा दें, ताकि यातायात बेहतर होने के साथ-साथ प्रदूषण कम किया जा सके। इसी सोच को लेकर सरकार ओला, उबर जैसी ऐप आधारित ट्रांसपोर्टेशन नेटवर्क कंपनियों के साथ बातचीत कर रही है। उनसे यह अपेक्षा की जा रही है कि वे शेयरिंग राइडिंग, महिला ड्राइवरों की भागीदारी और पर्यावरण के अनुकूल सेवाओं को प्राथमिकता दें। सरकार के मुताबिक, जल्द ही ऐप आधारित ट्रांसपोर्टेशन कंपनियों के साथ एक बैठक होने वाली है। जिसमें कैब शेयरिंग बुकिंग की सुविधा शुरू करने पर बात होगी। कोरोना महामारी के दौरान शेयरिंग कैब की सुविधा बंद कर दी गई थी। सरकार अब इसे दोबारा शुरू करना चाहती है।

इसके अलावा कैब सेवाओं में ई-वीकल की संख्या बढ़ाने के लिए निजी इलेक्ट्रिक गाड़ियों को इससे जोड़ने पर भी चर्चा होगी। यानी दिल्ली में अगर किसी के पास निजी इलेक्ट्रिक गाड़ी है तो वह उसे ओला-उबर के साथ जुड़कर चला पाएगा।

वहीं, सीएम ने कहा कि निजी गाड़ियों के अलावा कमर्शल गाड़ियों की फिटनेस पर भी फोकस रहेगा। इसलिए कई डीटीसी डिपो में पांच ऑटोमेटेड वीकल फिटनेस टेस्टिंग स्टेशन लगाने का निर्णय लिया है।

ओला-उबर से जुड़ सकते हैं

AI Image



महिला यात्रियों के लिए होंगी महिला ड्राइवर

सीएम ने कहा कि शेयरिंग टैक्सी साथ महिला यात्रियों की सुरक्षा पर फोकस है। इसलिए कैब कंपनियों के साथ महिला ड्राइवर की संख्या बढ़ाने पर भी चर्चा होगी। तकनीक के जरिए यह सुनिश्चित करने पर भी काम होगा कि महिला यात्रियों के लिए महिला ड्राइवर वाली टैक्सी का विकल्प उन्हें मिले।

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

कैब शेयरिंग को बढ़ावा क्यों जरूरी?

दिल्ली में कैब शेयरिंग सिस्टम के परवान न चढ़ पाने का सबसे बड़ा कारण भरोसे की कमी है। खासकर महिलाएं अनजान लोगों के साथ कैब या ऑटो शेयर करने में झिझकती हैं, क्योंकि उन्हें अपनी सुरक्षा की चिंता सताती है। इसके अलावा कैब शेयरिंग के किसी भरोसेमंद प्लैटफॉर्म और सरकारी निगरानी के अभाव की वजह से भी लोग कैब शेयरिंग करने से बचते हैं। चूंकि, दिल्ली में प्रदूषण और जाम की समस्या बढ़ती जा रही है, इसलिए अब सरकार भी कैब शेयरिंग को बढ़ावा देने पर फोकस कर रही है, ताकि कम गाड़ियां सड़कों पर उतरें।

मजेंटा लाइन पर दो घंटे मेट्रो की रफ्तार रही धीमी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: दिल्ली मेट्रो की जनकपुरी वेस्ट से बॉटनिकल गार्डन जाने वाली मजेंटा लाइन पर शुक्रवार दोपहर दो स्टेशनों के बीच सिग्नलिंग में आई खराबी के चलते यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। सिग्नलिंग में तकनीकी खराबी आने के कारण इन दोनों स्टेशनों के बीच मेट्रो ट्रेनों को धीमी रफ्तार से चलाया गया। हालांकि दोपहर का समय होने और भीड़ कम रहने के कारण स्टेशनों पर ज्यादा भीड़ नहीं देखी गई।

डीएमआरसी के मुताबिक, ओखला बर्ड सैंक्चुअरी मेट्रो स्टेशन और बॉटनिकल गार्डन स्टेशन के बीच शुक्रवार दोपहर करीब डेढ़ बजे सिग्नलिंग सिस्टम में तकनीकी खराबी आ गई। इसके चलते उस हिस्से का संपर्क ऑपरेशन कंट्रोल सेंटर (OCC) से टूट गया। यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए दोनों स्टेशनों के बीच ट्रेनों को सीमित गति से मैनुअल मोड में चलाया गया, जिससे यात्रियों को थोड़ा ज्यादा समय लगा।

मेट्रो अधिकारियों के अनुसार, करीब दो घंटे बाद साढ़े तीन बजे तक सिग्नलिंग से जुड़ी समस्या को ठीक कर लिया गया, जिसके बाद सेवाएं सामान्य हो गईं। मेट्रो का कहना है कि चूंकि यह खराबी मजेंटा लाइन के आखिरी दो स्टेशनों के बीच थी, इसलिए बाकी हिस्सों में परिचालन सामान्य रहा और ट्रेनों की रफ्तार पर कोई असर नहीं पड़ा।

कौन सी योग क्रियाएं मेंटल हेल्थ को रखेंगी दुरुस्त?

आचार्य कौशल कुमार, (योग गुरु)

आज की भागती-दौड़ती जिंदगी में हम कई तरह की शारीरिक और मानसिक समस्याओं से जूझ रहे हैं। इस वजह से हमारी जिंदगी में किसी ना किसी तरह की परेशानी बनी रहती है। अगर आप अपनी लाइफ को संतुलित करके निरोग रहना चाहते हैं तो एनबीटी रंगमंच क्लब आपके लिए लेकर आया है एक खास लाइव वर्कशॉप, जहां योगाचार्य कौशल कुमार आपको योग के जरिए जीवन को आसान बनाने का तरीका सिखाएंगे। इस वर्कशॉप में आप ऐसी योग क्रियाएं सीखेंगे जो आपके शरीर को सकारात्मक ऊर्जा देंगी साथ ही आपकी मेंटल हेल्थ को भी दुरुस्त रखेंगी।

NBT रंगमंच Club

तारीख: 27 दिसंबर 2025
समय: सुबह 11:30 से
स्थान : ऑनलाइन
फीस : फ्री

रजिस्ट्रेशन के लिए 7003890071 पर कॉल या वट्सऐप करें

विंटर सेशन में हंगामे के आसार

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: **विधानसभा** का विंटर सेशन 5 जनवरी से शुरू हो रहा है। चार दिवसीय विंटर सेशन को लेकर तैयारियां की जा रही हैं। विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि कार्यवाही की शुरुआत उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना के अभिभाषण से होगा। शुक्रवार को अधिसूचना जारी कर दी गई है।

अध्यक्ष ने बताया कि सत्र के दौरान सदन में कानून बनाने और सदन से जुड़े कामकाज को पूरे किए जाएंगे। जरूरी रिपोर्ट भी सदन पटल पर रखे जाने की संभावना है।

वहीं, सूत्रों का कहना है कि विंटर सेशन हंगामेदार हो सकता है। सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच गरमागरम बहस हो सकती है, क्योंकि सदन पटल पर CAG रिपोर्ट रखी जा सकती है, जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री के आवास पर रिपोर्ट पेश किया जा सकता है।

TIMES TRIBUTE
PAYING HOMAGE TO THE DEPARTED SOUL

To book your ad | Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free) Scan QR Code

Prayer Meeting of
Shri Vinay Sharma Ji
(EX-MLA, BABARPUR, DELHI)
Son of Late Shri M.K. Sharma Ji

Prayer meet will be held for the sadgati of departed soul at
Bishnoi Dharamshala, Upper Bela Road, Ring Road,
Civil Lines, Delhi- 110054, Near IP College and the DRDO Office

27 December 2025 | Time: 11.30 AM - 12.30 PM

In Grief: Anju Sharma - Wife
Aasthaa & Santanu- Daughter & Son-in-Law
Nishtha Sharma- Daughter

SCAN FOR LOCATION

|| प्रार्थना सभा ||

अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे प्रिय
श्री जयदीप सिंह बल्हारा
(सीईओ - [illegible] कार्यालय, पूर्व [illegible])
का स्वर्गवास मंगलवार, दिनांक 23 दिसंबर, 2025 को हो गया है।
आपकी स्मृतियाँ सदैव हमारे हृदय में जीवित रहेंगी।
शोक सभा का आयोजन
सोमवार, दिनांक 29 दिसंबर 2025
शोक सभा प्रातः 11:00 बजे
ब्रह्म भोज दोपहर 12:00 बजे
प्रार्थना स्थल: निर्वाणा [illegible], साउथ सिटी-2, गुरुग्राम
शोकाकुल
अनुपूर्णा, मनन, [illegible]
समस्त परिवार और मित्रगण
+91 9871707054

TIMES TRIBUTES
RATE CARD

Publications	Rates per sq. cms
TOID Capital + NBT (Delhi+NCR)	1295
TOID Full Run ## + NBT (Delhi+NCR)	1360
THE TIMES OF INDIA (Delhi+NCR)	780
THE TIMES OF INDIA (Delhi) Full Run##	900
NAVBHARAT TIMES (Delhi+NCR)	595
THE ECONOMIC TIMES (Delhi+NCR)	715
SANDHYA TIMES (Delhi)	100

Rates effective 5th June 2019

▸ *Placement on specified obit pages only. ▸ This rate benefit is extended up till the size of 320 sq. cm only. ▸ ## Full run includes Delhi City + NCR (Including Gurgaon + Noida) + Chandigarh + Western U.P. + Uttarakhand ▸ TOI Capital (Delhi & NCR) includes TOI Gurgaon & TOI Noida.

To place an Obituary announcement or Remembrance message please call
Vinod: 9958992088
Pankaj : 8130604727

"HONOUR. COURAGE. BRAVERY. Three words that you taught us. Three words that help us cope with your loss".

The silent joy of remembering a loved one.
The moments you shared together.
Little moments that make life beautiful.

Share them. With Friends. Relatives. Neighbours. Colleagues. With all those whose lives the departed Soul has touched. Because while life goes on, when you share memories, they stay on forever.

Publications	Total Outlay
The Times of India Delhi/NCR	5,600
TOI+NBT (Delhi/NCR)	8,800
TOI+ET (Delhi/NCR)	6,600

REMEMBRANCE
SHARING MEMORIES

For any information call
Vinod : 9958992088
Pankaj : 8130604727

TO BOOK AN OBITUARY & REMEMBRANCE AD PLEASE CONTACT

VINOD :
99589 92088
PANKAJ :
81306 04727

TO BOOK ONLINE LOG ON TO
Ads timesofindia.com

EXCLUSIVE OFFERS AND ASSISTANCE

SCAN TO BOOK

आने वाली पीढ़ियों में साहस और राष्ट्रप्रेम भरेगा वीर बाल दिवस : CM

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

'वीर बाल दिवस' के अवसर पर त्यागराज स्टेडियम में विशेष सांस्कृतिक का आयोजन

'वीर बाल दिवस' के अवसर पर दिल्ली सरकार ने त्यागराज स्टेडियम में विशेष सांस्कृतिक आयोजन रखा, तो शाम को पुराना किला में लाइट एंड साउंड शो भी हुआ। गुरु गोबिंद सिंह जी के साहिबजादों के साहस, अडिग आस्था और बलिदान को श्रद्धांजलि देते हुए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि वीर बाल दिवस केवल स्मरण का दिन नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों में साहस, स्वाभिमान, राष्ट्रप्रेम और नैतिक दृढ़ता के संस्कार रोपित करने का संकल्प है।

सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री ने 26 दिसंबर को 'वीर बाल दिवस' के रूप में घोषित किया, जो दूरदर्शी पहल है, जिससे नई पीढ़ी अपने सच्चे नायकों से प्रेरणा ले सकेगी। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री आशीष सूद, मनजिंदर सिंह सिरसा सहित वरिष्ठ अधिकारी, स्कूली स्टूडेंट्स समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। साहिबजादों पर आधारित एक विशेष पुस्तिका और डाक विभाग के सहयोग से डाक लिफाफे का भी विमोचन किया गया। स्टूडेंट्स ने गतका प्रदर्शन किया, तो "270 प्रेजेंस", स्टूडेंट्स द्वारा तैयारी की गई रील्स की प्रस्तुति और सिलेक्ट चैंबर क्वायर की वीर रस से सजी प्रस्तुतियां इस समारोह का खास आकर्षण रहीं। शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने कहा कि वीर बाल दिवस भारत की उस चेतना का सार्वजनिक स्वीकार है, जिसे हमने बहुत समय तक या तो अनदेखा किया या जान-बूझकर हाशिए में रखा। पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह जी की शहादत ऐसा प्रकाश स्तंभ है, जो देश के बच्चों और युवाओं को साहस, बलिदान और धर्म की रक्षा के मूल्यों से जोड़ता है।

साहिबजादों को किया नमन

■NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : वीर बाल दिवस पर कई स्कूलों, कॉलेजों और यूनिवर्सिटी में कार्यक्रम हुए। डीयू के सेंटर फॉर इंडिपेंडेंस एंड पार्टिशन स्टडीज (सीआईपीएस) ने वाइस रीगल लॉज के कन्वेंशन हॉल में इस खास कार्यक्रम रखा।

डीयू के वीसी प्रो योगेश सिंह ने कहा कि सिखों का इतिहास सही तरीके से लिखा दिया जाए, तो हिंदुओं का इतिहास अपने आप सही हो जाएगा। पूर्वी दिल्ली के ईस्ट एंड क्लब में दशमेश पब्लिक स्कूल के सहयोग से वीर साहिबजादों को याद किया। दशमेश पब्लिक स्कूल के चेयरमैन बलबीर सिंह ने कहा कि उन्हें दीवार में इसलिए चिनवाया गया कि उनका खून नहीं बहे क्योंकि यह मान्यता थी कि जहां शहीदों का खून बहता है, वहां असंख्य क्रांतिकारी पैदा हो जाते हैं।

शहीदी दिवस मनाया गया

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: सर्बंसदानी साहिब-ए-कमाल गुरु गोबिंद सिंह के छोटे साहिबजादों जोरावर सिंह, फतेह सिंह और माता गुजरी का शहीदी दिवस शुक्रवार को श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। इस मौके पर विभिन्न गुरुद्वारों में गुरमत समागम आयोजित किए गए। मुख्य समागम गुरुद्वारा माता सुंदरी में आयोजित हुआ। इसका आयोजन दिल्ली सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमिटी (DSGMC) ने किया।

मुख्य समागम को संबोधित करते हुए कमिटी के प्रधान हरमीत सिंह कालका और जनरल सेक्रेटरी जगदीप सिंह काहलों ने कहा कि साहिबजादा जोरावर सिंह, साहिबजादा फतेह सिंह और माता गुजरी की शहादत की महिमा का वर्णन करने के लिए कोई भी शब्द पर्याप्त नहीं है।

वीर बाल दिवस साहस और त्याग की प्रेरणा देता है : नड्डा

बीजेपी के कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन ने बंग्ला साहिब में मत्था टेका

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : वीर बाल दिवस के अवसर पर बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने चांदनी चौक स्थित गुरुद्वारा सीसगंज साहिब में मत्था टेका और देश व समाज की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की। वहीं, इससे पहले बीजेपी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी अध्यक्ष नितिन नवीन ने भी बंगला साहिब पर अरदास में शामिल होकर मत्था टेका। दोनों मौके पर दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा उनके साथ मौजूद रहे। सभी नेताओं ने गुरुद्वारा साहिब में मत्था टेका और वीर साहिबजादों के बलिदान को नमन किया।

गुरुद्वारा परिसर में श्रद्धालुओं से संवाद करते हुए जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि सिख धर्म की नींव गुरुओं और साहिबजादों के अतुलनीय बलिदान पर टिकी है। उन्होंने कहा कि सिख समुदाय सदैव देश की रक्षा और सेवा में अग्रणी रहा है तथा सिख देश के सर्वोच्च प्रहरी हैं। वीर बाल दिवस हमें साहस, त्याग और राष्ट्रभक्ति के मूल्यों को आत्मसात करने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम के दौरान नेताओं ने गुरु गोबिंद सिंह जी के चारों साहिबजादों के बलिदान को स्मरण करते हुए युवाओं से उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया।

शिव युवा समिति द्वारा पांडव नगर में वीर बाल दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें केंद्रीय संसदीय मंत्री किरण रिजिजू ने भाग लिया। इस दौरान उन्होंने वीर बाल दिवस पर चारों साहिबजादों के बलिदान को याद करते हुए युवाओं को उनसे प्रेरणा लेने की अपील की।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 27-12-2025 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH07 User: vivek.kumar4 Time: 12-26-2025 21:13 Color:

प्रेस्टीज

नए साल का बोनांज़ा 2026

भविष्य की कुकिंग के लिए एक छोटा-सा उपहार।

75 Years of Prestige

हमारे उत्पादों की बड़ी रेंज पर नए साल के आकर्षक ऑफ़र्स का लाभ उठाएं।

खरीदें
प्रोवो प्लस 900 चिमनी
@30% की छूट

@30% की छूट

और **पाएं**
₹21 315/-* मूल्य का स्वच्छ एफिसिया कन्वर्टिबल हॉब 4 बर्नर
मुफ्त*

खरीदें
स्वच्छ 3 बर्नर गैस स्टोव

@25% की छूट

और **पाएं**
₹885/- मूल्य का होज़ + लाइटर + नाइफ बोर्ड 4 पीस सेट
मुफ्त*

यह ऑफ़र स्वच्छ, स्वच्छ नियो 2/3/4 बर्नर गैस स्टोव पर भी लागू है।

खरीदें
स्विश V4 इंडक्शन कुकटॉप
@30% की छूट

और **पाएं**
₹885/- मूल्य का ओमेगा डीलक्स फ्राई पैन–20 से.मी.
मुफ्त*

यह ऑफ़र PIC 3.1 V3, PIC 6.1 V3, PIC 2.0 V2 पर भी लागू है।

Scan to see more exciting offers

CUSTOMER CARE NO 080-60004411

Scan to find Prestige Xclusive stores

Shop Online on shop.ttkprestige.com

Prestige®

जो कुकिंग से करे प्यार, वो प्रेस्टिज से कैसे करे इनकार!

*शर्तें लागू। ऊपर दी गई कीमतें उत्पाद की एमआरपी (सभी करों सहित) हैं। डिस्काउंट केवल एमआरपी पर ही लागू है। दो ऑफरों का लाभ एक साथ नहीं लिया जा सकता। यह ऑफ़र केवल एक यूनिट की खरीद पर लागू है, जिसमें मान्य खरीदारी पर एक यूनिट मुफ्त दी जाएगी। ऑफर केवल चुनिंदा मॉडलों पर और स्टॉक खत्म होने तक ही मान्य है। ऑफ़र पूरे भारत में मान्य है, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना को छोड़कर। 4 जार एंड्यूरा मिक्सर ग्राइंडर 30% की छूट पर खरीदें और PKOSS 1.5L केटली, प्रत्येक 1 यूनिट, ₹1445/- मूल्य का मुफ्त पाएं। स्वच्छ 3 बर्नर गैस स्टोव 25% की छूट पर खरीदें और होस + लाइटर + नाइफ बोर्ड 4 पीस सेट, प्रत्येक 1 यूनिट, ₹885/- मूल्य का मुफ्त पाएं। प्रेस्टीज® का लोगो भारत में टीटीके प्रेस्टीज लिमिटेड का पंजीकृत ट्रेडमार्क है। विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, अपने नज़दीकी प्रेस्टीज एक्सक्लूसिव/डीलर आउटलेट पर जाएं। ऑफ़र 15 दिसंबर 2025 से 20 जनवरी 2026 तक मान्य।

Prestige® Xclusive

Karol Bagh: G-2, Namdhari Chambers, 9/54, Desh Bandhu Gupta Road, Ph: 23528261; **Mehrauli:** 1088/B, Ward No. 1, Near Mehrauli Bus Stand, Near Axis Bank, Ph: 9350913642; **Janakpuri:** C-2/C/180, Pkt 12, Next To Janak Shoes, Near Central School, Ph: 9873628285, 42433544; **Lajpat Nagar:** J-39, Market Marg, Central Market, Lajpat Nagar II, Opp. Duro flex Experience Centre, Ph: 8178265614;

Also Available At: South Delhi: Lajpat Nagar: National Bartan Bhandar, Ph: 9810033889; **Madangir:** Soni Light House, Ph: 9810095353; **Yusuf Sarai:** Laxmi Crockery, Ph: 9910380382; **Bhogal:** Jain Bartan Bhandar, Ph: 9311177403; **West Delhi: Moti Nagar:** Bhutani Bartan, Ph: 9212157389; Ahuja Bartan Store, Ph: 9810038030; **Mahaveer Enclave:** Shree Radhey Kitchenware, Ph: 9350562319; **Tilak Nagar:** Preet Kitchen, Ph: 9213510686; **Uttam Nagar:** Gift House, Ph: 9212517767; Jain Electronics & Gift Center, Ph: 9911584442; Dwarka Sec 7, Shree Balaji Traders, Ph: 8285556666; **North Delhi: Nangloi:** Laxmi Bartan Bhandar, Ph: 9310219573; **Wazirpur:** Ashoka Steel, Ph: 9810029735; **Rohini:** Garg Electrical, Ph: 8750619223; **Narela:** Anand Prakash & Sons, Ph: 9350169836; **Burari:** Shri Balaji Bartan, Ph: 9899904965; JR Mart, Ph: 7011137350; **Central Delhi: Deputy Ganj:** Gandhi Steel Center, Ph: 9810296531; **Sadar Bazar:** Khanna Sales, Ph: 9811961889; **East Delhi: Laxmi Nagar:** Sharma Kitchenware, Ph: 9654486957; **Rohtash Nagar:** Aggarwal Bartan, Ph: 9311522222; Aditi Departmental Store, Ph: 9555649555;

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 27-12-2025 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH08 User: cci Time: 12-26-2025 23:01 Color:

महानगर में आज



रंगमंच उत्सव
SCUI ऑडिटोरियम में NSD का विंटर थिएटर फेस्टिवल, सिरीफोर्ट रोड, शाम 6 बजे से। NSD रैपर्टरी कंपनी के इस फेस्ट में आज नाटक 'माई री मैं का से कहूं' का मंचन होगा।

नृत्य परंपरा
इंडिया हैबिटेट सेंटर में 'गुरु देव प्रसाद नृत्य परंपरा', स्टाइन ऑडिटोरियम, शाम 7 बजे से। कलाकारा अनन्या कानन की भरतनाट्यम प्रस्तुति और अहमद हुसैन-मोहम्मद हुसैन की आवाज में गजलों और सेमी क्लासिकल म्यूजिक से सजी शाम का आनंद ले सकते हैं।

कटिंग एज
इंडिया हैबिटेट सेंटर में आर्ट एग्जिबिशन 'कटिंग एज', विजुअल आर्ट एग्जिबिशन, लोदी रोड, सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक। इस पेंटिंग और स्कल्पचर एग्जिबिशन में कलाकारा वद्रा भट्ट, दीपिका साहा, सोनाली मित्रा पॉल, मृणाका पॉल आदि के आर्टवर्क देखे जा सकते हैं।

छोटी-छोटी खुशियां
त्रिवेणी कला संगम में आर्ट एग्जिबिशन 'छोटी-छोटी खुशियां', मंडी हाउस, सुबह 11 से शाम 7 बजे तक। कलाकारा शीला घमडिया ने अपनी इस एग्जिबिशन के साथ अपने भाव स्कल्पचर में उतारे हैं।

सिटी में हो रहे इवेंट्स की जानकारी हमें भेजें nbtreader@timesofindia.com पर

11 से 13 जिले, नए नक्शे के हिसाब से होगी अब जनगणना

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

दिल्ली में अब 11 के बजाय 13 जिले हो गए हैं। दिल्ली सरकार के अंतर्गत आने वाले राजस्व विभाग ने नए जिलों के गठन को लेकर अधिसूचना जारी कर दी है। जिलों की संख्या बढ़ने के साथ अब SDM ऑफिस भी 33 की जगह 39 हो जाएंगे। अधिसूचना के अनुसार, जिला प्रशासनिक ढांचे में यह बदलाव तत्काल प्रभाव से लागू हो गए हैं। अब दिल्लीवाले इन्हीं जिलों की सीमा के हिसाब से डीएम ऑफिस में प्रमाण पत्र और संपत्ति पंजीकरण के लिए आवेदन करेंगे। अगले साल होने वाली जनगणना भी अब नए जिलों के हिसाब से होगी।

DM ऑफिस बनेंगे मिनी सचिवालय, 39 SDM संभालेंगे जिम्मेदारी

विभागों के बीच बेहतर समन्वय के लिए MCD के 12 जोन और प्रशासनिक जिलों की सीमा को मिलाकर 12 जिले बनाए गए हैं, जबकि NDMC और दिल्ली कैंट को मिलाकर 13वां जिला बनाया गया है। सरकार का मानना है कि यह फैसला प्रशासनिक व्यवस्था को मजबूत और जन सुविधा केंद्रित बनाने की दिशा में उठाया गया है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, राजस्व विभाग ने जिले के गठन के साथ उनके नए पते पर तय कर लिया है। कई जिले के कार्यालय फिलहाल मौजूदा ऑफिस ही बने रहेंगे, लेकिन कई के नए ऑफिस मौजूदा MCD के जोन ऑफिस को DM कार्यालय में तब्दील किया गया है। सरकार DM ऑफिसों को मिनी सचिवालय के रूप में विकसित करेगी।

जिला डीएम ऑफिस का एड्रेस

- साउथ-ईस्ट ओल्ड बार्गी कॉलेज बिल्डिंग, लेडी श्री राम कॉलेज के पीछे, लाजपत नगर-IV
- पुरानी दिल्ली दरियागंज में मौजूदा ऑफिस
- नॉर्थ डिविजनल कमिश्नर ऑफिस, 5 शाम नाथ मार्ग
- नई दिल्ली जामनगर हाउस, शाहजहां रोड, नई दिल्ली
- सेंट्रल फ्लैटेड फैक्ट्री कॉम्प्लेक्स बिल्डिंग, झंडेवालान
- सेंट्रल-नॉर्थ ओल्ड मिडिल स्कूल बिल्डिंग, लॉरेंस रोड, रामपुरा
- साउथ-वेस्ट डीसी ऑफिस कॉम्प्लेक्स, कापसहेड़ा
- आउटर-नॉर्थ डीएम ऑफिस कॉम्प्लेक्स, अलीपुर
- नॉर्थ वेस्ट डीसी ऑफिस कॉम्प्लेक्स, कहावला
- नॉर्थ ईस्ट डीसी ऑफिस कॉम्प्लेक्स, नंद नगरी
- ईस्ट एल.एम. बंध, शास्त्री नगर गीता कॉलोनी
- साउथ एम.बी. रोड, साकेत
- वेस्ट प्लॉट न. 3, शिवाजी प्लेस, राजा गार्डन

जनगणना अगले साल

दिल्ली में अगले साल शुरू होने वाली जनगणना भी नए जिलों की सीमाओं के हिसाब से की जाएगी। वर्ष 2011 में हुई जनगणना 11 जिलों के आधार पर हुई थी, लेकिन इस बार 13 जिलों के अनुसार आंकड़े जुटाए जाएंगे। वर्ष 2026 में यह जनगणना फरवरी के बाद शुरू होगी। पहले चरण में संपत्तियों की जनगणना की जाएगी। सरकार का कहना है कि नए प्रशासनिक ढांचे के अनुसार, जनगणना होने से विकास से जुड़ी योजनाएं बनाने में आसानी होगी।

प्राइवेट स्कूलों में अप्लाई का आज आखिरी मौका


AI Image

नर्सरी एडमिशन। 23 जनवरी 2026 को सभी स्कूल बच्चों की पहली लिस्ट जारी करेंगे

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

दिल्ली के 1770 प्राइवेट स्कूलों में नर्सरी के लिए फॉर्म भरने का आज आखिरी दिन है। अकैडमिक सेशन 2026-27 के लिए सभी प्राइवेट स्कूलों के लिए पैरंट्स 27 दिसंबर तक ऐप्लिकेशन जमा कर सकेंगे। इसके बाद 23 जनवरी 2026 को सभी स्कूल चुने गए बच्चों की पहली लिस्ट जारी करेंगे। इस साल शिक्षा निदेशालय ने एडमिशन की लास्ट डेट 19 मार्च तय की है।

नर्सरी के लिए अब 1770 प्राइवेट स्कूलों की लिस्ट शिक्षा निदेशालय की वेबसाइट में दी गई। शुरुआत में 1758 स्कूल थे। हालांकि, 1770 स्कूलों में से 106 स्कूलों ने अपना एडमिशन क्राइटेरिया अब तक अपलोड नहीं किया और ना ही निदेशालय ने इस स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई की है।

स्कूलों का कहना है कि अगर पैरंट्स ज्यादा से ज्यादा और नजदीक से नजदीक स्कूलों को फोकस करेंगे तो सीट पक्की हो सकेगी। दूरी, सिब्लिंग, अल्मनाई- इन तीन खास पैमाने के अलावा गर्ल चाइल्ड, फर्स्ट बॉर्न जैसे क्राइटेरिया पर नर्सरी के दाखिले हो रहे हैं। 9 जनवरी को सभी प्राइवेट स्कूल अप्लाई करने वाले सभी बच्चों की लिस्ट और 16 जनवरी को 100 पॉइंट क्राइटेरिया के तहत सभी बच्चों की मार्क्स लिस्ट वेबसाइट पर अपनी अपलोड करेंगे। पहली लिस्ट और वेटिंग लिस्ट 23 जनवरी को आएगी।

बेहतर होगी बिजली, पानी सप्लाई: चहल

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: NDMC एरिया में बिजली और पानी की सप्लाई को बेहतर, भरोसेमंद और सुचारु बनाने के उद्देश्य से कई योजनाओं पर काम किया जा रहा है। परिषद के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने इसे लेकर विस्तृत जानकारी साझा की। चहल ने बताया कि NDMC क्षेत्र में बिजली आपूर्ति को मजबूत करने के लिए केंद्र सरकार की योजना को लागू किया जा रहा है। इसके तहत चार प्रमुख कार्य किए जा रहे हैं, जिनमें प्रोजेक्ट मैनेजमेंट एजेंसी की नियुक्ति, लॉस कम करने के तहत 11 केवी पैनलों को बदला जाएगा। इसके अलावा स्मार्ट मीटर भी लगाए जाएंगे। इसी तरह पानी की आपूर्ति सुदृढ़ करने के लिए पुराने आरके आश्रम मार्ग स्थित नव आवंटित प्लॉट पर 24x7 वॉटर सप्लाई कंट्रोल रूम का निर्माण किया जाएगा।

बांसेरा में आज नहीं होगी पब्लिक एंट्री

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : हॉट एयर बलून राइड का मजा लेने वाले इस शनिवार को मायूस रहेंगे। DDA की जानकारी के अनुसार शनिवार को एक कार्यक्रम के चलते बांसेरा में आम लोगों की एंट्री बंद रहेगी। मिली जानकारी के अनुसार डीडीए का यहां इंटरनल इवेंट चल रहा है। इसके समापन तक पब्लिक की एंट्री बंद रहेगी। 28 दिसंबर रविवार को आम लोगों की एंट्री यहां शुरू कर दी जाएगी।

भारत मंडपम् में होगा राम कथा का आयोजन

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेन्द्र गुप्ता और आचार्य लोकेश ने शुक्रवार को बताया कि नए साल में 17 से 25 जनवरी के बीच भारत मंडपम के मल्टीपर्पज हॉल में नौ दिवसीय रामकथा का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन 'विश्व शांति मिशन' के अंतर्गत किया जा रहा है, जिसमें अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त राम कथा वाचक मोरारी बापू द्वारा कथा वाचन किया जाएगा।

17 से 25 जनवरी तक मल्टीपर्पज हॉल में होगा आयोजन

AAP नेताओं ने अशोभनीय और निंदनीय काम किया: रविंद्र इंद्राज

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी के नेता सौरभ भारद्वाज, संजीव झा और आदिल अहमद खान के खिलाफ धार्मिक भावनाओं को आहत करने के मामले में पुलिस द्वारा FIR दर्ज किए जाने पर दिल्ली सरकार के मंत्री रविंद्र इंद्राज ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा है कि यह घटना AAP की उस छोटी सोच और राजनीतिक हताशा को उजागर करती है जिसमें धर्म, आस्था और धार्मिक आयोजनों को गंभीरता से नहीं, बल्कि मजाक और सस्ती लोकप्रियता के माध्यम के रूप में देखा जाता है।

रविंद्र इंद्राज के अनुसार, AAP के जिन तीन नेताओं पर FIR दर्ज हुई है, उन्होंने धार्मिक आस्था के साथ खिलवाड़ करके बहुत अशोभनीय और निंदनीय काम किया है। यह किसी भी सभ्य समाज और किसी भी धर्म के लिए स्वीकार्य नहीं हो सकता। धर्म व्यक्ति की निजी आस्था का विषय होता है और उसका उपहास उड़ाना सामाजिक सौहार्द को नुकसान पहुंचाने वाला कृत्य है। उन्होंने कहा कि लंबे समय तक सत्ता में बने रहने के बाद अब जब जनता ने AAP को नकार दिया है तो उसके नेता सुर्खियों में बने रहने के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार हैं। धार्मिक आयोजनों और आस्थाओं का मजाक बनाना इसी कुंठित राजनीति का परिणाम है। यह न केवल गैर-जिम्मेदाराना है, बल्कि एक जनप्रतिनिधि की गरिमा के खिलाफ भी है। दिल्ली सरकार हरसंभव प्रयास कर रही है कि सभी धर्मों और उनकी परंपराओं का सम्मान हो। BJP की सरकार में सभी धार्मिक समुदायों के सभी पर्वों को संवैधानिक और संस्थागत संरक्षण प्रदान किया जा रहा है।

यमुनापार में बनेगा एक और एलिवेटेड रोड, जाम से राहत मिलने की उम्मीद

Rajesh.Saroha@timesofindia.com

AI Image

■ **नई दिल्ली:** दिल्ली सरकार बिहारी कॉलोनी (ईस्ट दिल्ली) से ट्रेन नंबर-एक पर टेल्को टी पॉइंट तक एलिवेटेड रोड बनाने की योजना बना रही है। पिछले दिनों दिल्ली सरकार के PWD मंत्री प्रवेश वर्मा और यमुनापार विकास बोर्ड के चेयरमैन अरविंदर सिंह लवली ने ट्रेन का निरीक्षण भी किया था। ट्रेन पर एलिवेटेड रोड बनने से आसपास की चार विधानसभाओं में रहने वाले के साथ-साथ हर दिन स्वामी दयानंद मार्ग से गुजरने वाले लाखों लोगों को ट्रैफिक जाम से छुटकारा मिल जाएगा।

स्वामी दयानंद मार्ग (स्वर्ण सिनेमा रोड) पर लोगों को भयंकर ट्रैफिक जाम का सामना करना पड़ रहा है। यहां ट्रैफिक की मुख्य वजह थोड़ी-थोड़ी दूरी पर बनी रेडलाइट को माना जा रहा है। आजाद नगर रेडलाइट पर तो अक्सर इतना लंबा जाम लगता है कि लोगों को यह रेडलाइट पार करने में पसीने छूट जाते हैं। यह रेडलाइट पार करते ही स्वर्ण सिनेमा रेडलाइट पर दोनों तरफ टू-वीलर लेकर खड़े लोग ट्रैफिक की रफ्तार रोक देते हैं। इसके बाद विश्वास नगर और कृष्ण नगर की रेडलाइट ट्रैफिक का फ्लो तोड़ देती है। इस रेडलाइट को पार करने के बाद गाड़ी जैसे ही रफ्तार पकड़ती है तब तक जगतपुरी रेडलाइट आ जाती है। इतना ही नहीं इसके बाद मधु विहार और उससे थोड़ा आगे आईपी एक्सटेंशन उत्सव ग्राउंड वाली रेडलाइट ट्रैफिक की रफ्तार में बाधा बनती है। इस तरह से लोगों को बिहारी कॉलोनी से टेल्को टी पॉइंट तक पहुंचने में ही 35-40 मिनट लग जाते हैं।

कृष्णा नगर निवासी विजय शर्मा ने बताया कि ट्रेन नंबर एक पर एलिवेटेड रोड बनाने के लिए वह पिछले कई सालों से प्रयास कर रहे थे। इसके लिए उन्होंने केंद्रीय मंत्री हर्ष मल्होत्रा, प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, एलजी वीके सक्सेना, सीएम रेखा गुप्ता और यमुनापार विकास बोर्ड के चेयरमैन अरविंदर सिंह लवली को भी कई लेटर लिखे जिससे स्वामी दयानंद मार्ग पर लगने वाले ट्रैफिक जाम को खत्म किया जा सके। उन्होंने कहा कि मुझे इस बात की खुशी है कि अब जाकर सरकार ने इस ओर ध्यान दिया।

घिटोरनी की 42.46 एकड़ ज़मीन का होगा बराबर बंटवारा

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड और दिल्ली सरकार के बीच सुल्तानपुर/घिटोरनी गांव की 42.46 एकड़ जमीन से संबंधित एक लंबे समय से लंबित मुकदमे के समाधान के लिए समझौता हो गया है। उप-राज्यपाल विनय कुमार सक्सेना की अध्यक्षता में हुई एक बैठक में इस समझौते के संबंध में निर्णय लिया गया। एलजी और सरकार से अनुमोदन मिलने के बाद एनबीसीसी घिटोरनी स्थित 21.23 एकड़ के भूखंड को डिवेलप कर सकेगी।

शर्तों के अनुसार, कुल 42.46 एकड़ भूमि को एनबीसीसी और सरकार के बीच समान रूप से विभाजित किया जाएगा, जिसके बाद एनबीसीसी के हिस्से में 21.23 एकड़ भूमि आएगी। इसके लिए एनबीसीसी को हिस्सेदारी से संबंधित बकाया भुगतान करना होगा। एनबीसीसी लैंड एंड बिल्डिंग विभाग को 135 करोड़ का एकमुश्त भूमि प्रीमियम और 15 करोड़ की एकमुश्त ब्याज राशि समेत कुल 150 करोड़ का भुगतान करेगी। इस प्रीमियम पर वर्ष 2006 से 2.5% प्रतिवर्ष की दर से भूमि किराया के बकाया का भी भुगतान किया जाएगा। इस तरह सभी मदों में कुल 220 करोड़ का भुगतान किया जाएगा। एनबीसीसी पहले से हस्तांतरित भूमि के हिस्सों के लिए डीएमआरसी द्वारा भुगतान किए गए 2.82 करोड़ और एनबीओ से मिली किसी भी प्रीमियम राशि की भरपाई करेगा। भुगतान पूरा होने पर दिल्ली सरकार 21.23 एकड़ भूमि एनबीसीसी के सुपुर्द करेगी।

NBCC और दिल्ली सरकार के बीच हुआ समझौता

स्वीकृत शर्तों के तहत, एनबीसीसी मास्टर प्लान-2021 के अनुरूप इस जमीन पर विकास कार्य कर सकेगी। इसके अंतर्गत शहर की जोनिंग के हिसाब से वहां मिक्स लैंडयूज डिवेलपमेंट की अनुमति होगी, जिससे एनबीसीसी को लगभग 8500 करोड़ रुपये का राजस्व मिलने की संभावना है। जल्द ही हाई कोर्ट को समझौते की जानकारी देकर एनबीसीसी याचिका वापस लेने के लिए आवेदन दाखिल करेगी।

कांग्रेस ने सहेली कार्ड पर उठाए सवाल

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

बसों में महिलाओं के लिए फ्री यात्रा के मद्देनजर पिंक कार्ड जारी करने की योजना को लेकर प्रदेश कांग्रेस ने बीजेपी सरकार को निशाने पर लिया है। प्रदेश कांग्रेस का आरोप है कि जिस प्रकार महिलाओं को हर महीने 2500 रुपये देने की घोषणा अब तक जमीन पर नहीं उतर पाई है, ठीक उसी तरह पिंक सहेली कार्ड को लेकर भी सवाल हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा है कि इन दोनों योजनाओं को लेकर महिलाएं कई महीनों से इंतजार कर रही हैं, लेकिन इंतजार अब भी जारी है।

देवेंद्र ने मीडिया रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि मेट्रो की तरह डीटीसी के पिंक सहेली कार्ड के ऑपरेशन में एयरटेल और मकिन बैंक की भागीदारी करने का दिल्ली सरकार का आखिर मकसद क्या है? क्यों बीजेपी दिल्ली सरकार के विभागों में प्राइवेट बैंकों की भागीदारी बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि जब 11000 बसों की जरूरत के अनुपात में डीटीसी और क्लस्टर बसें आधी से भी कम हैं, पुरानी और उम्र खत्म हो चुकी बसें लगातार रोड से हटाई जा रही हैं और नई इलेक्ट्रिक बसें घोषणाओं के बावजूद पर्याप्त संख्या में बढ़ाई नहीं जा रही हैं, ऐसे में सरकार महिलाओं को मुफ्त यात्रा की सुविधा कैसे देगी, यह आज सबसे बड़ा सवाल है। उन्होंने कहा कि जनता बसों के इंतजार का कड़वा अनुभव, इससे पहले कभी नहीं देखा होगा, क्योंकि एक बस के लिए हर बस स्टैंड पर दर्जन से भी अधिक व्यक्तियों को घंटों इंतजार तक इंतजार करना पड़ रहा है।

'मन को हमेशा विवेक के प्रकाश से भरकर रखो'

■ NBT न्यूज, नई दिल्ली

हनुमान मंदिर लिंक रोड, करोल बाग सत्संग में महंत ओमगिरि महाराज ने कहा कि मनुष्य का मन कभी खाली नहीं रहता, इसलिए उसे सदा विवेक के प्रकाश से भरकर रखो, ऐसा करोगे तो सारी भटकन मिट जाएगी। विवेक से ही तन और मन दोनों स्वस्थ रहते हैं।

सिद्धपीठ कालकाजी मंदिर में महंत सुरेंद्रनाथ ने कहा कि हमें यह मानव शरीर भगवान की विशेष कृपा से मिला है। इससे ही पुरुषार्थ करके हम भगवान को प्राप्त कर सकते हैं। वहीं प्राचीन संन्यास आश्रम शिव हनुमान मंदिर, पंचकुइयां रोड सत्संग में महंत भोलागिरि महाराज ने कहा कि जो व्यक्ति सही होता है वह सफाई देने में अपना समय खराब नहीं करता। ज्ञानी से बढ़कर कोई और सच्चा हितैषी जीवन में नहीं हो सकता।

निर्वाण दिवस: प्राचीन शिव मंदिर, संध्यापुरी संन्यास आश्रम आईजी स्टेडियम में महंत धीरेंद्रपुरी के सान्निध्य में महंत संध्यापुरी के 49वें निर्वाण दिवस पर समाधिपूजन और भजनों के कार्यक्रम में महंत नवल किशोरदास जी व कंचन गिरि ने भी भाग लिया। भंडारा भी लगाया गया।

भागवत कथा: सीताराम संत सेवा मंदिर, चंदू पार्क के सौजन्य से सामुदायिक भवन एजीसीआर एन्क्लेव में आयोजित भागवत कथा में आचार्य प्रदुम्न कृष्ण-वृंदावन ने कहा कि भागवत हमें याद दिलाती है कि यदि अपना कल्याण चाहते हो तो सत्संग अवश्य करो।

TIMES interact
Connecting People, Connecting Needs.
To book your ad
Logon to: ads.timesofindia.com
or Call: 18001205474 (Toll Free)
Scan QR Code

भर्ती
भर्ती-रिक्त पदों की स्थिति
प्रशासन
डिलवरी बॉय
तत्काल आवश्यकता है कैनन इंडिया लिमिटेड के लिए 25 बाइकर्स का। ओखला एक्सटेंशन, फेस 1, दिल्ली में। फिक्स वेतन + पेट्रोल+ PF+ESI ☎ 9289894754
विपणन, विज्ञापन और बिक्री
विपणन (मार्केटिंग)
आवश्यकता कृषिफैक्ट्री U.P व शिमला आनेजाने वाले सेल्समैन वेतन-22000 सुपरवाइजर वेतन-18000 संपर्क करें 9981846282-CEC, बंगला 23 बी, पटेल नगर मेट्रो-211
अन्य प्रोफेशनल्स
पत्रकार/संपादक
REQ. Exp. English Content Writer & Anchor for Wedding Moments Magazine & YouTube Channel. Attractive Salary. 9871287287
अन्य रिक्तियां
चालक
कम्पनी दिन के Rs. 1000 तक (पार्ट टाइम / फुल टाइम) भारत टैक्सी चालक चलाएं। जॉइन करने के लिए भारत टैक्सी सुझाव ऐप डाउनलोड करें या कॉल करें 011-64801000
रिक्त पद
पार्ट टाइम और फुल टाइम काम के लिए कुछ लोगों की जरूरत है। दिल्ली वाले संपर्क करें : 73079-73687

वैवाहिक
वर चाहिए
सामान्य
दूसरा विवाह
Qualified, Elegant, Well Placed, Cultured Family.
1986 Born, 5'4", 50 kgs, C.S. & Fin. Plg. Head of MNC, Non- Consummated Marriage, Flexible Brahmin looking for an Equal Match. Caste No Bar
SUDHIR BHATT
9920099889 / 9619101019 / 20
sudhirmatrim@gmail.com

BOOK YOUR CLASSIFIED ADS
• FOR TENDER & NOTICE ADS PLEASE CONTACT AMAN : 9312633518
• FOR RECRUITMENT ADS PLEASE CONTACT AMIT : 9811790649

प्रॉपर्टी
प्रॉपर्टी ऐन्सलेरीज
वाणिज्यिक परिसर (अचल संपत्ति)
ग्राम फोलाड चौक सिटी पार्क एक्सप्रेस महल अजमेर रोड जयपुर-मंगलम वर्ल्ड सिटी के पीछे 250-1500 गज प्लॉट खरीदने (Neha sharma) 7412039999
व्यक्तिगत
नाम परिवर्तन
I, Ubaid Ur Rahman Khan, S/o Mrs. Nuzhat Sultana, R/o Flat 101, D-3 & D-4, 1st Flr, Thokar-3, Abul Fazal Enclave, Pt-2, New Delhi-110025, declare Ubaidur Rahman and Ubaid UR Rahman Khan are the same person; my correct name is Ubaid UR Rahman Khan, vide Affidavit No. IN-DL 19472890838912X, dated 23-12-2025, before Rakesh Kaushal, Public Notary. I further declare MD Ataur Rahman Khan and Ataur Rahman Khan are the same person; my father's correct name is MD Ataur Rahman Khan, vide Affidavit No. IN-DL19483254872793X, dated 23-12-2025, before Rakesh Kaushal, Public Notary.
I, Rohit Teotia S/o Ramveer Singh R/o B-606 Platinum 321 Rajnagar Ext. Ghaziabad have changed my name to Rohit Kumar Teotia for all purposes.
खोया एवं पाया
I MR.SURINDER SINGH GANDHI S/O KARTAR SINGH GANDHI & Mrs. RAMINDER KAUR Both R/O House No B-501, 5th floor, sector-5 Plot No.5 Dwarka New Delhi, Dwarka Sec-6, Dist: South west Delhi, Delhi- 110075, have lost original Buyer's Agreement and Possession Letter of Flat No. NGH-183, Dlf New Town Heights Sector 90, Gurgaon, Haryana 122004.
I, Archana Nair W/o Suresh Gopal Krishnan Nair, have lost my property papers of 558, Shalimar Garden Extension-1, Ghaziabad, U.P., Ghaziabad-201005, property papers on the name of Bhagwati Devi, Tirath Das Madan, Chandra Sekhar Jha and VS Gopal Krishnan vide file no.- 1265, bahi no-1, page no- 6343 dated 29/10/1966 and 7-8-67 bahi no-1, file no-1351, page no-256/257, document no-6151 dated 31/10/1967 and (Chandra Sekhar Jha) vide dated 28/01/1981 bahi no-1, file no-2655, page no-292/296, document no- 1467 dated 31/01/1981 and bahi no- 1, file no-3675, page no-6/8, document no - 23306 dated 19/05/1986. Finder may contact above address or 9818102087

टेंडर और नोटिस
निविदाएं (टेंडर्स)
बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda
पश्चिमी दिल्ली क्षेत्र, बैंक ऑफ बड़ौदा ... नई दिल्ली-110001
निविदा
[illegible]
क्षेत्रीय प्रमुख, पश्चिमी दिल्ली क्षेत्र

HEALTH & WELLNESS
CONTACT HAPPY MARRIAGE LIFE डा.शेरा फरीदाबाद 9410000016
SEX PROBLEMS? सैक्स समस्याएं कैसी भी स्त्री-पुरुष-कमजोरी (सफेद पानी) बे-औलाद? मिलें-सलाह लें Since-1986 कौशिक क्लिनिक मैट्रो पोल नं. 671, उत्तमनगर, दिल्ली-59 9810-272-172
निःसंतान शुक्राणुओं की कमी धात, स्वप्नदोष, सैक्स प्रा. आदि गुप्त रोगों के लिए चेतन आयुर्वेदा बदरपुर दरियागंज भजनपुरा छतरपुर 9817469817
SEX PROBLEM बचपन की गलतियों के कारण आयी सभी सेक्स समस्याओं के समाधान के लिए हमारी सलाह द्वारा दवा का सेवन करें और 15 ही दिन में फर्क देखें सिर्फ ₹955 घर बैठे दवा मंगवायें सन्यासी आयुर्वेदा मंगोलपुरी कालकाजी फ्री सलाह: 8527001155
सैक्स समस्याएं मर्दाना कमजोरी शीघ्र पतन शुक्राणु की कमी गुप्त रोगी मिलें: नवीन क्लीनिक PNB BANK 9811564909 9210990444
भरपूर शक्ति एवं सुखी विवाहित जीवन के लिए स्वयं मिलें अशोक क्लीनिक 9811092140

Readers are recommended to make appropriate enquires and seek appropriate advice before sending money, incurring any expenses, acting on medical recommendations or entering into any commitment in relation to any advertisement published in this publication. All creatives marked as Advertorial, Spotlight and Promotional Features are to be treated as Advertisements. The Times of India Group doesn't vouch for any claims made by the Advertisers of the products and services. The Printer, Publisher, Editor, and the owners of The Times of India Group publications shall not be held liable for any consequences, in the event such claims are not honoured by the Advertisers.

MISSION / ADMISSION
Association of Holistic, Spiritual & Astrological Sciences (Regd.)
व्यावहारिक ज्योतिष पाठ्यक्रम LEARN
PRACTICAL ASTROLOGY, PALMISTRY, LAL KITAB, NUMEROLOGY, VASTU, TAROT, SPIRITUAL HEALING, K.P & FACE READING
Classes Every Sunday by 40 Yrs Experienced Faculty
Now online classes only @ googlemeet app
at J.V.S.D. Girls Sr. Sec. School, Opp. Hanumanji Statue, Jhandewalan, Karol Bagh, New Delhi-110005
Visit: www.ahsasastrology.in Email: ahsasastro@gmail.com
Call: 9971847941 (what's app), 9810632139 | 7011304511

TIMES interact
TO ADVERTISE IN THE CLASSIFIEDS SECTION, FOR ANY OF THE BELOW MENTIONED CATEGORIES
MATRIMONIAL | BUSINESS | PROPERTY
RECRUITMENT, EDUCATION | SHOPPING | SERVICES, VEHICLES, TRAVEL
TENDER, PUBLIC NOTICE | CHANGE OF NAME, LOST & FOUND | BIRTHDAY/ ANNIVERSARY ADS
Please call us at the below mentioned nos.

Area / Zone	Contact Person	Mobile No.	Area / Zone	Contact Person	Mobile No.
Central Delhi1 + North Delhi	Amit Ghosh	98117 90649	South Delhi + Faridabad + Noida	Raghav Arora	99999 95460
Central Delhi2 + Ghaziabad + East Delhi	Sunil Srivastava	99994 99496	West Delhi + Dwarka + Gurgaon	Aman Pasricha	93126 33518

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 27-12-2025 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH09 User: cci Time: 12-26-2025 22:53 Color:

2026 LOADING... **नई उम्मीद**

NBT की नज़र में यह साल

अलविदा 2025

जोश, जीत, जश्न, मगर जंजाल भी कम नहीं

इससे पहले कि हम साल 2025 को अलविदा कहें, आइए आपके प्रिय अखबार नवभारत टाइम्स के जरिए नजर डालते हैं ऐसी घटनाओ पर, जिनके लिए यह साल याद रहेगा।

महाकुंभ: 13 जनवरी से 26 फरवरी तक प्रयागराज में महाकुंभ हुआ। इस दौरान अमृत स्नान के दौरान लोगों की संख्या ने नए रेकॉर्ड बनाए।

No Tax: 1 फरवरी को लाखों लोगों को खुशियां मिलीं, जब सैलरीड क्लास को 12.75 लाख तक की आमदनी पर टैक्स से राहत मिली।

दिल्ली में BJP सरकार: 8 फरवरी को आए दिल्ली विधानसभा चुनाव के रिजल्ट में BJP ने 27 साल बाद की वापसी।

प्लेन क्रैश: 12 जून को अहमदाबाद एयरपोर्ट से उड़ान भरते ही एयर इंडिया का विमान क्रैश हो गया। ढाई सौ लोग मारे गए।

चैंपियंस ट्रॉफी: 9 मार्च को कैप्टन रोहित शर्मा के नेतृत्व में भारत ने फाइनल में न्यूजीलैंड को हराया और 12 साल बाद यह ट्रॉफी जीती।

पहलगाम हमला: 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों ने ताबड़तोड़ गोलियां चलाकर 26 लोगों को मार डाला था।

ऑपरेशन सिंदूर: 6-7 मई की रात भारत ने पहलगाम हमले के आतंकियों के पनाहगाहों पर पाकिस्तान के अंदर हवाई हमले किए।

स्पेस में भारतीय: 25 जून को 41 साल बाद ग्रुप कैप्टन शुभांशु स्पेस में जाने वाले दूसरे, ISS पर पहुंचने वाले पहले भारतीय बने।

बिहार में NDA: 14 नवंबर को बिहार चुनाव में BJP की अगुआई वाले NDA ने 95% स्ट्राइक रेट के साथ जीत हासिल की। नीतीश कुमार फिर मुख्यमंत्री बने।

GST 2.0: 22 सितंबर को गाड़ी से लेकर चॉकलेट, स्नैक्स, बिस्किट, गारमेंट तक पर GST से राहत मिली। लाइफ, हेल्थ इंश्योरेंस पर 18% GST खत्म हो गया।

ICC विमिंस क्रिकेट वर्ल्ड कप: 2 नवंबर को हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने विश्व विजेता का ताज अपने सिर सजाया।

धमाका: 10 नवंबर को दिल्ली में लाल किले के पास कार में धमाके ने देश को हिलाकर रख दिया। इस घटना में 13 लोगों की मौत हो गई। एजेंसियों ने इसे आतंकी साजिश करार दिया।

दिल्ली : महानगर : महाकवरेज

केशवपुरम। मंगोलपुरी। सुल्तानपुरी। किराड़ी। बवाना। बुराड़ी। भलस्वा। निरंकारी कॉलोनी। प्रशांत विहार। सरस्वती विहार। रानी बाग। सुखदेव विहार। श्रीनिवासपुरी। अमर कॉलोनी। राज नगर। सीतापुरी। मटियाला। डाबड़ी। कैलाशपुरी। छावला। हसनपुर। मधुविहार। आईपी एक्सटेंशन। मिंटो रोड। सिंघु बॉर्डर

25 अफसर बचा पाएंगे दिल्ली को 'अग्निकांड' के खतरे से?

■ नवीन निश्छल, नई दिल्ली

AI Image

■ फर्स्ट रिस्पॉन्डर स्टेशन ऑफिसर्स को ही बिल्डिंग प्लान से रखा अनजान

■ होटल, रेस्टोरेंट, पब, नाइट क्लब की संख्या 5000 से भी ज्यादा है

दिल्ली के दूसरे मेट्रो शहर या फिर अलग लोकेशन पर जब आग की कोई बड़ी घटना होती है, तो उसका असर दिल्ली तक पहुंचता है। स्कूल, हॉस्पिटल, होटल हो या क्लब। गोवा हादसे के बाद दिल्ली फायर ब्रिगेड के टॉप ऑफिसर यहां निरीक्षण को लेकर एक्शन में है। लेकिन फायर सर्विस से जुड़े एक्सपर्ट और जानकारों का कहना है कि दिल्ली फायर सर्विस का जो बैकबोन (स्टेशन ऑफिसर) है, उसी को नजरअंदाज किया जा रहा है।

आग की घटना पर वही स्टेशन ऑफिसर फर्स्ट रिस्पॉन्डर के रूप में टीम के साथ सबसे पहले पहुंचता है। लेकिन निरीक्षण के समय वह उसका हिस्सा क्यों नहीं होता है? सूत्रों का कहना है कि आग की जब शुरुआत होती है, तो एसटीओ ही सबसे पहले तय करता है कि उस जगह की क्या स्थिति है, क्या करना चाहिए? लेकिन दुर्भाग्य यह है कि इसी स्टेशन ऑफिसर को अपने इलाके में किसी बिल्डिंग का निरीक्षण करना हो तो वहां पर उसे उसमें शामिल नहीं किया जाता है। जबकि फायर सर्विस नियम में इसका उल्लेख किया हुआ है।

दिल्ली फायर सर्विस के कई वर्तमान और कई रिटायर्ड फायर ऑफिसर भी इस बात से इत्तेफाक रखते हैं कि यह नहीं होना चाहिए। स्टेशन ऑफिसर को निरीक्षण में शामिल किया जाना चाहिए। जिससे वह जितना आग को बुझाने को लेकर जिम्मेदार हो, उतना ही घटना को लेकर भी जिम्मेदार होगा। यह तभी हो पाएगा जब वह बिल्डिंग, फैक्ट्री, होटल, क्लब के निरीक्षण में शामिल होगा। जिससे उन्हें पता रहेगा कि किस बिल्डिंग के अंदर कहां पर क्या है, क्या नहीं, कैसे क्या करना चाहिए? दिल्ली सरकार के आदेश पर दिल्ली फायर सर्विस ने न्यू ईयर को लेकर होटल, रेस्टोरेंट, पब, नाइट क्लब इत्यादि में जांच करने के आदेश दिए। जिन एडीओ/डीओ को जांच के लिए कहा गया, उनकी संख्या कुल 25 के आसपास है। ऐसे में ये रैंडमली सिर्फ सरप्राइज विजिट करके जांच कर सकते हैं। सब जगह जांच करना मुश्किल है, क्योंकि ऐसे होटल, रेस्टोरेंट, पब, नाइट क्लब की संख्या 5000 से भी काफी ज्यादा है।

फायर ऑफिसरों का कहना है कि स्टेशन ऑफिसर जो वर्तमान में 23 के आसपास हैं, इनकी भी मदद लेनी चाहिए। जिससे फायर ऑफिसरों की गिनती भी बढ़कर डबल हो जाएगी और निरीक्षण और तेजी से होगा। जो 23 स्टेशन ऑफिसर दिल्ली फायर सर्विस के हैं, उनमें से कई तो हाई क्वालिफाइड भी हैं और वे फायर की कई ट्रेनिंग भी ले चुके हैं।

जब दिल्ली में अर्पित होटल हादसा हुआ था, जिसमें 17 लोगों की मौत हो गई थी। उस मामले में जब जांच हुई तो तत्कालीन स्टेशन ऑफिसर से पूछा गया था। उन्होंने यही जवाब दिया था कि उस बिल्डिंग में वह पहली बार गए थे। उन्हें पता ही नहीं था कि सीढ़ी कहां है, किचन कहां है, इमरजेंसी एग्जिट का गेट कहां है। बाकायदा इसकी लिखित जानकारी जांच कमेटी के सामने दी थी। लेकिन उस हादसे को बीते काफी अरसा हो गया, डिपार्टमेंट ने फिर भी ध्यान नहीं दिया।

मकोका में वॉन्टेड गैंगस्टर के पत्नी-बेटे गिरफ्तार, हत्या की कोशिश का केस दर्ज

Shanker.Singh@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: नॉर्थ ईस्ट दिल्ली की गैंगवॉर के अहम किरदार गैंगस्टर साबिर चौधरी को एक और झटका लगा है। सीलमपुर पुलिस ने उसकी पत्नी फैमिदा और बेटे समीर चौधरी को गिरफ्तार किया है। इनपर सीलमपुर थाने में हत्या का प्रयास का केस दर्ज हुआ है। दोनों के अलावा कई अन्य भी आरोपी हैं, जिनकी तलाश में पुलिस छापेमारी कर रही है। जख्मी राशिद की जीटीबी अस्पताल में सर्जरी करानी पड़ी है। आरोपी समीर पर सीलमपुर थाने में 2021 में भी फायरिंग का एक केस दर्ज मिला है।

राशिद उर्फ छोटा राशिद (35) परिवार समेत न्यू सीलमपुर में रहते हैं। अपना कारोबार करते हैं। उन्होंने पुलिस को बयान दिया कि वह 22 दिसंबर की रात करीब 10:30 बजे के-ब्लॉक की झुग्गियों में एक रिश्तेदार से मिलने गए थे। वह के-ब्लॉक खत्ते के पास पहुंचे तो समीर चौधरी, अशरफ उर्फ फोरी और फैमिदा समेत कुछ अन्य लोग मिले। फैमिदा ने उन्हें देखते ही कहा, "मारो, ये हमारा दुश्मन है।" इतना सुनते ही नईम, अशरफ उर्फ फोरी, समीर चौधरी, याकूब चौधरी और फिरोज समेत अन्य लोगों ने हमला कर दिया।

दावा है कि समीर और अशरफ ने लोहे की रॉड से सिर पर हमला कर दिया। होश में आने पर उन्होंने खुद को जग प्रवेश चंद्र अस्पताल में पाया। उन्हें जीटीबी अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने पीड़ित राशिद के बयान के बाद केस दर्ज कर लिया। इसके बाद फैमिदा और बेटे समीर को अरेस्ट कर लिया गया।

साबिर पर मकोका-मर्डर समेत 14 केस

पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक, साबिर चौधरी (54) पर मकोका और मर्डर समेत 14 केस हैं। वह 2009 के मकोका से बरी हो गया था। पुलिस का दावा है कि हाशिम बाबा गिरोह के अनवर बाबा और साबिर चौधरी के ऑर्गनाइज्ड क्राइम सिंडिकेट ने बर्तन कारोबारी सुनील जैन की 7 दिसंबर 2024 को फर्श बाजार में हुए हत्याकांड को अंजाम दिया। साबिर इसी केस में लगे मकोका में वॉन्टेड है। नॉर्थ ईस्ट जिला पुलिस ने इसे एक साल के लिए तड़ीपार कर रखा है। वह 2007 में यूपी की खतौली विधानसभा से निर्दलीय चुनाव लड़ चुका है।

डुप्लीकेट चाबियां बना चुराते थे कार

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: ईस्ट डिस्ट्रिक्ट की एएटीएस की टीम ने एक अंतरराज्यीय गाड़ी चोर गिरोह का भंडाफोड़ किया है। यह गिरोह आधुनिक डिवाइस की मदद से डुप्लीकेट चाबियां बनाते थे और लग्जरी कारें चोरी करते थे। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बदायूं (यूपी) निवासी पप्पू उर्फ असलम (26) और मुरादाबाद निवासी कुलदीप (45) के तौर पर हुई है।

जूलरी पर पॉलिश करने के बहाने ठगी

■NBT न्यूज, सरोजिनी नगर: गोल्ड की जूलरी पर पॉलिश चढ़ाने का झांसा देकर ठगी की वारदात करने वाले दो ठगों को सरोजिनी नगर थाना की पुलिस ने गिरफ्तार किया है। डीसीपी अमित गोयल ने बताया कि कैश और वारदात में इस्तेमाल बाइक बरामद हुई है। आरोपियों की पहचान विनोद प्रसाद और मोहम्मद सत्तार के रूप में हुई है।

मोबाइल छीन हो रहे थे फरार, दो पकड़े

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: दरियागंज इलाके में सरेराह बाइक सवार दो बदमाश एक शख्स से मोबाइल छीन कर फरार हो रहे थे। लेकिन गश्त पर निकले पुलिस वालों की उन पर नजर पड़ गई। इसके बाद दोनों बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार बदमाशों की पहचान अजमेरी गेट निवासी मोहम्मद अब्बास और मोहम्मद रिजवान के रूप में हुई है। दोनों पहले से भी कई आपराधिक मामलों में शामिल रह चुके हैं। इनके पास से चार मोबाइल फोन भी बरामद हुए हैं।

सेंट्रल जिला के डीसीपी निधिन वाल्सन ने बताया कि 22 दिसंबर की रात पुलिस वाले वारदात के समय जवाहर लाल नेहरू मार्ग पर ड्यूटी पर तैनात थे।

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार
गोविंद बल्लभ पंत स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान
(जीआईपीएमईआर)
1, जे.एल. नेहरू मार्ग, नई दिल्ली - 110002
दूरभाष संख्या: +91-11-23233001, 23234242
ईमेल: academiccellgipmer@gmail.com,
वेबसाइट: gbpant.delhigovt.nic.in

पोस्ट डॉक्टोरल फेलोशिप एवं पोस्ट डॉक्टोरल सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं

गोविंद बल्लभ पंत स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (पूर्व में जी बी पंत अस्पताल के नाम से जाना जाता था) शैक्षणिक सत्र 15 जनवरी 2026 से शुरू होने वाले पोस्ट डॉक्टोरल फेलोशिप एवं पोस्ट डॉक्टोरल सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों के लिए विभिन्न विशिष्टताओं/विभागों में उक्त पाठ्यक्रम करने हेतु सभी पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है। आवेदन के विस्तृत जानकारी लिंक और बाद के अपडेट के लिए, कृपया संस्थान की वेबसाइट gbpant.delhigovt.nic.in और पत्राचार के लिए ईमेल:- academiccellgipmer@gmail.com पर विजिट करें।
प्रत्येक पाठ्यक्रम के लिए शुल्क रु. 1000/- के साथ आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि:- 07.01.2026 (शाम 5:00 बजे तक)
1. आवेदन इस संस्थान के रजिस्ट्रार, अकादमिक सेल शाखा के कार्यालय में जमा किया जाना है।
2. साक्षात्कार की तिथि: 09.01.2026 को दोपहर 2:00 बजे संबंधित विभाग में।

रजिस्ट्रार अकादमिक सेल
जीआईपीएमईआर
DIP/Shabdarth/Classified/0383/25-26

Admin-12011(14)/6/2025-eoffice
भारत सरकार
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग
(औषधि अनुभाग)
***

केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन पात्र उम्मीदवारों से प्रतिनियुक्ति के आधार पर केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन में नीचे उल्लिखित पद को भरने के लिए आवेदन आमंत्रित करता है। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर होगी।
2. अधिक जानकारी के लिए कृपया सीडीएससीओ की वेबसाइट https://cdsco.gov.in पर जाएं।

क्र. सं.	पद का नाम	7वें सीपीसी के अनुसार वेतन	पदों की संख्या	जिस कार्यालय के लिए पद भरे जाते हैं
1.	प्रधान लिपिक (Head Clerk), अराजपत्रित, अमंत्रालयी	सातवें सीपीसी के वेतन मैट्रिक्स का वेतन स्तर-6 (रु. 35400-112400)	04	केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन

निदेशक (प्रशा.)
सीडीएससीओ, मुख्यालय, स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक,
एफडीए भवन, कोटला रोड, नई दिल्ली – 110002
CBC 17194/11/0020/2526

भारत सरकार
विदेश मंत्रालय
जवाहर लाल नेहरू भवन, 23-डी जनपथ,
नई दिल्ली-110011

विदेश मंत्रालय अनुबंध के आधार पर मंत्रालय के 'वित्त' प्रभाग में परामर्शदाता के रूप में नियुक्ति के लिए इच्छुक उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है।

आवेदन जमा करने की प्रक्रिया के साथ विस्तृत विज्ञापन मंत्रालय की वेबसाइट www.mea.gov.in पर शीर्षक - Careers Vacancies → 2025 (वेब लिंक https://www.mea.gov.in/vacancies.htm) के अंतर्गत उपलब्ध हैं, जिनके शीर्षक 'विदेश मंत्रालय के वित्त प्रभाग में एक परामर्शदाता की नियुक्ति के लिए विज्ञापन' हैं।

आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 16 जनवरी, 2026 (1730 बजे) है।
CBC 14101/11/0023/2526

NOTE : -

[: राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi,]

English NEWSPAPERS
[Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi] ETC.

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.

Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot
Or type in Search box of Telegram
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
BACKUP GROUP LINK
https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1

Hindi-English News Paper
Website:- onlineftp.in